* ओड़िशा संस्करण
09 जनवरी, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 80

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा




## राम मंदिर

प्राण प्रतिष्ठा काउंटडाउन

13 दिन शेष



### न्यूज रील्स

**विकसित भारत संकल्प यात्रा के 50 दिन हुए पूरे**

नयी दिल्ली। विकसित भारत संकल्प यात्रा के 50 दिन पूरे हो गये हैं। यह यात्रा 25 जनवरी तक चलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग से विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बात की। इसमें पीएम अलग-अलग राज्यों के लाभार्थियों से जुड़े। लाभार्थियों से चर्चा करते हुए मोदी ने कहा कि दो दिन पहले ही विकसित भारत संकल्प यात्रा के 50 दिन पूरे हुए हैं। इतने कम समय में इस यात्रा से 11 करोड़ लोगों का जुड़ना अपने आपमें अभूतपूर्व है। इस यात्रा का मकसद समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना है, ताकि उसे सरकारी योजनाओं से जोड़ा जा सके।

**सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस-आप की बैठक**

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने 2024 लोकसभा चुनाव से पहले आइएनडीआइए गठबंधन में शामिल दलों से सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत शुरू कर दी है। कांग्रेस ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) से दिल्ली और पंजाब में सीट बंटवारे पर चर्चा की है। कांग्रेस सांसद मुकुल वासनिक ने बताया कि बैठक में चुनाव से जुड़े कई मुद्दों पर बातचीत हुई। सीट शेयरिंग को लेकर अभी चर्चा हुई है। यह आगे भी जारी रहेगी। इसके बाद ही इस पर अंतिम फैसला लिया जायेगा।

**22 जनवरी को कर्नाटक के सभी मंदिरों में पूजा होगी**

तिरुवनंतपुरम। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने राम मंदिर को लेकर हो रही राजनीति पर कहा कि भगवान राम किसी एक के नहीं हैं। आखिर हम सब हिंदू हैं। सरकार ने 22 जनवरी को कर्नाटक के सभी मंदिरों में विशेष पूजा करवाने का आदेश दिया है। यह पूजा ठीक उसी वक्त होगी, जब अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की जायेगी।

**फ्लिपकार्ट 1,500 कर्मियों की छंटनी करेगी**

नयी दिल्ली। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट कर्मियों की छंटनी करने की योजना बना रही है। फ्लिपकार्ट कॉस्ट कंट्रोल स्ट्रेटजी के हिस्से के रूप में परफॉर्मेंस के आधार पर अपनी वर्कफोर्स में से 5-7 फीसदी की कटौती करेगी। कंपनी की यह छंटनी मार्च-अप्रैल 2024 तक समाप्त होने की उम्मीद है। मिंत्रा को छोड़ कर कंपनी की मौजूदा वर्कफोर्स 22,000 है।

**सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को जारी किया नोटिस**

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को जारी 1.5 लाख करोड़ जीएसटी नोटिस को लेकर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने इसके लिए सरकार को नोटिस जारी कर दो हफ्ते में जवाब देने को कहा है। हालांकि कोर्ट ने सरकार की ओर से जारी टैक्स नोटिसों पर रोक नहीं लगायी है। यह मामला 1 अक्टूबर 2023 तक के पीरियड से जुड़ा है, जिसमें ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों की सर्विसेज पर जीएसटी 18 की बजाय 28 फीसदी की दर से लगाया गया है।

## 2024-25 के बजट की तैयारी : सीएम ने की समीक्षा

# गांव, कृषि किसान और युवा पर रहे फोकस : हेमंत सोरेन

- रोजगार-स्वरोजगार के प्रावधानों में वृद्धि पर जोर देने का निर्देश
- अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना प्राथमिकता में रखने को कहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने 2024-25 के बजट की तैयारी शुरू कर दी है। फरवरी में बजट सत्र शुरू होने की उम्मीद है। फरवरी अंतिम या मार्च पहले सप्ताह में विधानमसभा में बजट पेश होगा। इससे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को बजट 2024-25 की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने आगामी बजट में राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, खेल, उद्योग, स्वास्थ्य, कृषि, बिजली, पानी, सड़क, आवास योजना और सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत पेंशन राशि, स्कूल एवं कॉलेजों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति सहित अन्य प्रमुख मुद्दों पर विशेष फोकस किये जाने का निर्देश अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव भी मौजूद थे।

बैठक में हेमंत सोरेन ने कहा कि समस्त झारखंड वासियों की प्राथमिकताओं और आकांक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए एक बेहतर बजट तैयार करें। बजट में जन-कल्याण और सर्वांगीण विकास पर बल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है। इस दिशा में लगातार कार्य किये जा रहे हैं। झारखंड कई क्षेत्रों में तेज गति से प्रगति भी कर रहा है। गांव, कृषि, किसान और नौजवान पर फोकस करते हुए जन कल्याणकारी योजनाओं को उन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। बजट में रोजगार तथा स्वरोजगार के प्रावधानों में वृद्धि पर जोर दें। आनेवाले समय में भी इन्हें और मजबूत किये जाने के लक्ष्य के साथ कार्य योजनाएं राज्य सरकार बना रही है।

**बैठक में थे मौजूद :** बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, विकास आयुक्त अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, योजना एवं विकास विभाग के सचिव प्रशांत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




### जरूरी क्षेत्रों में विशेष प्रावधान करने की आवश्यकता

मुख्यमंत्री ने बजट में राज्य में लघु एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा, मनरेगा के लिए प्रावधान, रोजगार तथा स्वरोजगार बढ़ाने, खेल गतिविधियों को बढ़ावा, महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार, बच्चों के पोषण में सुधार सहित अन्य सभी जरूरी क्षेत्रों में विशेष प्रावधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आगामी बजट में एक नयी और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है। बजट 2024-25 में दूरदर्शिता के साथ प्रावधानों को समाहित करें। गरीब कल्याण हमारी सरकार का ध्येय है। राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ विकास की राह में खड़े अंतिम व्यक्ति को मिले, इस सोच के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं।

# रांची में श्रीराम जानकी मंदिर में चोरी, मूर्तियां क्षतिग्रस्त की

## आक्रोशितों ने सड़क पर किया हनुमान चालीसा पाठ

- मंदिर के पुजारी ने एफआइआर दर्ज करायी, जेवर हुए चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के बरियातू स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में चोरी हुई। चोरी के बाद मूर्तियों को भी क्षतिग्रस्त किया गया है। मंदिर से मुकुट और दूसरे सामान गायब हैं। मंदिर में चोरी और तोड़फोड़ से नाराज लोगों ने प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। कुछ युवक मंदिर के सामने सड़क पर बैठ गये और हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे। मौके पर पुलिस के जवान तैनात किये गये। प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझा-बुझा कर मामला शांत कराया गया और जाम हटाया गया। उधर, घटना की जानकारी पर भाजपा सांसद संजय सेठ और विधायक सीपी सिंह, समरीलाल समेत अन्य लोग मौके पर पहुंचे। सांसद संजय सेठ ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में होनेवाली प्राण प्रतिष्ठा से पहले ये माहौल बिगाड़ने की कोशिश है, लेकिन सफल होने नहीं दिया जायेगा।

**सुबह माली ने देखा ताला टूटा था :** सोमवार सुबह जब माली फूल देने पहुंचा तो मंदिर का ताला टूटा मिला। उसने मंदिर के पुजारी को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पुलिस और मंदिर संरक्षक को सूचना दी गयी। मंदिर में प्रतिमा टूटने और चोरी होने की खबर पर स्थानीय लोग भी पहुंच गये। आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर विरोध जताया। इस बीच पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची।

**पुजारी ने दर्ज कराया मामला :** मंदिर के पुजारी पंडित राम देव पांडेय ने बरियातू थाना में घटना पर एफआइआर दर्ज कराया है। उन्होंने बताया है कि सात मूर्तियों के चांदी के मुकुट और दुर्गा मां की सोने की नथ के अलावा कुछ और सामान चोरी हुआ है। साथ ही कई मूर्तियों को क्षतिग्रस्त किया गया है।





क्षतिग्रस्त मूर्तियां (ऊपर) और हनुमान चालीसा पाठ करते स्थानीय लोग (नीचे)।

### सीसीटीवी में आरोपी दिखा, तलाशी शुरू

घटना के संबंध में डीएसपी सदर प्रभात कुमार बरवार ने बताया कि हमें जानकारी मिली और हम सबूत इकट्ठा कर रहे हैं। सीसीटीवी का एक फुटेज हासिल हुआ है, जिसमें एक व्यक्ति जिसके हाथ में झोला है, उसे देखकर लगता है कि वह कचरा चुननेवाला हो सकता है। फुटेज के अलावा हम फिंगर प्रिंट भी इकट्ठा कर रहे हैं। हमारे पास फुटेज है, हम उसकी पहचान कर रहे हैं। जल्द से जल्द उसकी पहचान करके गिरफ्तार कर लिया जायेगा। उधर, रांची सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने कहा कि पांच थानों के दारोगा की एक एसआइटी मामले की जांच करेगी। पुलिस-प्रशासन के आश्वासन पर करीब चार घंटे के बाद लोगों ने सड़क जाम हटाया।

### माहौल बिगाड़ने की है कोशिश : संजय सेठ

मंदिर में मूर्तियों को नुकसान पहुंचाने पर भाजपा सांसद संजय सेठ ने कहा कि टुकड़े-टुकड़े गैंग के लोग लॉ-एंड-ऑर्डर बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। हम रांची की शांति भंग होने नहीं देंगे। 22 जनवरी से पहले ये माहौल बिगाड़ने की कोशिश है। ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ तुरंत एक्शन हो। मंदिर की मूर्तियां बदली जायें और प्राण प्रतिष्ठा किया जाये।

# टाइम्स स्क्वायर पर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम दिखेगा

- किसी भारतीय प्रोग्राम की पहली बार लाइव स्क्रीनिंग होगा
- राम मंदिर पर 44 फीट ऊंचा ध्वज लहरायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/अयोध्या।** 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की लाइव स्क्रीनिंग अमेरिका के न्यूयॉर्क के प्रसिद्ध टाइम्स स्क्वायर पर भी होगी। टाइम्स स्क्वायर पर यह किसी भारतीय प्रोग्राम की पहली लाइव स्क्रीनिंग होगी। इसके अलावा दुनियाभर के भारतीय दूतावासों में भी प्राण प्रतिष्ठा समारोह की लाइव स्ट्रीमिंग होगी।

उधर, अहमदाबाद से 44 फीट ऊंचा ध्वज अयोध्या लाया गया है। यह 161 फीट ऊंचे राम मंदिर पर लहरायेगा। इस हिसाब से मंदिर और ध्वज की कुल ऊंचाई 205 फीट होगी। अंबिका इंजीनियर्स कंपनी ने इस ध्वज को सात महीने में तैयार किया है। 5 जनवरी को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने अहमदाबाद से ध्वज को रवाना किया था। ट्रक से पांच लोग ध्वज लेकर तीन दिनों में राम जन्मभूमि पहुंचे। प्राण-प्रतिष्ठा यानी 22 जनवरी को दंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विजय पताका लगायेंगे।



# राजस्थान में मंत्री सुरेंद्र विधानसभा चुनाव हारे

- कांग्रेस प्रत्याशी ने 11 हजार वोटों से हराया
- विधायक चुने जाने से पहले मंत्री बनाये गये थे

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान में विधायक चुने जाने से पहले मंत्री बनाये गये सुरेंद्र पाल सिंह टीटी चुनाव हार गये हैं। श्रीकरणपुर विधानसभा सीट पर टीटी को कांग्रेस के रूपिंदर सिंह कुन्नर ने 11 हजार 261 वोटों से हराया।

गौरतलब है कि टीटी को विधायक बनने से पहले ही भाजपा ने सरकार में राज्यमंत्री बना दिया था। राजस्थान में ऐसा पहली बार हुआ है, जब विधायक बनने से पहले मंत्री बने नेता चुनाव हार गये हों। नवंबर में हुए राजस्थान के विधानसभा चुनाव में श्रीकरणपुर सीट पर चुनाव कांग्रेस प्रत्याशी के निधन के कारण टाल दिया गया था।

जीत के बाद रूपिंदर कुन्नर भावुक हो गये। उन्होंने पिता गुरमीत की तस्वीर के आगे मत्था टेका तो रो पड़े। इधर, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने रूपिंदर सिंह कुन्नर को जीत की बधाई देते हुए कहा कि यह जनादेश भाजपा की तानाशाही पर तमाचा है। वहीं, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि हार के कारणों की समीक्षा करेंगे।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा : गुजरात सरकार ने सत्ता का दुरूपयोग किया

# बिलकिस गैंगरेप, 11 दोषी फिर जेल जायेंगे

- दो हफ्ते में सरेंडर करें सभी दोषी : सुप्रीम कोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** गुजरात में 2002 दंगों के दौरान बिलकिस बानो गैंगरेप के 11 दोषियों को समय से पहले जेल से रिहा करने के राज्य सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने सोमवार को फैसला सुनाते हुए कहा कि सजा अपराध रोकने के लिए दी जाती है। पीड़ित की तकलीफ की भी चिंता करनी होगी।

बेंच ने कहा कि गुजरात सरकार को रिहाई का फैसला लेने का कोई अधिकार नहीं है। उसने अपनी सत्ता और ताकत का दुरूपयोग किया है। वह दोषियों को कैसे माफ कर सकती है। सुनवाई महाराष्ट्र में हुई है, तो रिहाई पर फैसला भी वहीं की सरकार करेगी। जिस राज्य में अपराधी पर मुकदमा चलाया जाता है और सजा सुनायी जाती है, उसी को दोषियों की माफी याचिका पर फैसला लेने का अधिकार है। इस कमेंट के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने मई 2022 में जस्टिस अजय रस्तोगी (रिटायर्ड) के उस फैसले को भी रद्द कर दिया, जिसमें 11 दोषियों को गुजरात सरकार से शीघ्र माफी के लिए अपील करने की अनुमति दी गयी थी। गुजरात सरकार ने इन्हें 15 अगस्त 2022 को रिहा कर दिया था। बेंच ने सभी 11 दोषियों को दो सप्ताह में सरेंडर करने को कहा। फैसले के बाद बिलकिस के घर पर पटाखे फोड़े गये।

गौरतलब है कि बिलकिस के 11 दोषियों की रिहाई के खिलाफ 30 नवंबर 2022 को सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं दाखिल की गयीं थीं। पहली याचिका में 11 दोषियों की रिहाई को चुनौती देते हुए, उन्हें तुरंत वापस जेल भेजने की मांग की गयी थी। दूसरी याचिका में सुप्रीम कोर्ट के मई में दिये आदेश पर विचार करने की मांग की गयी थी।

**महिला विरोधी नीतियों पर पड़ा हुआ पर्दा हट गया : प्रियंका**

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा कि अंततः न्याय की जीत हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात दंगों के दौरान गैंगरेप की शिकार बिलकिस बानो के आरोपियों की रिहाई रद्द कर दी है। इस आदेश से भाजपा की महिला विरोधी नीतियों पर पड़ा हुआ पर्दा हट गया है।






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 75,000 रु./प्रति किलो |



# मोदी से पंगा लेकर बुरी तरह फंस गया है मालदीव

## ■ हिंद महासागर में बसे इस देश को करारा जवाब देने लक्षद्वीप गये थे मोदी

## ■ भारतवंशियों की ताकत पर चल रहे इस देश को घुटनों पर ला दिया भारत ने

## ■ पीएम मोदी पर अमर्यादित टिप्पणी करनेवाले तीन मंत्री किये गये निलंबित

## ■ मालदीव के होटलों और फ्लाइट की बुकिंग धड़ाधड़ हो रही हैं कैंसिल

**हिंद महासागर में अवस्थित एक छोटे से देश मालदीव ने भारत जैसे अपने मित्र देश और इसके अब तक के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा के बाद से जो विद्वेषपूर्ण माहौल पैदा किया है, उसका खामियाजा अब उसे भुगतना पड़ रहा है। जो देश भारतीय पर्यटकों के दम पर रोटी खा रहा है और भारतवंशियों के दम पर आगे बढ़ रहा है, उसने भारत को ही आंख दिखाने की कोशिश की, जो उसके लिए बहुत महंगा साबित हो रहा है। मालदीव के नेताओं ने भारत के साथ जो मित्रता का रिश्ता कायम किया था, वर्तमान सरकार और उसकी चीन परस्त नीतियों ने उस रिश्ते में कड़वाहट घोल दी है। लेकिन इसका खामियाजा उसी देश को भुगतना पड़ रहा है और अब यह देश अपने घुटनों पर आकर खड़ा हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा और वहां की नैसर्गिक खूबसूरती को रेखांकित किये जाने से मालदीव को बुरी तरह मिर्ची लग गयी है। उसे पता चल गया है कि कूटनीति के क्षेत्र में भारत से पंगा लेकर वह अपने ही पैर पर कुल्हाड़ी मार रहा है। मालदीव के भारत विरोधी रवैये की जिस तरह भारत में प्रतिक्रिया हुई है, उससे अब साफ हो गया है कि मालदीव के लिए यह प्रकरण बेहद नुकसानदेह साबित होनेवाला है। क्या है पूरा विवाद और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

### जब पीएम मोदी लक्षद्वीप गये

प्रधानमंत्री मोदी कई परियोजनाओं का उद्घाटन करने के लिए 2-3 जनवरी को लक्षद्वीप में थे। मोदी ने लक्षद्वीप द्वीप समूह की अपनी यात्रा के दौरान समुद्र के नीचे के जीवन का पता लगाने के लिए स्नॉर्कलिंग का लुत्फ उठाया। मोदी ने एक्स पर समुद्र के नीचे का जीवन पता लगाने संबंधी दिलचस्प तस्वीरें पोस्ट की थीं। साथ ही अरब सागर में स्थित द्वीपों में प्रवास के अपने उत्साहजनक अनुभव को शेयर किया था। उन्होंने लिखा था कि जो लोग रोमांचकारी अनुभव लेना चाहते हैं, लक्षद्वीप उनकी सूची में जरूर होना चाहिए। मेरे प्रवास के दौरान, मैंने स्नॉर्कलिंग की भी कोशिश की। यह कितना उत्साहजनक अनुभव था। इस पोस्ट के बाद कइयों को लगा कि पीएम मोदी वहां सिर्फ घूमने गये हैं। विपक्ष को तो मौका चाहिए, मोदी कुछ भी करें उसमें उलटी कर देना है। कांग्रेस की एक महिला नेत्री हैं सुप्रिया श्रीनेत। उन्होंने पीएम मोदी द्वारा शेयर की गयी तस्वीरों की राहुल गांधी द्वारा समंदर में डाइव लगाने वाली वीडियो से तुलना की। लिखा, एक वो हैं, मतलब राहुल गांधी, गहरे समुंदर में बिना पलक झपकाये कूद गये, एक यह हैं (मोदी), जो समुद्र के किनारे लाइफ जैकेट पहने हुए हैं। पर द नेशन वांट्स टू नो, लाइफ जैकेट में डाइव कैसे किया? इन लोगों की क्या मानसिकता है, यह समझ से परे है। ऐसे-ऐसे लोग जब तक कांग्रेस में रहेंगे और राहुल गांधी की इमेज चमकाने का बीड़ा उठायेंगे, तो बेड़ा गर्क होना तय है। खैर मोदी क्या चीज हैं, फिलहाल विपक्ष के लिए एक अबूझ पहेली है। मोदी द्वारा महज फोटो मात्र से मालदीव घुटनों पर आ गया।

### सत्ता परिवर्तन के साथ मालदीव का चीन के प्रति झुकाव

जैसे ही मालदीव में सत्ता परिवर्तन हुआ, उसका झुकाव चीन की तरफ ज्यादा ही बढ़ने लगा। यह भारत के हित में नहीं था। मालदीव की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से टूरिज्म पर टिकी है। इनमें भारतीयों के वहां जाने की संख्या बहुत ज्यादा है। भारतीयों का वह फेवरेट हॉलिडे डेस्टिनेशन बन चुका था। क्या आम क्या खास, हर कोई वहां जाने की तमन्ना रखता था। मोदी को मालदीव को अपने अंदाज में जवाब देना था, तो चल दिये लक्षद्वीप। दरअसल मालदीव के राष्ट्रपति चुनाव में मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) के मोहम्मद सोलिह को हराने के बाद संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार मोहम्मद मुइज्जू नये राष्ट्रपति की भूमिका संभाल रहे हैं। माना जाता है कि नयी सरकार ऐसी नीतियां अपनायेगी, जो पिछली सरकार से बिल्कुल अलग होंगी। इसका क्षेत्रीय सुरक्षा माहौल पर भी असर पड़ सकता है। इसलिए इस क्षेत्र की एक प्रमुख ताकत भारत ने मालदीव के नये राष्ट्रपति का सावधानीपूर्वक स्वागत किया है। मोहम्मद मुइज्जू के पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए भारत की चिंता बढ़ गयी है। जब अब्दुल्ला यामीन राष्ट्रपति थे, तब मुइज्जू उनकी सरकार में आवास और बुनियादी ढांचा विकास मंत्री थे। उस दौरान मालदीव पर चीन का व्यापक प्रभाव देखा गया था। तब चीन के हितों को देखते हुए फैसले लिये गये। यामीन का सबसे विवादास्पद निर्णय द्वीपों को विदेशी देशों को बेचना था। ऐसी आशंका थी कि चीन इन द्वीपों का इस्तेमाल सैन्य उद्देश्यों के लिए करेगा। इससे मालदीव की संप्रभुता से समझौता होने की चिंता बढ़ गयी। सौभाग्य से यामीन अपने मंसूबों में सफल नहीं हो सके, क्योंकि उन्हें सत्ता से हटा दिया गया था। विडंबना देखिये कि जिस यामीन ने मालदीव की संप्रभुता का सम्मान नहीं किया, उसी ने उसकी रक्षा के नाम पर कथित तौर पर इंडिया आउट अभियान चलाया। यामीन ने झूठा दावा किया कि मालदीव में तैनात भारतीय सैनिकों ने वहां के लोगों की राष्ट्रवादी भावनाओं का लाभ उठा कर देश की संप्रभुता को खतरे में डाल दिया है। समझा जा सकता है कि जिसका मालदीव खा रहा है, उसी को आंखें दिखा रहा है।

### मोदी और देश की जनता ने दिखायी मालदीव को औकात

तब मोदी ने भारतीयों को दिखा दिया कि मालदीव से भी बेहतर डेस्टिनेशन भारत में ही है लक्षद्वीप। लक्षद्वीप की सुंदरता की देशभर में चर्चा शुरू होने के बाद मामला मालदीव तक पहुंचा। मालदीव को ऐसी मिर्ची लगी कि उसके मंत्रियों ने भारत के बारे में भला-बुरा कहने के साथ ही पीएम मोदी के खिलाफ विवादित टिप्पणी तक कर दी। नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप दौरे के बाद सोशल मीडिया पर आग भड़काने का काम मालदीव की सत्ताधारी पार्टी के नेताओं के ट्वीट ने किया। इन ट्वीट में नरेंद्र मोदी का मजाक उड़ाया गया, तो भारतीयों को गंदा कहते हुए नस्लीय टिप्पणियां की गयीं। इसमें जाहिर रमीज और मरियम शिउना खासतौर से अपने कमेंट के चलते सोशल मीडिया पर भारतीयों के निशाने पर आये।







### बायकॉट मालदीव ट्रेंड कर रहा, धड़ाधड़ बुकिंग होने लगी कैंसिल

इसी का नतीजा था कि सोशल मीडिया पर रविवार को बायकॉट मालदीव ट्रेंड करने लगा। इसके बाद तो मानों मालदीव की मुश्किलें शुरू हो गयीं। भारत में पर्यटन के लिए मालदीव की बजाय लक्षद्वीप के समर्थन में फोटो से लेकर वीडियो तक पोस्ट होने लगे। इस विवाद के बीच कुछ भारतीयों ने दावा किया कि कई लोगों ने मालदीव जाने के प्लान को बदल दिया है। कुछ लोगों ने अपनी रद्द की गयी मालदीव यात्रा से जुड़ी तस्वीरें पोस्ट करते हुए मालदीव सरकार को आर्थिक नुकसान की बात कही। बायकॉट मालदीव ट्रेंड होने पर अब तक मालदीव के होटलों की आठ हजार से अधिक बुकिंग कैंसिल हो चुकी हैं। वहीं दूसरी तरफ 2500 से ज्यादा लोगों ने मालदीव की फ्लाइट कैंसिल की है। बॉलीवुड स्टार भी इसमें पीछे नहीं रहे।

### मोदी का पावर, मालदीव के तीन उप मंत्री सस्पेंड

दूसरी तरफ भारत ने तो आधिकारिक रूप से मालदीव के सामने इस मुद्दे पर विरोध तक दर्ज करा दिया। पर्यटन में नुकसान के साथ ही कूटनीति में खुद को घिरता देख मालदीव घुटने पर आ गया। उसने बयान जारी कर सफाई दी। मालदीव सरकार ने रविवार को पीएम मोदी और भारत पर अपमानजनक पोस्ट करने वाले अपने तीन उप मंत्रियों को निलंबित कर दिया। दरअसल, जब प्रधानमंत्री मोदी कुछ दिन पहले लक्षद्वीप के दौरे पर गये थे। उन्होंने वहां अंडरवाटर डाइविंग की और बीच पर समय बिताया। इसके बाद एक सोशल मीडिया यूजर ने प्रधानमंत्री का एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा था, ये अच्छा कदम है। ये मालदीव की सरकार के लिए झटका है, जो चीन की कठपुतली है। इसके बाद लक्षद्वीप में टूरिज्म बढ़ेगा। इस पोस्ट पर मालदीव के नेता जाहिद रमीज ने लिखा, बेशक ये अच्छा कदम है, लेकिन भारत कभी हमारी बराबरी नहीं कर सकता। मालदीव टूरिस्ट को जो सर्विस देता है, वो भारत कैसे देगा। वो इतनी सफाई कैसे रख पायेगा। उनके कमरों से बदबू आती है, जो टूरिस्ट की बड़ी दिक्कत है। वहीं मालदीव की नेता मरियम शिउना ने पीएम नरेंद्र मोदी को जोकर तक कह दिया। विवाद बढ़ने के बाद मालदीव के कैबिनेट ने आपत्तिजनक टिप्पणी करनेवाले तीन मंत्रियों को सस्पेंड कर दिया है।

> “ मालदीव के नेता जाहिद रमीज ने लिखा, बेशक ये अच्छा कदम है, लेकिन भारत कभी हमारी बराबरी नहीं कर सकता। मालदीव टूरिस्ट को जो सर्विस देता है, वो भारत कैसे देगा। वो इतनी सफाई कैसे रख पायेगा। उनके कमरों से बदबू आती है, जो टूरिस्ट की बड़ी दिक्कत है। वहीं मालदीव की नेता मरियम शिउना ने पीएम नरेंद्र मोदी को जोकर कहा है।

> “ जिस यामीन ने मालदीव की संप्रभुता का सम्मान नहीं किया, उसी ने उसकी रक्षा के नाम पर कथित तौर पर इंडिया आउट अभियान चलाया। यामीन ने झूठा दावा किया कि मालदीव में तैनात भारतीय सैनिकों ने वहां के लोगों की राष्ट्रवादी भावनाओं का लाभ उठाकर देश की संप्रभुता को खतरे में डाल दिया है। समझा जा सकता है कि जिसका मालदीव खा रहा है, उसी को आंखें दिखा रहा है।

### अपने ही देश में घिरा मालदीव

पीएम मोदी के खिलाफ टिप्पणी को लेकर मालदीव सरकार अपने ही देश में घिर गयी। इस मुद्दे पर मालदीव की पूर्व डिप्टी स्पीकर इवा अब्दुल्ला ने पीएम मोदी पर टिप्पणियों को शर्मनाक और नस्लवादी करार दिया है। ईवा ने इस मुद्दे पर कहा कि मुइज्जू सरकार को भारतीयों से माफी मांगनी चाहिए। पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने सोशल मीडिया पर मालदीव सरकार के अधिकारियों द्वारा भारत के खिलाफ घृणास्पद भाषा के इस्तेमाल की निंदा की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत हमेशा मालदीव का एक अच्छा दोस्त रहा है और हमें इस तरह की अपमानजनक टिप्पणियों के जरिये हमारे दोनों देशों के बीच सदियों पुरानी दोस्ती पर नकारात्मक प्रभाव नहीं डालने देना चाहिए। पूर्व विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद ने भी मोदी के खिलाफ टिप्पणियों को निंदनीय और घृणित करार दिया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक हस्तियों को मर्यादा बनाये रखना चाहिए। उन्हें यह स्वीकार करना होगा कि वे अब सोशल मीडिया एक्टिविस्ट नहीं हैं और अब उन्हें लोगों और देश के हितों की रक्षा करने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। पूर्व खेल मंत्री अहमद महलूफ ने कहा कि भारतीयों द्वारा मालदीव का बहिष्कार किये जाने से हमारी अर्थव्यवस्था पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि हम भारत और भारतीयों को प्रेम करते हैं, उनका हमेशा मालदीव में स्वागत है।

### मंत्री, बिजनेसमैन से लेकर सितारों ने भी संभाला मोर्चा

लक्षद्वीप को पर्यटन स्थल के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से अनुमोदित किये जाने के बाद मालदीव सरकार के (अब निलंबित) उप मंत्रियों के ट्वीट से पैदा हुए विवाद पर भारतीय उद्योगपतियों ने भी आश्चर्य जताया है। उन्होंने कहा है कि लक्षद्वीप और अंडमान जैसे स्थलों के बावजूद भारतीय पर्यटक द्वीप राष्ट्र (मालदीव) जाकर इतना भुगतान क्यों करते हैं? मालदीव के मंत्रियों की अपमानजनक टिप्पणियों पर विवाद के बीच केंद्रीय मंत्री से बॉलीवुड स्टार और क्रिकेटरों ने भी मोर्चा संभाला।

सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक्स पर पोस्ट किया कि मेरे देश के सभी युवाओं, यात्रा के प्रति उत्साही लोगों और खोजकर्ताओं से आग्रह करता हूं कि आप पहले अपने देश का पता लगायें, अपनी भूमि की सुंदरता और हमारे पास मौजूद विविध संस्कृति और व्यंजनों को देखें। वहीं, सलमान खान, अक्षय कुमार और श्रद्धा कपूर जैसी बॉलीवुड हस्तियों और क्रिकेटरों ने प्रशंसकों से भारतीय पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने की रविवार को अपील की।

### अक्षय कुमार बोले- ये नफरत हम क्यों झेलें?

बॉलीवुड एक्टर न्यू इयर मनाने अपने परिवार के साथ मालदीव गये हुए थे। उन्होंने विवाद बढ़ने के बाद पीएम मोदी और भारतीयों का समर्थन करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स लिखा, मैंने देखा है कि मालदीव के कुछ पब्लिक फिगर भारतीयों पर कुछ रेसिस्ट और नफरत भरे कमेंट कर रहे हैं। ये देख कर हैरानी होती है कि वो लोग उस देश के बारे में ये कह रहे हैं, जो उन्हें सबसे ज्यादा टूरिस्ट देता है। हम अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे हैं, लेकिन हम ये बेवजह का उकसाना और नफरत क्यों बर्दाश्त करेंगे। मैं कई बार मालदीव गया हूं और तारीफ की है, लेकिन हमारा आत्मसम्मान पहले है। चलो ये फैसला करें कि भारतीय आइलैंड्स को ज्यादा देखा जाये और अपना टूरिज्म प्रमोट किया जाये। विवाद बढ़ने पर सलमान खान ने भी पीएम मोदी का सपोर्ट किया है। उन्होंने लिखा है, पीएम नरेंद्र भाई मोदी को लक्षद्वीप के इन सुंदर और साफ बीच पर देखना कितना अच्छा है। खास बात तो ये है कि ये हमारे इंडिया में है।

बॉलीवुड हस्तियों के अलावा क्रिकेटर हार्दिक पांड्या और वेंकटेश प्रसाद ने भी सोशल मीडिया मंच पर लोगों से भारतीय पर्यटन क्षेत्र का समर्थन करने का आग्रह किया। फिल्मकार मधुर भंडारकर और अभिनेताओं जॉन अब्राहम तथा रणदीप हुड्डा और अभिनेत्री कंगना रनौत भी सोशल मीडिया के माध्यम से लक्षद्वीप का प्रचार करनेवाली कुछ भारतीय फिल्मी हस्तियों में शामिल रहे।

### एडलवाइस की एमडी और सीइओ राधिका गुप्ता ने कहा

एडलवाइस म्यूचुअल फंड की एमडी और सीइओ राधिका गुप्ता ने एक्स पर पोस्ट किया, मैं भारतीय पर्यटन की संभावनाओं को लेकर जुनूनी हूं। इसका उत्तर एक बुनियादी ढांचा और दूसरा विपणन है। पीएम की हालिया यात्रा ने इन स्थलों पर प्रकाश डाला है। हमारे होटल ब्रांडों ने हमें बार-बार साबित किया है कि लग्जरीयुक्त सेवा कैसे दी जाती है। आइए एक विश्व स्तरीय पर्यटन अनुभव के लिए भारतीय आतिथ्य का सबसे अच्छा उपयोग करें।

### अदार पूनावाला ने भारतीय पर्यटन स्थलों पर कहा

सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआइआइ) के सीइओ अदार पूनावाला ने लिखा, हमारे देश में अकल्पनीय क्षमता वाले कई शानदार पर्यटन स्थल हैं; जिनका अभी तक पूरी तरह से पता नहीं लगाया गया है। क्या आप में से कोई भी सिर्फ मेरे द्वारा पोस्ट की गयी तस्वीरों से इस भारतीय पर्यटक स्वर्ग का अनुमान लगा सकता है?

### इज माय ट्रिप ने मालदीव की बुकिंग निलंबित की

इज माय ट्रिप के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी निशांत पिट्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा, हमारे देश के साथ एकजुटता दिखाते हुए इज माय ट्रिप ने मालदीव की सभी उड़ानों की बुकिंग निलंबित कर दी हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 21.8 °c | 12.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.29 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.27 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 09 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in



**अनदेखी :** प्रदूषण विभाग की उदासीनता के कारण नदियों का पानी हो रहा जहरीला, दोषियों पर नहीं हो रही कार्रवाई

# आउटसोर्सिंग कंपनियों का मलबा धड़ल्ले से गिर रहा नदियों में

**वायु प्रदूषण की मार झेल रहे ग्रामीण अब जल प्रदूषण की मार भी झेल रहे**

संजय कुमार

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** दामोदर की सहायक नदियां जहां प्रदूषण की मार झेल कर दम तोड़ने को मजबूर हैं, वहीं दामोदर पर भी खतरा मंडरा रहा है। कोल कंपनियों के अलावा जितने भी कल कारखाने दामोदर के निकट हैं, वे दामोदर को जहरीला बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। हाल ही में भौरा के इ.जी. एरिया अंतर्गत आउटसोर्सिंग कंपनियों द्वारा दामोदर में मलवा गिराने से नदी का पानी तो जहरीला हो ही गया। इसके कारण नदी किनारे हजारों पेड़-पौधे भी नष्ट हो गये।

वायु प्रदूषण की मार झेल रहे ग्रामीण अब जल प्रदूषण की मार झेलने को मजबूर हैं। ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत किये जाने के बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रांची ने भारतीय कोकिंग कोल लिमिटेड को नोटिस भेजा। साथ ही कंपनी पर 100 करोड़ का जुर्माना क्यों नहीं लगाया जाये, इस पर जवाब मांगा। प्रदूषण बोर्ड की सख्ती से ग्रामीणों





को विश्वास तो जगा, लेकिन कई कंपनियों ने बड़ी चालाकी से अपनी सफाई प्रस्तुत कर मामले को रफा-दफा कर लिया है।

## क्या कहते हैं पर्यावरण जीएम कोयला भवन

ग्रामीणों की शिकायत पर हम लोगों को प्रदूषण बोर्ड रांची ने बुलाया था, शिकायत में काम के दौरान जो डस्ट जमा हो रही थी, उस पर आपत्ति जतायी गयी थी। हम लोगों ने पानी छिड़काव की दो गाड़ियां पहले से ही लगा रखी हैं। शिकायत आने के बाद उसे हम लोगों ने चार-पांच कर दिया है, जिससे यह समस्या दूर हो गयी है। दामोदर नदी किनारे अब ओबी भी नहीं गिराया जा रहा है। फिलहाल उसे बंद कर दिया गया है और अभी प्रदूषण बोर्ड की ओर से कोई जुर्माना हम पर नहीं लगाया गया है।

## स्पष्टीकरणर मांगा गया है : जितेंद्र प्रसाद सिंह

**इस संबंध में झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद धनबाद के क्षेत्रीय अधिकारी जितेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि दामोदर नदी में मलवे को डंप करने को लेकर लगातार ग्रामीणों द्वारा शिकायत आ रही थी। कंपनी पर क्यों जुर्माना नहीं लगाया जाये, इस पर अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगते हुए, अपना पक्ष रखने की बात कही गयी थी। उन्हें रांची बुलाया गया था। रांची में क्या बातचीत हुई है, इसकी आधिकारिक जानकारी मेरे पास नहीं आयी है। ई.जे. एरिया भौंरा महाप्रबंधक का कहना है कि इस विषय में मुझे जानकारी नहीं है, प्रोजेक्ट ऑफिसर से संपर्क कर जानकारी ले सकते हैं। प्रोजेक्ट ऑफिसर से बात करने पर पता चला कि अभी वह और छुट्टी पर हैं।**

## क्या कहते हैं वन प्रमंडल अधिकारी

वन प्रमंडल अधिकारी विकास पालीवाल से बात करने पर उन्होंने बताया कि यह मामला मेरे संज्ञान में है। मेरी अध्यक्षता में उपायुक्त ने एक कमेटी बनायी है, जिसमें डीएमओ, सीओ, प्रदूषण विभाग को शामिल किया गया है। नदी में मलवा डंप किया गया है, जिसे जल्द से जल्द हटाने को कहा गया है और जो भी जरूरी कागजात है, उसे पदाधिकारी को लेकर आने को कहा गया है। बीसीसीएल के पदाधिकारी लगातार संपर्क में हैं, कागजातों में त्रुटि होने पर कार्रवाई की जायेगी।

## समाजसेवी रामचंद्र रवानी ने यह कहा

शहर वर्षों से प्रदूषण की मार झेलता चला आ रहा है। विश्वकर्मा आउटसोर्सिंग पेच से उड़ने वाली डस्ट से इंडस्ट्री कोयलारी, टिकरापारा, बीसीसीएल कॉलोनी, अस्पताल मोहल्ला की करीब 12 हजार आबादी इसका दंश झेल रही है। झारखंड किसान विकास संघ के अध्यक्ष समाजसेवी रामचंद्र रवानी ने भी कई बार प्रदूषण के मुद्दे को लगातार उठाया है। उनका साफ कहना है कि इस तरह का मामला नया नहीं है। दामोदर को प्रदूषित करनेवाले जितने भी कल कारखाने हैं, उनको कई बार प्रदूषण नियंत्रण मंत्रालय द्वारा फटकार लगायी गयी है, पर इसका कोई खासा असर इन कंपनियों पर नहीं दिखा। शहर के बीचो-बीच करीब सात से आठ किलोमीटर क्षेत्र में कभी बस्तियां हुआ करती थीं, हरे भरे पेड़-पौधे हुआ करते थे। बीसीसीएल या उन कंपनियों ने कहा था कि कोयला निकाल कर उस जगह को फिर से उसी तरह बसा कर हरा भरा कर दिया जायेगा, लेकिन आज बीसीसीएल की लापरवाही के कारण इस जगह का हाल बहुत ही दयनीय है। कहीं पहाड़ बने हुए हैं, तो कहीं खंडहर में जगह तब्दील है। इससे विस्थापित हुए लोग दर-दर भटक रहे हैं। इसके चारों ओर मुख्य मार्ग है, जिससे लाखों लोगों को प्रतिदिन गुजरना पड़ता है और वायु प्रदूषण का सामना करना पड़ता है। कई नर्सिंग होम भी यहां अवस्थित हैं, जिसमें गर्भवती महिलाओं का रोज आना जाना लगा रहता है, जिससे हमारी आनेवाली पीढ़ियों को भी प्रदूषण की मार से बचा पाना मुश्किल दिख रहा है। बीसीसीएल एवं अन्य कंपनियां करोड़ों का कोयला लेकर मलायी खा रही हैं। कंपनियों ने तो नदियों तक को भी नहीं छोड़ा। आंकड़ा जोरिया, कालि-जोरिया, जमुनिया, खुदिया, गरगा, कतरी आदि जितनी भी दामोदर की सहायक नदियां हैं, उनका भी अतिक्रमण किया जा रहा है। इन बातों को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राजनेता और जितनी भी नदी संरक्षण से जुड़ी संस्थाएं हैं, सभी मौन धारण किये हुए हैं। विदेशों में नालियों को नदियों में परिवर्तित किया जा रहा है, और हमारे देश में नदियों को नालियां में। प्रदूषण से संबंधित जितने भी नियम हैं, उनकी अनदेखी कर कंपनियां धड़ल्ले से अपना काम करने में लगी हैं। इन्हें किसी के आदेश से कोई लेना-देना नहीं है। इसलिए यहां के बुद्धिजीवी, समाज सेवी, पत्रकार, अर्थशास्त्री, पर्यावरणविद् आदि को मिल कर प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी, तभी हमारी नदियां और हमारी आनेवाली पीढ़ी को प्रदूषण की मार से बचाया जा सकता है।

पूर्व तट रेलवे

e-Tender Notice No.: 46-KUR-TRD-OT-2023-24 Dtd. 01.01.2024

कार्य का नाम: खोरधा मंडल के दक्षिण डिविज़न में 08 स्टेशनों (धौलीमुहान, गोलाबाई, MKTP, SLZ, गोलन्था, सुरला रोड, सुम्मादेवी, बरुवा) में लो लेवल से हाई लेवल में प्लेटफॉर्म के विस्तार के संबंध में OHE रूपांतरण कार्य।

विज्ञापित मूल्य: ₹ 1,30,80,164.79

ईएमडी: ₹ 2,15,400/-

पूर्णता अवधि: 180 दिन

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 24.01.2024 को 1300 बजे

e-Tender Notice No.: 47-KUR-TRD-OT-2023-24, Dtd. 01.01.2024

कार्य का नाम: खोरधा रोड (KUR) डिविज़न के नॉर्थ सेक्शन में 32 संख्यक प्लेटफॉर्म शेल्टरों के प्रावधान के संबंध में OHE रूपांतरण कार्य का निष्पादन।

विज्ञापित मूल्य: ₹ 16,96,208.12

ईएमडी: ₹ 33,900/-

पूर्णता अवधि: 180 दिन

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 24.01.2024 को 1300 बजे

निविदा दस्तावेज पूर्ण विवरण www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं।

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी) खोरधा रोड

PR-956/O/23-24

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** आपको कोई नया प्रोजेक्ट प्राप्त होगा, रोग-शोक-दु:श्चिंताओं से छुटकारा मिलेगा।

**वृष** वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा, विपरीत स्थितियों में सुधार, प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

**मिथुन** रोजी-रोजगार में सफलता, लाभकारी वातावरण की शुरूआत है, नये काम में लाभ मिलेगा।

**कर्क** पुरानी समस्या का समाधान मिलेगा, सदभावनाएं एवं शुभ संदेश प्राप्त होगा।

**सिंह** सक्रिय व्यक्तित्व का विकास, मानसिक उलझनों का निवारण होगा।

**कन्या** नौकरी-व्यापार में रूकावटें दूर होंगी, धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे।

**तुला** दैनिक जीवन में आने वाली बाधाओं का शमन हो जायेगा, विविध समस्याओं का समाधान।

**वृश्चिक** झंझटों और नाना प्रकार के अवरोधों के कारण किसी भी काम के बनने में शंका होने लगेगी।

**धनु** राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा,चिंतित मनोरथ की सिद्धि होगी,बिजनेस में शुभ परिवर्तन।

**मकर** सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**कुंभ** विरोधियों पर विजय, सामाजिक-राजनीतिक संपर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा।

**मीन** घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण, मनोकामनाएं पूरी होंगी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा, गांव, गरीब किसान की विकास यात्रा : बाबूलाल मरांडी

**धनवार में प्रदेश अध्यक्ष ने मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया**

**बाबूलाल मरांडी ने लाभुकों के बीच आयुष्मान कार्ड का वितरण किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनवार।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी सोमवार को गिरिडीह जिलांतर्गत धनवार प्रखंड के ग्राम पंचायत बलहारा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मरांडी ने मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा की। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में गांव, गरीब, किसान, वंचित, युवा, महिला, आदिवासी,



दलित, सभी वर्गों को मोदी सरकार ने विकास की मुख्यधारा से जोड़ा।

उन्होंने कहा कि चाहे इज्जत घर के रूप में करोड़ों शौचालय का निर्माण हो, प्रधानमंत्रीआवास में पक्का घर हो, किसानों के खाते में प्रतिवर्ष छह हजार रुपये किसान सम्मान निधि हो, जनधन खाता हो, आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पांच लाख रुपये तक की मुफ्त चिकित्सा सुविधा की गारंटी हो, पेंशन योजनाएं हो, गैस सिलेंडर, चूल्हा हो, प्रति व्यक्ति पांच किलो चावल की व्यवस्था हो, सभी ने आम आदमी के जीवन स्तर को ऊंचा किया है।

उन्होंने कहा कि आज भी बहुत सारे लोग योजना से जुड़ नहीं पाये हैं, जिसका समाधान विकसित भारत संकल्प यात्रा में पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प जन-जन को योजनाओं से जोड़कर ही पूरा किया जा सकता है। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं सरकारी पदाधिकारियों को आम आदमी और जरूरतमंदों तक योजनाओं को पहुंचाने का आह्वान किया। श्री मरांडी ने लाभुकों के बीच आयुष्मान कार्ड का भी वितरण किया। इस अवसर पर पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी इस कार्यक्रम के द्वारा पूरे भारत को विकसित करना चाहते हैं। गरीबों के लिए बनीं ऐसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक पहुंचे, यह हमें सुनिश्चित करना है। श्री मरांडी के नेतृत्व में झारखंड में हम इस कार्य को पूरे मन से कर रहे हैं। यह योजना शत-प्रतिशत सफल होगी, यह हमारा प्रयास है। इस अवसर पर जिला अधयक्ष महादेव दुबे, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक उपाध्याय, उदय सिंह, डोरंडा मंडल अध्यक्ष प्रद्युमन वर्मा, महेंद्र चौधरी, राजेंद्र यादव और श्रीकांत इत्यादि उपस्थित थे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर सांसद बिहार के दौरे पर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं अन्य सांगठनिक कार्यक्रम को लेकर बिहार के दौरे पर हैं। श्री प्रकाश 3 जनवरी 2024 से लेकर 9 जनवरी 2024 तक बिहार राज्य के सिवान एवं सीतामढ़ी जिले के दौरे पर हैं। श्री प्रकाश दोनों ही जिलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की सफलता को लेकर लगातार दोनों जिलों के पार्टी के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से मिल रहे हं और उन्हें अन्य लोगों से भी केंद्र सरकार की पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना, पीएम आयुष्मान भारत योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना जैसी केंद्र सरकार की गरीब कल्याण की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं और उन्हें इनका लाभ लोगों को हो, यह सुनिश्चित करने का आग्रह कर रहे हैं।

## अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलीट का सड़क हादसे में निधन, झारखंड एथलेटिक्स संघ ने जताया दु:ख

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलीट सह राज्य एथलेटिक्स तकनीकी पदाधिकारी शांति मुक्ता बारला का सरायकेला से गुमला लौटने के क्रम में रांची रोड में दुर्घटना में सोमवार प्रातः निधन हो गया। मूल रूप से गुमला की रहनेवाली शांति मुक्ता बारला ने मलेशिया, दुबई में भारत के लिए पदक जीता था। इनके निधन पर झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष डॉ मधुकांत पाठक, सचिव सीडी सिंह, एस के पांडेय, राकेश सिंह, सिकंदर महतो, मेरी किस्पोट्टा, अनवर, आरएन मुर्मू, प्रभाकर वर्मा, योगेश यादव समेत राज्य के खेल प्रेमियों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

# पूजा सिंघल को फिर नहीं मिली जमानत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल को एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। अदालत ने पूजा सिंघल को सोमवार को जमानत नहीं दी। पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर सुनवाई अब मार्च में होगी। बता दें कि खूंटी जिले में महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूजा सिंघल जेल में बंद हैं। पूजा सिंघल ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत के लिए याचिका डाली थी। इसके पहले भी उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से जमानत देने की अपील की थी, लेकिन उनकी अपील को शीर्ष अदालत ने ठुकरा दिया था। आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल को 11 मई 2022 को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद झारखंड सरकार ने उन्हें निलंबित कर दिया था। जब उन्हें इडी ने



गिरफ्तार किया, उस वक्त पूजा सिंघल खनन विभाग की सचिव थीं। वर्तमान में वह राजधानी रांची के होटवार जेल में बंद हैं। पूजा सिंघल और उनके पति से जुड़े कई ठिकानों पर इडी ने छापेमारी के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था। पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा के चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) सुमन कुमार के आवास से करीब 19 करोड़ रुपये नकद बरामद हुए थे।

**पीआइएल मैनेज कैश कांड में इडी के गवाह ने कहा**

# राजीव कुमार को दो बार टिकट कटवा कर कोलकाता भेजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पीआइएल मैनेज करने के लिए कैश लेने से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रांची प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई। सोमवार की सुनवाई के दौरान इडी के गवाह विष्णु अग्रवाल का बयान कोर्ट में दर्ज करवाया गया। उनका बयान इडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका ने दर्ज करवाया। अपने बयान में विष्णु अग्रवाल ने कोर्ट को बताया कि हाइकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार को कोलकाता जाने के लिए उन्होंने ही फ्लाइट की टिकट करवायी थी और ऐसा उन्होंने दो बार किया। इडी की ओर से बयान दर्ज होने के बाद अब बचाव पक्ष की ओर से गवाह का प्रतिप्रेक्षण (क्रॉस एग्जामिनेशन) करने के लिए 23 जनवरी की तिथि निर्धारित की गयी है। दरअसल 31 जुलाई 2022 को झारखंड हाइकोर्ट के चर्चित अधिवक्ता राजीव कुमार की कोलकाता से गिरफ्तारी हुई थी। व्यवसायी अमित अग्रवाल ने आरोप लगाया था कि उनके खिलाफ झारखंड हाइकोर्ट में दाखिल एक जनहित याचिका में राहत पहुंचाने के नाम पर अधिवक्ता ने पहले 10 करोड़ रुपये की मांग की थी। लेकिन बाद में एक करोड़ रुपये देने की बात तय हुई। पहली किस्त में 50 लाख रुपये लेने के लिए ही राजीव कुमार कोलकाता आये थे। हेयर स्ट्रीट थाने में इसकी शिकायत के बाद अधिवक्ता राजीव कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया था।

**कार्यक्रम :** जोन लेवल पर चयनित छात्र-छात्राओं के बीच पुरस्कार का वितरण

# गोल प्रतिभा खोज परीक्षा का सम्मान समारोह

**गोल टैलेंट सर्च एग्जाम में के प्रथम चरण में 40 हजार छात्र-छात्राएं हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बिरसा मुंडा टाउन हॉल, टिस्को कॉलोनी, सिदगोड़ा में सोमवार को गोल प्रतिभा खोज परीक्षा का सम्मान समारोह संपन्न हुआ। जमशेदपुर जोन से सभी क्वालीफाइड और अवार्ड विनर्स स्टूडेंट के लिए यह आयोजित किया गया था।

विदित है कि गोल संस्थान 26 वर्षों का अपना सफर इस वर्ष तय किया है। पिछले 14 वर्षों से इस परीक्षा का आयोजन 6 राज्यों में किया जाता रहा है। जिसमें बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, वेस्ट बंगाल, उत्तर प्रदेश और ओड़िशा शामिल हैं। जी-टी-एस-इ- 2023 के दो चरणों की इस परीक्षा के प्रथम चरण में जहां 40,000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया वहीं मेन एग्जाम में लगभग 8340 छात्र क्वालीफाइ किये थे। सेमिनार के माध्यम से उन चयनित छात्रों को रिजल्ट दिया गया। वहीं जोन लेवल पर चयनित छात्रों को पुरस्कार भी दिया जा रहा है।




गोल संस्थान के फाउंडर एमडी बिपिन सिंह का कहना है कि आज के इस प्रतिस्पर्धी युग में स्कूल की पढ़ाई के साथ कंपीटीशन की भी तैयारी छात्र साथ में करते हैं। सभी सफल हुए छात्रों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 13 वर्षों में जी-टी-एस-इ-में सफल हुए हजारों छात्रों ने नीट, जे-इ-इ-, आइ-आइ-टी-, सिविल सर्विसेज तथा अन्य राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता हासिल किया है। करियर काउंसिलिंग की विशेष सुविधा वेबिनार के माध्यम से गोल से प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने छात्रों की सफलता का श्रेय उनकी कड़ी मेहनत, लगन, दृढ़ इच्छाशक्ति को दिया साथ ही उन सभी अभिभावकों और शिक्षकों को भी धन्यवाद दिया जिनकी मेहनत और सही मार्गदर्शन के कारण आज छात्रों ने जी-टी-एस-इ- में सफलता प्राप्त किया है।

## छात्रों के लिए सुनहरा मौका : बिपिन सिंह

बिपिन सिंह ने छात्रों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही कहा कि गोल संस्थान के तरफ से आयोजित की जाने वाली जी-टी-एस-इ- परीक्षा गोल संस्थान का (सी-एस-आर-) प्रोग्राम है जो विगत 13 वर्षों से आयोजित किया जाता रहा है। श्री सिंह ने बताया कि वैसे छात्र जो मेडिकल या इंजीनियरिंग की तैयारी करना चाहते हैं। उनके लिए जी-टी-एस-इ- के आधार पर स्कॉलरशिप दिया जाता है। जिसके आधार पर वह गोल के क्लासरूम प्रोग्राम में एडमीशन ले सकते हैं। साथ ही उन सभी छात्रों के लिए भी एक सुनहरा मौका है कि गोल के स्कॉलरशिप-कम-एडमीशन टेस्ट में भाग लेकर गोल के विभिन्न क्लासरूम प्रोग्राम में एडमिशन लेकर पढ़ाई कर सकते हैं। गोल के आर एंड डी हेड आनंद वत्स ने गोल संस्थान की पूरी टीम को इस समारोह के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। गोल संस्थान ने पूरे झारखंड के 24 जिलों में जी-टी-एस-इ- 2023 को आयोजित किया था।

**इन्हें मिला टैब –** वर्ग 6 के वंशिका राज, 7वीं के मोहित राज, 8वीं के संजीव कुमार, वर्ग 9वीं के संजीत कुमार, वर्ग 10वीं के तेजस झा।

**इन्हें मिली कलाई घड़ी –** वर्ग 6 के रितिका सिंह, विक्रांत, वर्ग 7वीं के गौरव कश्यप, दिव्योम चौहान, वर्ग 8वीं के शौर्य जयसवाल, आर्यन, वर्ग 9वीं के प्रियंका कुमारी, नवीन कुमार, वर्ग 10वीं के सुधांशु कुमार, अनुराधा सिन्हा।

**इन्हें मिला बैग –** वर्ग 6ठीं की नाहा इम्तियाज, रिशु कुमार, लक्ष्मीकांत, कविता कांत, अमित पूर्ती, शिव शंकर, लिपेश महतो, वर्ग 7वीं के सिद्धार्थ शर्मा, पूर्णिमा पटनायक, चंदन कुमार, नेहा प्रीत, खुशी पडिहारी, स्वीटी कुमारी, श्रुति कुमारी, वर्ग 8वीं के शुभंकर दास, सूरज कुमार, रूपा, विशाल दीप, आदित्य राज, नेहा महतो, जुवेरिया एंबर, वर्ग 9वीं के रितेश महतो, खुशी गुप्ता, सचिन प्रसाद, राहुल रंजन, सुनीता लुगुन, कुमार आर्यन सोनी, प्रिंस कुमार रवि, वर्ग 10वीं के अनुराग कुमार, जीत साव, फखरा तहरीम, आरुषि प्रिया, अनुभवी विश्वकर्मा, मोने अंगारिया, संजय महतो। सफल छात्र जो सेमिनार में नहीं थे वो गोल संस्थान के रांची ऑफिस से पुरस्कार एवं सर्टीफिकेट प्राप्त कर सकते हैं।

## जयनगर में उप मुखिया ने बांटे कंबल



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रूपायडीह पंचायत में उप मुखिया चंदन कुमार ने गरीब, असहाय, विधवा महिलाओं के बीच कंबल का वितरण किया। वहीं उप मुखिया चंदन कुमार ने कहा की ठंड से बचने के लिए गरीबों के बीच कंबल वितरण किया गया और यह भी कहा कि सरकार के द्वारा चलाए जा रहे सभी योजनाओं को पंचायत के अंतिम व्यक्ति, गरीब, असहाय, विधवा महिलाओं तक पहुंचाने का प्रयास करूंगा। इस कड़ाके की ठंड में गरीब परिवार के बीच कंबल बहुत ही कारगर साबित होगा। मौके पर सुभाष राणा, भोला मोदी, राहुल कुमार, प्रदीप राणा, सुखदेव राणा, बैजनाथ यादव, दामोदर सिंह, शंकर सिंह, वासुदेव महतो, सुरेश राणा, बिंदु देवी, हेमिया देवी, कालिया देवी, रुबिया देवी, मंजू देवी, पार्वती देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## गृह रक्षा वाहिनी जवान रंजीत का निधन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जयनगर पश्चिमी पंचायत अंतर्गत ग्राम सांथ निवासी गृह रक्षा वाहिनी रंजीत कुमार (42, पिता सुरेंद्र प्रसाद मिस्त्री) जो महीनों से बीमार चल रहा था। जिसका इलाज रिम्स रांची और फिर सदर अस्पताल कोडरमा में चल रहा था। बीते रात्रि सदर अस्पताल कोडरमा में निधन हो गया। मृतक का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल कोडरमा में करवाकर परिजनों को सुपुर्द किए। तत्पश्चात मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया। वहीं होमगार्ड संघ के प्रदेश सदस्य अजय यादव ने कहा है कि इस दु:ख के समय होमगार्ड संघ मृतक के परिजनों के साथ खड़ा है। ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि इस दुख की घड़ी में धैर्य बनाने की जरूरत है। उनके निधन पर कंपनी कमांडर जयपाल कुजूर, ओम सती, होमगार्ड संघ के जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह, जिला सचिव राजेंद्र यादव, राकेश सिंह, दीपक सिंह, दिलीप यादव, सरोज कुमार, संजय यादव, दिनेश्वर यादव, विकास शर्मा, राजेश तिवारी, विजय यादव, मोहम्मद सरफराज, अजीत महतो मनोज पांडेय, राजेश राम, विनोद रविदास, नारायण शर्मा, अनिल गिरी सहित कई लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## दो छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर मिला पुरस्कार



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** एक्सपीरियंस जापान द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता जापान ऑन कैनवस में सेक्रेड हार्ट स्कूल की दो छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार मिला है। पुरस्कार पाने वाले बच्चों में वर्ग 7 की स्वीटी कुमारी और वर्ग 9 की हंसिका रानी के नाम शामिल हैं। विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता एक्सपीरियंस जापान द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में सेक्रेड हार्ट स्कूल से 21 बच्चों ने हिस्सा लिया था। जिनमें दो का चयन टॉप 50 पेंटिंग्स में हुआ है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में देशभर से 70 से अधिक स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया था। इसमें सेक्रेड हार्ट स्कूल की स्वीटी कुमारी और हंसिका रानी को एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी परफॉर्मेंस का अवार्ड मिला है। पिछले वर्ष में इस प्रतियोगिता में तीन छात्रों का चयन हुआ था। बच्चों ने एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार और कुंतल जेठवा की देखरेख में पेंटिंग तैयार किया था। बच्चों की इस सफलता पर विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, पूर्व प्राचार्य नवीन कुमार, दीपक सर्राफ, सुभय कुमार, आशुतोष गौतम, रजनी बाला, अनमोल रतन, राहुल कुमार, चंदन पांडेय, संजय तिवारी, जेपी सिंह, विक्रम कुमार, सतीश कुमार, शंकर कुमार, विक्की कुमार, अभिलाषा सिंह, पायल सिंह, सीमा जैन, अलका सिंह, सपना शर्मा, स्वीटी सिन्हा, प्रियंका सिंह, प्रियंका गुप्ता, दीक्षा सिंह समेत अन्य शिक्षकों और शिक्षिकेत्तर कर्मियों ने बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन की बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सोमवार को फेयर प्राईस शॉप डीलर्स एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें राज्य स्तरीय रविवार 7 जनवरी को रामगढ़ के क्षत्रिय धर्मशाला में प्रदेश अध्यक्ष ओकार नाथ झा जी और प्रधान सचिव संजय कुंडू जी के नेतृत्व में अपनी मांगों को लेकर चल रहे हड़ताल के संबंध में रणनीति तय करने के लिए पूरे झारखंड के जिला अध्यक्ष, सचिव, प्रखंड अध्यक्ष सभी को आमंत्रित किया गया था। जिसमें 2 जनवरी को राज्य सरकार के आपूर्ति सचिव से संघ की जो वार्ता हुई थी उसकी विस्तृत जानकारी सभा के पटल पर रखी गयी। जिसमें मुख्य रूप से पीमजीकेऐई के विगत 13 महीने के बकाया राशि की भुगतान, पूर्व की भॉति अनुकंपा को बहाल, मानदेय या कमीशन की बढ़ोतरी पर चर्चा हुई। संघ के द्वारा निर्णय लिया गया है की झारखंड के सभी जिले को सरकार के द्वारा पहल की गयी। बातों से 10 जनवरी को अवगत कराते हुए हड़ताल के संबंध में आगे की रणनीति तय की जायेगी। यह जानकारी संघ के अध्यक्ष गोपाल कुमार गुतुल ने दी। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश के सचिव राजेंद्र सिंह, मनोज यदुवंशी, गणेश स्वर्णकार, महानंद सिंह, अशोक कुमार, विकास कुमार, अरविंद कुमार, दिनेश कुमार, अशोक कुमार पांडेय, राजकुमार सिंह, किशोर कुमार, विनय कुमार दास आदि उपस्थित थे।

## एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया थाना कांड संख्या -44 /23 दिनांक 4.11.2023 धारा -304 (बी)/34 भादवी के प्राथमिकी अभियुक्त मृतिका नेहा देवी उम्र करीब 23 वर्ष की सास कुलेश्वरी देवी उम्र करीब 55 वर्ष पति खिरोधर साव ग्राम टाटीझरिया थाना टाटी झरिया जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। बता दे की 4 नवंबर 2023 को कॉलेज से आने के बाद रात को नेहा देवी ने फांसी के फंदे में लटकती हुई पायी गयी थी। जिसके आलोक में मृतिका के पिता के द्वारा लिखित आवेदन देकर यह कांड अंकित करवाया गया और बोला गया कि नेहा कुमारी को उनके पति, सास, ससुर के द्वारा प्रताड़ित करने के कारण ही उसने यह कदम उठाया है।

### ओपन एम्फी थियेटर का उद्घाटन कार्यक्रम, युवा कलाकारों ने बांधा समां

# सड़क सुरक्षा पर आधारित जागरूकता अभियान का किया गया प्रदर्शन

- उपायुक्त समेत कई अधिकारी हुए शामिल
- दर्शकों ने कार्यक्रम का उठाया लुत्फ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** झील परिसर स्थित ओपन एम्फी थियेटर का उद्घाटन हुआ। उपायुक्त नैंसी सहाय, उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा, सदर एसडीओ विद्याभूषण कुमार और जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की।

कार्यक्रम के प्रारंभ में उपायुक्त ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने आप में यह ओपन एम्फी थियेटर अनेकों कलाकृतियों को समेटे हुए है। झील के किनारे स्थित होने के कारण यहां का नजारा बहुत ही मनोरम है। इस मंच की परिकल्पना को जमीं पर उतारना एक ड्रीम प्रोजेक्ट जैसा था जो कि सफल हुआ है। युवा वर्ग को एक ऐसा सार्वजनिक मंच प्रदान करना प्रशासन की सोच थी जो साकार हुई है। उन्होंने कहा मेरी अपील है कि जिलेवासी इस धरोहर को बचा कर सुरक्षित रखें।

इस अवसर पर डीडीसी ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के निर्माण के पीछे युवा पीढ़ी को एक मंच प्रदान करना है जिसके माध्यम से कलाकार अपने कला को खुले वातावरण में प्रदर्शित कर सकें। गुजरात के साबरमती रिवर फ्रंट का जिक्र करते हुए कहा कि हजारीबाग की प्रसिद्ध झील के किनारे निर्मित ओपन एम्फी थियेटर से बिलकुल वैसा ही नजारा देखने का एहसास होता है। उन्होंने सभी कलाकारों को शुभकामनाएं देते हुए इसके बेहतर देखभाल की अपील की।

वहीं एक बहुत ही चर्चित और प्रेरणादायी फिल्म मैं हु कलाम फिल्म का भी प्रर्दशन किया गया।




### इन कलाकारों ने दी प्रस्तुति

लाइव म्यूजिक बैंड के लिए टीआरवी बैंड, बेटी बचाव व ट्रैफिक का पालन पर आधारित नाट्य मंचन एमडी ग्रुप आफ थिएटर के द्वारा, नेहरू युवा केंद्र संगठन और एनएसएस के द्वारा महिला सशक्तिकरण और रोड सेफ्टी पर मंचन, तरंग ग्रुप द्वारा मतदाता जागरूकता पर फ्लैश मॉब का मंचन, चेस खेल में गौरांगी प्रकाश और आदित्य कुमार, जीवन की दास्तां और एक आम इंसान के संघर्ष की कहानी ह्यूमन लाइब्रेरी पर एक शहीद पिता की आत्मबिती जय नंदन पाल के द्वारा, एक स्ट्रीट वेंडर की कहानी मोहम्मद नईमुद्दीन, दिव्यांग के संघर्ष और चुनौतियां पर बाल्टर एक्का और शशिकांत भारती ने अपने अनुभवों को साझा किया वहीं सफाई कर्मी की बेटी जान्हवी ने अपने पिता के त्याग के दास्तान सुनाई जो श्रोताओं के मन मस्तिष्क में आत्मसम्मान और प्रेरणा का भाव जगाया।

# शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह का मनाया गया शहादत दिवस

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बड़कागांव।** झारखंड के वीर सपूत शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह की सोमवार को शहादत स्थल चुट्टूपालू घाटी के पास शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मार्क्स वादी समन्वय समिति के सदस्यों ने उन्हें नमन करते याद किया। कार्यक्रम की शुरूआत वीर शहीद के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। मौके पर मार्क्स वादी समन्वय समिति केंद्रीय अध्यक्ष आनंद महतो ने कहा कि अंग्रेज शोषण के खिलाफ विद्रोह करने वाले झारखंड की माटी के वीर सपूत अमर वीर शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह की शहादत को भूलाया नहीं जा सकता है। ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की अगवाई में इन्होंने छोटानागपुर में आजादी की लड़ाई लड़ी और शहीद हुए देश की आजादी में यह दोनों महान शहीदों ने अहम भूमिका निभाई थी, मौके पर कामरेड हलदर महतो ने कहा कि वर्तमान सरकार में किसान, मजदूर, युवा शोषण के शिकार हैं, हमें उनके अधिकारों के लिए एकजुट होकर लड़ाई लड़नी होगी और इसके आदर्श को मनाना होगा। मौके पर केंद्रीय सचिव कामरेड मिथिलेश कुमार सिंह, केंद्रीय महासचिव कामरेड हालदार महतो, केंद्रीय मंडल सदस्य राजेंद्र गोप, बसंत कुमार आर डी मांझी सत्तार अंसारी, दिलीप तिवारी, बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद हसन प्रखंड सचिव लालंतूरी केरेदाढ़ी प्रखंड अध्यक्ष विवेक कुमार साव, शक्ति बेदिया, पुशान गांझ, सुंदरलाल, पिंकी देवी, रेहाना परवीन, सुधा देवी, सविता देवी, अनु देवी, आरती देवी, चिंता देवी, राजकुमार, अमित कुमार, मोहम्मद वसीम, शाहिद अंसारी, संजय सिंह, समेत कई ग्रामीण मौजूद रहें।



## केटीपीएस बांझेडीह में दही-चूड़ा सह मिलन कार्यक्रम 14 को : उमेश

**जयनगर ( आजा सिपाही)।** प्रखंड के केटीपीएस फोरलेन स्थित युवा नेता उमेश यादव के कार्यालय में 14 जनवरी को विस्थापित प्रभावित संयुक्त मोर्चा सह जन अधिकार संघर्ष मोर्चा के बैनर तले दही-चूड़ा सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए उमेश यादव ने बताया कि कई वर्षों से यह परंपरा चल रही है। उन्होंने कार्यक्रम में विस्थापित प्रभावित परिवार के जयनगर और चंदवारा के लोगों से भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में सबको एक दूसरे से मिलने जुलने का मौका मिलता है। इस बार कार्यक्रम के दौरान विधानसभा क्षेत्र के तस्वीर व तकदीर के बदलाव को लेकर संकल्प लिया जायेगा। उन्होंने इलाके के लोगों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। वहीं इंटक जिलाध्यक्ष अरुण कुमार यादव ने भी लोगों से इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शुरू होगा।

# विधायक और जिप चेयरमैन ने किया धान क्रय केंद्र का उद्घाटन

- किसान हड़बड़ी में अपना धान को बिचौलियों के पास नहीं बेचे: उमेश प्रसाद
- सरकार किसानों को अधिक मुनाफा देने के उद्देश्य से पैक्सों के माध्यम से धान खरीद कर रही है: बटेश्वर मेहता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**इचाक।** प्रखंड के हदारी में सोमवार को विधायक अमित कुमार यादव और जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता ने फीता काट और नारियल फोड़ कर धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक अमित कुमार यादव ने कहा की किसान अपने धान को क्रय केंद्र में ही बेचे और धान की सही कीमत पाए। किसी भी कीमत पर बिचौलियों के हाथों में धान को न बेचें। जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने कहा कि किसान हड़बड़ी में अपना धान को बिचौलियों के पास नहीं बेचे। सरकार ने किसानों को अधिक मुनाफा देने का फैसला लिया है, जिसके तहत सरकार पैक्सों के माध्यम से धान खरीद कर रही है। भाजपा नेता बटेश्वर मेहता ने कहा कि सरकार किसानों को अधिक मुनाफा देने के उद्देश्य से पैक्सों के माध्यम से धान खरीद कर रही है। 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम ने कहा की किसान अपना धान को बिचौलियों के हाथ औने पौने दाम में ना बेचकर पैक्स के माध्यम से बेचे।

जीप सदस्य पूर्वी रेणु देवी ने कहा की सरकार की सोच है की किसानों को अधिक लाभ मिले। उप प्रमुख सतेंद्र कुमार ने कहा की पैक्स में धान बेचने वाले किसानों को सही कीमत मिल रही है। ग्रीन एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के डायरेक्टर दिगम्बर कुमार और अशोक मेहता ने बताया की धान बेचने वालो किसान को 2183 रुपये समर्थन मूल्य और 117 रुपये बोनस मिलाकर कुल 2300 रूपए प्रति क्विंटल के दर से भुगतान किया जायेगा। धान बेचने वाले किसान जिनका रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है वह जमीन का रसीद आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छाया प्रति और मोबाईल नम्बर को प्रपत्र में भर रजिस्ट्रेशन करवा लें। मौके पर मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत मेहता, विधायक प्रतिनिधि सचिदानंद अग्रवाल, कांग्रेस नेता कैलाश मेहता, सांसद प्रतिनिधि हरिहर मेहता, भाजपा मंडल अध्यक्ष जयनंदन मेहता, मुखिया सिकंदर मेहता, पूर्व मुखिया सुनील मेहता, समाजसेवी सिकंदर राम, अनिल मेहता, राजू मेहता, नरेश मेहता, रामजय मेहता, कुंदन मेहता, प्रकाश यादव, ब्रजेश सिन्हा, ज्ञानी साव समेत कई उपस्थित थे।



# सखुवा बोटा से भरा पिकअप वैन जब्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** वन विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर वन क्षेत्र पदाधिकारी के निर्देश पर हेठली मुरगांव के जंगल से सखुवा बोटा से भरा पिकअप वैन को जप्त किया।वन विभाग की छापेमारी टीम में प्रभारी वनपाल संजीत दास, वनरक्षी परमेश्वर महतो, सुनील कुमार यादव, बिनोद गंझु, आदि शामिल थे। इस सम्बंध में प्रभारी वनपाल संजीत दास ने जानकारी देते हुए बताया जाता कि पिछले कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि रात को लकड़ी का अवैध परिवहन विष्णुगढ़ के रास्ते अटका, बगोदर और अन्य जगहों पर भेजा जाता है। इसी गुप्त सूचना के आधार पर वन क्षेत्र पदाधिकारी सुरेश राम के द्वारा एक टीम गठित की गयी। गठित टीम ने सखुआ बोटा से लदा पिकअप वैन को जब्त कर बगोदर वन प्रक्षेत्र कार्यालय परिसर सरिया में सुरक्षित रखा गया और चार अभियुक्तों के विरुद्ध वन अधिनियम के धारा 33 (1), 41, 42 और 52 के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की गयी। लकड़ी तस्कर बगोदर, चेडरा, हेठली मोरगांव, नावाटांड़ के बताये जा रहे हैं। प्रभारी वनपाल संजीत दास ने वनापरधियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि आगे भी प्रतिदिन गस्ती की जायेगी और ऐसे वन अपराधी जो वन सीमा के अंदर लकड़ी और कोयला डंपिंग आदि अवैध कार्य करते हैं ऊनपर विभाग की कड़ी नजर रखी जायेगी। छापेमारी कर अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।



## नीतीश कुमार के जोहार यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जदयू कार्यकर्ता रेस



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ में आयोजित नीतीश जोहार यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने जिला और प्रखंड स्तर पर तैयारी समिति का गठन किया है। संयोजक के साथ-साथ जिला उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर, अविरल बिहारी लाल और भीम मेहता को जिला सहसंयोजक, जिला महासचिव सुरेश वर्मा और बसंत मेहता को जिला सह सहसंयोजक, जिला सचिव संजय राम, मनिरूदिन अंसारी भुनेश्वर ठाकुर, नजरुल्लाह अंसारी को सह संयोजक बनाया गया है। सभी मंच मोर्चा के अध्यक्ष को जिला सह संयोजक बनाया गया है। सभी प्रखंड अध्यक्ष हजारीबाग नगर अध्यक्ष को अपने अपने प्रखंड का कार्यक्रम संयोजक बनाया गया है। जिले के पदाधिकारियों को विधानसभा वाइज कार्यकर्म प्रभारी बनाया गया है। 21 जनवरी को रामगढ़ के सिदो कान्हू मैदान में बिहार के मुख्यमंत्री सह जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार का आगमन होगा। इसी संदर्भ में कार्यक्रम के जिला संयोजक सह संयोजक और तैयारी समिति की लिस्ट हजारीबाग जिला प्रभारी और प्रदेश महासचिव अभय कुमार महतो को हजारीबाग आगमन पर दी गयी और प्रदेश कमेटी को भी अग्रसारित किया गया। जिला प्रभारी के हजारीबाग आगमन पर स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी सह प्रदेश सचिव अर्जुन कुमार मेहता, प्रदेश सचिव मिथिलेश सिंह, महानगर अध्यक्ष यासीन अंसारी, जिला उपाध्यक्ष भीम मेहता, जिला महासचिव अविरल बिहारी लाल के साथ और कई लोग शामिल थे।

## तैलिक साहू समाज बादम का वनभोज संपन्न



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के ग्राम बादम तेली साहू समाज के नेतृत्व में प्राकृतिक आकर्षित क्षेत्र नरसालिया स्थान में वनभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज का उत्थान के लिए कई बिंदु पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर तैलिक साहू समाज बादम कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सीताराम साहू, उपाध्यक्ष उमाशंकर कुमार, सचिव काशीनाथ साहू, कोषाध्यक्ष अनिल साहू सहित अन्य सदस्य बनाये गये। मौके पर वीरेंद्र कुमार, लालू साव, छकन साव, पवन, त्रिदेव, अशोक, महेंद्र साव, छोटी साव, लंकेश्वर साव, रवि साव, सेवक साव, सुरेंद्र साव, बालेश्वर साव, मृत्युंजय साव, अजय साहू, भूटान साव, अर्जुन साव, मुकेश कुमार, खिरू साव, दिनेश साव, राजो साव, ललन साव, कुलू साव, बिनोद साव, गोविंद, गोपाल, सरोज सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## इचाक में धान क्रय केंद्र का हुआ उद्घाटन



**इचाक (आजाद सिपाही)।** महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड एफ पी सी कार्यालय कुरहा में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन हुआ। कुरहा पंचायत के मुखिया संगीता देवी, पंचायत समिति सदस्य केदार प्रसाद मेहता ने फीता काटकर और किसानों का धान तोलकर किया। मुखिया संगीता देवी ने कहा कि सरकार किसानों के लाभ को ध्यान में रखते हुए पंचायत स्तर पर धान क्रय केंद्र की सुविधा प्रदान किया है। किसान बिचौलिया को धान की बिक्री न करे, पैक्स में धान बेचकर किसान 2300 रुपये प्रति क्विंटल प्राप्त कर सकते है। पंचायत समिति सदस्य केदार प्रसाद मेहता ने कहा कि पैक्स में धान बेचने वाले किसान साफ सुथरा धान भरकर सुखा धान पैक्स में बेचे। इचाक महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के अध्यक्ष अंजू देवी ने कहा कि किसान अपना धान 50 किलो बोरा में भरकर साफ सुथरा धान बेचने की सलाह किसानों को दिया। मौके पर लक्ष्मी देवी, नीतू देवी, राधा देवी, उषा कुमारी, इंदू देवी, शीला देवी, लक्ष्मी कुमारी, अलौंजा पैक्स अध्यक्ष कंचन प्रसाद मेहता, कुरहा पैक्स अध्यक्ष मुकेश कुमार मेहता, राकेश कुमार, जी टी भारत के निर्भय कुमार, संदीप मेहता, नरेश साव, अनिल कुमार, महेश पासवान, राजेंद्र प्रसाद मेहता आदि उपस्थित थे।

## एनटीपीसी के सहयोग से मशरूम उत्पादन कर महिलाएं हो रहीं आत्मनिर्भर



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना ने के द्वारा क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक नयी पहल की शुरुआत की गयी है जो महिलाओं के लिए एक सकारात्मक संदेश लेकर आयी है। इसके तहत महिलाओं को मशरूम कृषिकरण प्रशिक्षण दिया गया है, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से मजबूती मिली है। यह पहल महिलाओं को स्वावलंबन तौर से सक्षम बनाने की दिशा में एक अद्भुत कदम साबित हो रही है। एनटीपीसी केरेडारी परियोजना ने महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार के कृषिकरण किट उपलब्ध करायी हैं, जिसमें मशरूम की खेती, रबड़ मेकिंग, स्ट्रा मेकिंग आदि से जुड़ी तकनीकों का बेहतर उपयोग करने के लिए सहायक सामग्री शामिल हैं। प्रशिक्षण के बाद महिलाएं ने केरेडारी बाजार में उन मशरूमों को बेचा जिससे उन्हें आर्थिक मजबूती भी मिली है। इस उत्पादन के माध्यम से महिलाओं को न केवल एक नई आय का स्रोत मिला है, बल्कि यह उन्हें अपने सपनों की पूर्ति के लिए नया दृष्टिकोण भी प्रदान कर रहा है। एनटीपीसी द्वारा महिलाओं को विभिन्न प्रकार कि कृषिकरण किट उपलब्ध कराने से, कुल 800 महिलाओं को लाभ मिलेगा, जो 45 सेल्फ हेल्प ग्रुप्स के माध्यम से विभिन्न ग्रामों से आती हैं। एनटीपीसी केडी व सीबी कोल माइंस के परियोजना प्रमुख फैज तैयब ने महिलाओं को संबोधित कर इनका उत्साह भी बढ़ाया व केडी व सीबी परियोजना की संस्था संस्कृति महिला समिति के योगदान को भी सराहा है। इस अभियान को सफल बनाने में परियोजना के अपर-महाप्रबंधक सुभाष प्रसाद गुप्ता, मानव संसाधन विभाग से रोहित पाल, वरिष्ठ प्रबंधक आशिष कुल्लु और अधिकारी अल्का पांडा ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 09 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in


# शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव शहादत दिवस पर दी गयी श्रद्धांजलि

## शेख भिखारी और टिकैत उमरांव की शहादत हमेशा हमारे दिलों में रहेगी: सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**ये थे उपस्थित**

विधायक सुनीता चौधरी, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, रोशनलाल चौधरी, तिवारी महतो, दिलीप दांगी, मनोज कुमार महतो, अमृतलाल मुंडा, महेश करमाली, अरुण अग्रवाल, नीरज मंडल, कलावती देवी, अनुपमा सिंह, पिंकी देवी, राजेश महतो, देवा महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

**रामगढ़।** स्वतंत्रता सेनानी झारखंड के अमर वीर शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमरांव सिंह के शहादत दिवस पर सोमवार को चुटूपालू घाटी स्थित प्राचीन वट वृक्ष शहादत स्थल पर विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों पहुंचकर उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। शहादत स्थल पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंकने वाले अमर शहीद शेख भिखारी और टिकट उमरांव सिंह हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे। आज उनके शहादत दिवस पर आजसू पार्टी श्रद्धा सुमन अर्पित करने आयी है। हमारा संकल्प है कि इस पूरे क्षेत्र का विकास कर इस इलाके में ग्राम संसद की स्थापना की जाये। जहां पर इन दोनों शहीदों की मूर्ति स्थापित हो। आज पूरा राज्य इन दोनों अमर शहीदों को याद कर रहा है। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ लोगों को गोल बंद करने वाले शेख भिखारी और टिकैत उमरांव सिंह ने उस वक्त अंग्रेजी हुकूमत की हर नीति विफल कर दी थी। आज उनके शहादत स्थल को सुंदर बनाया गया है। लेकिन उनके गांव में लोग उनको याद रखें और उनके परिवार को पूरा सम्मान मिले, इसके लिए भी सरकार को पहल करने की आवश्यकता है।

**गरीब और जरूरतमंदों के किया गया कंबल वितरण:** शहीद स्थल पर मोमिन कांफ्रेंस के तत्वाधान में गरीब और जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर आबिद अली, गुलाम मुस्तफा, अयूब अंसारी आदि उपस्थित थे।

### देश और राज्य का निर्माण शहादत की बदौलत ही हुआ है: राजेश कच्छप

शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने पहुंचे खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि देश और राज्य का निर्माण शहादत के बदौलत ही हुआ है। शहादत स्थल का सौंदरीकरण तो हो गया है, लेकिन इस जगह को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि अंचल अधिकारी को जमीन चिन्हित करने के लिए कहा गया है। उस जमीन पर पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए कई चीजे बनाइ जायेंगी। आज इस स्थान पर आने वाले लोग अमर शहीदों की पूरी कहानी नहीं जानते हैं। लेकिन जब उनके बारे में यहां बताया जायेगा तो पूरा झारखंड ही नहीं, देश के हर इलाके से आने वाले लोग उनकी बहादुरी के किस जानेंगे।

### ऐतिहासिक स्थल को आने वाली पीढ़ी भी रखेगी याद: चंद्रप्रकाश चौधरी

चुटूपालू घाटी जैसी मनोरम स्थल पर अमर शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमरांव सिंह का यह शहादत स्थल हमारी आने वाली पीढ़ी भी याद रखेगी। इस ऐतिहासिक स्थल का विकास बड़े पैमाने पर होना चाहिए, इस स्थल के बारे में आने जाने वाले लोगों को भी जानकारी होनी चाहिए। आज इसके सौंदरीकरण के लिए कार्य किया गया है, लेकिन इसके आसपास और विकास होना चाहिए, ताकि लोग यहां आकर अपना समय दें और इस स्थान के महत्व के बारे में जाने।

## टंडवा में खुल रहा कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र



टंडवा (आजाद सिपाही)। आम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र सीसीएल के जीएम अमरेश कुमार सिंह के पहल पर परियोजना अंतर्गत विस्थापित-प्रभावित युवाओं के लिये कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र खोला जा रहा है कइसमें सीसीएल और स्किल काउंसिल फॉर माइनिंग सेक्टर के बीच 94.73 लाख रूपये का एक एमओयू किया गया है। जिसमें परियोजना के आस पास विस्थापित और प्रभावित युवाओं को लोडर ऑपरेटर का प्रशिक्षण दिया जायेगा, यह प्रशिक्षण मुर्वे स्टेडियम, सिमरिया रोड मे दिया जायेगा, इस प्रशिक्षण प्राप्त करने की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास तथा हल्के वाहन का लाईसेंस होना अनिवार्य है। कयह एक आवासीय प्रशिक्षण 110 दिनों का होगा जिसमें रहने खाने की सुविधा प्रदान की जायेगी। इस संबंध में जीएम अमरेश कुमार सिंह ने सभी युवाओं से इस प्रशिक्षण का लाभ उठाने का आग्रह किया है। इस प्रशिक्षण का निशुल्क फार्म प्राप्त करने तथा अधिक जानकारी के लिए सामुदायिक विकास विभाग आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय होन्हे में से संपर्क किया जा सकता है। इसके लिये कुल 60 सीट बताये गये है।

## पतरातू में जनता दरबार का आयोजन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पीटीपीएस 5 नंबर रोड स्थित आवास में जनता दरबार का आयोजन किया गया। सैकड़ों की संख्या में मौजूद ग्रामीण अपनी समस्या बारी-बारी से विधायक के समक्ष रखा। इस दौरान जो भी मूलभूत समस्या जनता ने रखी उसे विधायक ने सूचीबद्ध कर आश्वस्त किया कि बहुत जल्द सभी समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। वहीं तत्काल समाधान होने वाले समस्याओं को मौके पर दूरभाष के माध्यम से संबंधित विभाग के अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल, योगेंद्र सिंह खरवार, अंजन प्रसाद, रमेश बेदिया, देव कुमार बेदिया, हसीब अंसारी, मुख्तार अंसारी, रामकुमार महतो, नरेश महतो, अत्ताउल्लाह अंसारी, दीपक उरांव, सैफुल्लाह अंसारी, नरेश महतो, अशोक साव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## ग्राम सभा में आवास के लिए 30 लाभुकों का चयन



**मांडू (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत आदिम जनजाति के बीच आवास आवंटन करने को लेकर मांडू चट्टी पंचायत के ग्राम गोविंदपुर में सोमवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया अनिता देवी ने किया। जबकि संचालन पंचायत सचिव राजकुमार ने किया। बैठक में प्रधानमंत्री जन मन योजना अंतर्गत आदिम जनजाति के 30 लाभुकों को आवास के लिए चयन किया गया। ग्राम सभा में मुख्य रूप से सोनी देवी, राजू विरहोर, मंगल विरहोर, लीला देवी, उर्मिला देवी, सुमित्रा देवी, किरण देवी, किशोर बिरहोर, विनोद विरहोर, छोटेलाल बिरहोर, समाज सेवी छोटेलाल भुईयां, दिनेश प्रजापति, सुरेंद्र गुप्ता, समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## वार्षिक योजना तैयार करने को लेकर की बैठक



**मांडू (आजाद सिपाही)।** वित्तीय वर्ष 2024-2025 वार्षिक योजना तैयार करने को लेकर प्रखंड मुख्यालय मांडू के सभागार में सोमवार को जिला पंचायती राज पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह ने बैठक की। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगाडी, प्रखंड के सभी मुखिया, पंचायत सचिव, जेएसएलपीएस के महिला दीदी और कनीय अभियंता उपस्थित थे। बैठक में डीपीआरओ ने 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत ली जाने वाली वार्षिक योजना के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। साथ ही उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी लोगों को इस बार वार्षिक योजना (2024-2025) से पूर्व महिला सभा और बाल सभा इसके पश्चात विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर वार्षिक योजना तैयार करने की बात कही। मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय राम, जेएसएलपीएस के बीपीएम, पंचायती राज के प्रखंड समंवयक शेखर कुमार, मुखिया रोपण देवी, बैजनाथ राम, अनीता देवी, एतवा मांझी, बुलबुल कुमारी, मदन महतो, अनीता देवी, नागेश्वर साव, जयकुमार ओझा, खगेश्वर महतो, पूजा कुमारी, सरिता देवी, लालमुनी देवी, संगीता देवी, ललन कुमार, पंचायत सचिव राजकुमार साव, सहदेव महतो, कालू पहाड़िया, दशरथ पांडेय, नकुल यादव, अरविंद महतो, रवि सागर पांडेय, कनीय अभियंता पुरुषोत्तम करमाली शिवशंकर बेदिया, समेत कई मुखिया व पंचायत सेवक शामिल थे।

## चीफ हाउस पंचायत के हर वार्ड में बांटे गये कंबल



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बढ़ती ठंड को देखते हुए चीफ हाउस पंचायत में सोमवार को दर्जनों गरीब-जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान पंचायत के मुखिया विकाश पांडेय और पंचायत समिति सदस्य सुनील कुमार उर्फ पिंटू ने अपने पंचायत के हर वार्ड में जाकर 10-10 गरीब जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर मुखिया व पंसस ने कहा की जो लोग चलने-फिरने में असमर्थ हैं उनके घर जाकर कंबल पहुंचाने का कार्य किया जायेगा। मौके पर उपमुखिया विंदा देवी, वार्ड सदस्य मालती देवी, जया देवी, राजु गुप्ता, रेखा देवी, अंजनी देवी, रीता देवी, प्रदीप श्रीवास्तव, समाजसेवी रामवृक्ष राम, जॉस्मिन डिक्रूज, सेविका अंजना मिंज सहित दर्जनों लाभुक मौजूद थें।

## भाजपा रामगढ़ नप प्रतिनिधि मंडल मिला कार्यपालक पदाधिकारी से, सौंपा ज्ञापन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** भाजपा नगर परिषद मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को रामगढ़ स्थित नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर कार्यपालक पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भाजपा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी ने किया। ज्ञापन सौपते हुए प्रतिनिधिमंडल ने कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार से नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के अनुशंसा पत्र के आलोक में जल्द ही समाधान करने की बात कही। दिये गये ज्ञापन पत्र में दिगवार नदी के किनारे विद्युत श्मशान घाट का निर्माण, नप क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक जगहो पर बढ़ते ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था करने, पूर्ण हो चुके प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभूकों को राशि शीघ्र भुगतान करने, सार्वजनिक जगहो पर स्ट्रीट लाइट लगवाने, गरीबों के बीच कंबल वितरण करने, दिगवार फोरलेन से दिगवार स्थित परमेश्वर महतो होटल तक पीसीसी पथ निर्माण, दिगवार काली मंदिर से करमा जाने वाली कालीकरण रोड तक पीसीसी पथ निर्माण एवं गाढ़वाल का निर्माण करने, सफाई अभियान तेज करने, पोचरा काली मंदिर से लेकर सेवटा रउता तक पीसीसी पथ और नाली का निर्माण, रउता व बोंगावार मन्डा टांड मे जलमीनार का निर्माण की मांग शामिल है। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार ने आश्वासन देते हुए जल्दी सभी कार्यों को पूरा करने का भरोसा जताया। मौके पर रामगढ़ नगर परिषद उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि संजय शाह, मंत्री विजय गिरी, भाजपा नेता देवेंद्र गिरी, दुलाल पंडा शामिल रहे।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**कुंदा / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सिकीदाग पंचायत के ग्राम -मदारपुर में सोमवार को चतरा लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय सांसद प्रत्याशी डॉक्टर अभिषेक कुमार सिंह द्वारा मुफ्त चिकित्सा शिविर आयोजित की गई। चिकित्सा शिविर में आए ग्रामीणों को नि: शुल्क नेत्र रोग की जांच व निशुल्क दवा वितरण किया गया। साथ ही स्वास्थ्य के प्रति लोगो को जागरूक भी किया गया। मौके पर डॉक्टर शिव यादव, सुनील यादव उपस्थित थे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम



**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उरैली और गोसाईडीह पंचायत सचिवालय में सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया संजय सिंह और अंजु सिंह के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में चतरा के पूर्व विधायक जनार्दन पासवान शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाभकारी योजना के बारे में विस्तृत रूप से ग्रामीणों को जानकारी दिया गया और प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन सुना गया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रो जैनेन्द्र कुमार सिंह, शिव कुमार चौबे, बिरेंद्र सिंह मुन्ना, गुंजीत कुमार, नागेंद्र यादव तथा पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि और विभाग के प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## विदाई सह सम्मान समारोह संपन्न



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** घुटुवा स्थित छेदी उरांव एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट घुटूवा स्टडी सेंटर में सोमवार को सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित की गयी। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड कल्याण पदाधिकारी राजेश एक्का, विशिष्ट अतिथि प्रो सुरेश पाल, सम्मानित अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद गीता देवी, वार्ड पार्षद बिनोद कुमार तिवारी, बेदिया विकास परिषद के सचेतक देवकीनंदन बेदिया, सेवानिवृत शिक्षक सतपाल बोहरा सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व शिक्षाविद उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित करकार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय गरीब बच्चों के शिक्षा उपलब्ध कराने में मिल का पत्थर साबित होगा। विश्वविद्यालय वर्तमान समय में कुल 31 कोर्स बहुत कम शुल्क में करा रही है एवम बहुत जल्द यूजी और पीजी कोर्स में नामांकन शुरू किया जायेगा। समारोह के दौरान पिछले सत्र के विभिन्न कोर्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले टॉपर जाकिर हुसैन, सुनील कुमार, मालती कुमारी, सुरेंद्र कुमार बेदिया, शिवराज महतो सहित कई अन्य लोगों को पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह एवम शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। वहीं नये सत्र के छात्र छात्राओं का अभिनंदन किया गया। मंच संचालन झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के राज्य नॉडल ऑफिसर सह छेदी उरांव एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के निदेशक डॉ मनोज कुमार अगरिया ने किया। मौके पर डॉ अमरजीत कुमार, दिवाकर बेदिया, सुरेंद्र बेदिया, खगेन्द्र महतो, रीता कुमारी आदि उपस्थित थे।

## चतरा में जिला समन्वय समिति की बैठक हुई

# 152 पंचायतों में प्रज्ञा केंद्र का संचालन कराना सुनिश्चित करें: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता




**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), अबुआ आवास योजना और अन्य विकास तथा कल्याणकारी योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, रूरल मिशन योजना इत्यादि की समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बाबासाहेब भीमराव अम्बेदकर आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना समेत अन्य विकास योजनाओं कि समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने राज्य सरकार, केंद्र सरकार व जिला प्रशासन के प्राथमिकता वाले योजनाओं को लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं वन विभाग या भूमि के कारण लंबित योजनाओं को संबंधित विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पूर्ण कराने और संबंधित को हस्तगत कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होनें कहा जिले भर में सभी पात्र लाभूकों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें काफी संख्या में आवास विहीन जिनको आवास की आवश्यकता है उनके द्वारा शिविर में आवेदन किया गया है। इन सभी लाभूकों का नियम संगत भौतिक सत्यापन और पात्रता का जांच करते हुए अबुआ आवास योजना से लाभान्वित करें।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत जिन लाभूकों को आवास बनाने के लिए दी गयी प्रथम, द्वितीय और तृतीय किश्त की राशि का भुगतान होने वाले लाभूकों का आवास पूर्ण कराने, वैसे लाभूक जिन्हे किश्त की राशि अभी तक नहीं दी गयी है उसकी किस्त की राशि जल्द से जल्द देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

15वें वित्त अंतर्गत जिला परिषद, पंचायत समिति, ग्राम पंचायत और अन्य में प्राप्त आंवटन के विरूद्ध खर्च किये गये राशि की क्रमवार समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। समीक्षा के क्रम में उन्होने कहा जिन पंचायत सचिवालय में पेयजल की समस्या है और वहां तक पहुंच पथ नहीं है उसका भौतिक सत्यापन कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल, निदेशक डीआरडीए अरूण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनीन्द्र भगत, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनी कुमारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

# पतरातू में इसीआरकेयू ने की भूख हड़ताल

आजाद सिपाही संवाददाता



**पतरातू।** इसीआरकेयू यूनियन के तत्वाधान में रेलवे स्टेशन परिसर में रेलवे मजदूरों ने सोमवार को भूख हड़ताल पर रहे। एस.के.सांगा के नेतृत्व में आंदोलन विशेष रूप से एनपीएस के वहिष्कार के लिए था। इस अवसर पर इसीआरकेयू, हाजीपुर के सहायक महामंत्री ओम प्रकाश ने कहा कि सरकार पुरानी पेंशन को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं हैं। रेलवे कर्मचारियों को एकजुट होकर आंदोलन करना होगा। पुरानी पेंशन हमारा स्वाभिमान, हमारा हक है। इसे लेके रहेंगे। लाल बाबू महतो ने कहा कि एनपीएस कर्मचारी के हित मे नहीं है, बुढ़ापा का सहारा है पेंशन, सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारियों को अपने परिवार को चलाने के लिए पेंशन की आवश्यकता होती है। वर्तमान सरकार पेंशन को खत्म कर दिया है इस सरकार के विरुद्ध में जमकर लड़ना होगा। शाखा सचिव आर एन चौधरी ने एनपीएस को नासूर कहा, जो कर्मचारियों के बुढ़ापा को खोखला कर देगा।

इसलिए कर्मचारी एकजुट होकर यूनियन को मजबूत करने का काम करेंगे। इस मौके पर सुरेन्द प्रसाद मुकेश कुमार, लाल बाबू महतो, कुश कुमार चौधरी, आकाश, प्रेम राज पटेल, मनीष, रमेश, पंकज कुमार, गौतम, गौरी शंकर सोय, एस सी श्रीवास्तव, दुर्गेश कुमार सिंह, मोहन सिंह, सुधीर कुमार केशरी, अनुज कुमार, शशि रंजन, संजीव कुमार यादव, सनोज कुमार भारती, कुंदन लाल शास्त्री, पंकज कुमार, कमलेश कुमार यादव, अमित रंजन, अमित कुमार, मणिकांत मनी, दिलखुश कुमार, मोहम्मद फिरोज अंसारी, मंजय कुमार, जीतेन्द्र कुमार, संतोष कुमार, मृतांजय कुमार, विकाश, आदि इसीआरकेयू यूनियन के सदस्य शामिल थे।

## पोस्ते की खेती को किया गया नष्ट



**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सरदम और फुलवरिया वन भूमि और गैर वन भूमि पर सोमवार को पोस्ता उन्मूलन अभियान चलाया गया। इस दौरान छह एकड़ में लगे पोस्ते की खेती को ट्रैक्टर से नष्ट किया गया। इस अभियान का नेतृत्व प्रभारी वनपाल पवन कुमार ने किया। इस अभियान में वनरक्षी कपिलदेव कुमार मेहता, राजीव रंजन, सुबोध सोनी और जोरी थाना पुलिस बल के जवान बशिष्टनगर थाना की पुलिसकर्मी और हंटरगंज वन कर्मी शामिल थे।

## डीसी ने इवीएम डेमोंसट्रेशन केंद्र और मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन को लेकर की बैठक

# इवीएम और वीवीपैट से लोगों को जागरूक किया जायेगा: डीसी

### वोटिंग अवेयरनेस के लिए डीसी और एसडीएम कार्यालय में खुलेगा इवीएम डेमोंसट्रेशन केंद

आजाद सिपाही संवाददाता



**बैठक में ये थे उपस्थित**

बैठक में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव की तैयारी अब जोर पकड़ रही है। जिला प्रशासन ने अपनी ओर से सारी प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली है। अब आम नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। सोमवार को डीसी चंदन कुमार ने बताया कि चुनाव के दौरान सबसे ज्यादा सवाल राजनीतिक पार्टियों के द्वारा इवीएम पर ही उठाये जाते हैं। इवीएम तकनीकी रूप से कितना मजबूत है और कोई भी इसे अपने फायदे के लिए इस्तेमाल नहीं कर सकता है। इसके बारे में भी आम जनता को पता होना चाहिए। चुनाव आयोग के निर्देश पर इवीएम डेमोंसट्रेशन केंद्र खोला जा रहा है। डीसी और एसडीओ कार्यालय में स्थाई रूप से यह डेमोंसट्रेशन चलता रहेगा। इसके अलावा शहर से लेकर गांव तक मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन में मौजूद ईवीएम और वीवीपैट से लोगों को जागरूक किया जायेगा। इस केंद्र पर आने वाला हर आम नागरिक जानेगा कि कोई भी वोटिंग के दौरान इसमें छेड़छाड़ नहीं कर सकता है। जो नागरिक जिस भी प्रत्याशी को वोट डालना चाहता है उसका वोट सीधे-सीधे उसी को जायेगा।

### डेमोंसट्रेशन की शुरुआत 10 जनवरी से

जिला समाहरणालय के सभागार में ईवीएम डेमोंसट्रेशन केंद्र एवं मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी देने के उद्देश्य से ईवीएम डेमोंसट्रेशन केंद्र और मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन का संचालन किया जाना है। डेमोंसट्रेशन की शुरूआत 10 जनवरी से की जाएगी जो की लोकसभा निर्वाचन 2024 की अधिसूचना जारी होने तक संचालित रहेगा। इस कार्य में 86 ईवीएम लगाये जायेंगे।

# लोकतंत्र का सवाल

पड़ोसी बांग्लादेश में रविवार को 12वें आम चुनाव हिंसा की घटनाओं और बहिष्कार की अपीलों के साये में संपन्न हुए। ये चुनाव इस बात का भी संकेत हैं कि किसी देश में लोकतंत्र के ढांचे के बने रहते हुए भी अगर लोकतांत्रिक चेतना कमजोर पड़ने लगे तो वहां चुनाव लोगों की नजर में सार्थकता खोने लगते हैं। इसका सबूत यह है कि इन चुनावों में मतदान प्रतिशत काफी कम रहा। पहले चार घंटों में मात्र 18.5 फीसदी वोट दर्ज किये गये थे। हालांकि जहां तक इन चुनावों की स्वतंत्रता और निष्पक्षता का सवाल है, तो उस पर नजर रखने के लिए 100 से ज्यादा विदेशी प्रेक्षक बांग्लादेश में मौजूद हैं, जिनमें 3 भारतीय भी हैं। इन प्रेक्षकों की रिपोर्ट का अंतरराष्ट्रीय बिरादरी इंतजार करेगी, लेकिन देश के अंदर के माहौल की बात करें, तो चुनावों के विरोध का भाव भले हो, इसके नतीजों को लेकर किसी तरह का सस्पेंस नहीं है। मतों की गिनती का काम सोमवार सुबह से शुरू हो गया था, जैसे कि यह बात तय मानी जा रही है कि मौजूदा प्रधानमंत्री शेख हसीना फिर से सत्तारूढ़ हो गयीं। यह उनका कुल मिला कर पांचवां और लगातार चौथा कार्यकाल है। परिणामों को लेकर इस तरह की निश्चितता की वजह यह है कि मुख्य विपक्षी पार्टी बीएनपी इन चुनावों में हिस्सा ही नहीं ले रही थी। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया भ्रष्टाचार के आरोपों में घर में नजरबंद हैं और उनकी पार्टी बीएनपी ने इन चुनावों के बहिष्कार की अपील कर रखी है। चुनावों से पहले ही हजारों की संख्या में विपक्ष के नेता, कार्यकर्ता और समर्थक गिरफ्तार किये जा चुके हैं। वैसे, बांग्लादेश में लंबे समय से राजनीतिक स्थिरता रही है। शेख हसीना 2008 से लगातार सत्ता में हैं। उन्हें बांग्लादेश को आर्थिक विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ाने का श्रेय भी दिया जाता है। कुछ साल पहले तक बांग्लादेश की गारमेंट इंडस्ट्री की बढ़त को एक मिसाल के तौर पर पेश किया जाता था। हालांकि 2022 के बाद से इसकी ग्रोथ पहले जैसी नहीं रही। अब चुनावों के बाद विपक्ष के असहयोग की संभावना को देखते हुए माना जा रहा है कि नयी सरकार के लिए आर्थिक सुधारों की प्रक्रिया आगे बढ़ाकर इकॉनमी को फिर से पटरी पर लाना शायद आसान न हो। भारत सरकार ने ठीक ही यह एकदम स्पष्ट कर रखा है कि चुनाव पूरी तरह से बांग्लादेश का आंतरिक मामला है। बांग्लादेश के साथ भारत के अच्छे संबंध रहे हैं और हाल के वर्षों में उनमें और सुधार देखने में आया है। बांग्लादेश की जमीन से भारत में आतंकवादी हरकतों को अंजाम देने वाले तत्वों पर भी काफी हद तक लगाम लगायी गयी है। चुनावों के बाद जो भी सरकार आयेगी उसके साथ भारत अपने संबंधों को नयी ऊंचाई देने का काम जारी रखेगा।

**बांग्लादेश की जमीन से भारत में आतंकवादी हरकतों को अंजाम देने वाले तत्वों पर भी काफी हद तक लगाम लगायी गयी है। चुनावों के बाद जो भी सरकार आयेगी उसके साथ भारत अपने संबंधों को नयी ऊंचाई देने का काम जारी रखेगा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**सीआरपीएफ के पास आज 246, बीएसएफ के पास 193 और आइटीबीपी के पास 56 बटालियन हैं और एसएसबी के पास 73 बटालियन हैं। एनएसजी एक छोटा गठन है, लेकिन यह एक बहुत ही विशिष्ट इकाई है। ये बड़ी ताकतें हैं और इन्हें बिल्कुल प्रथम श्रेणी के नेतृत्व की आवश्यकता है, जो आगे बढ़ कर नेतृत्व करें, कर्मियों को प्रेरित करें तथा उनके कल्याण की देखभाल करें।**

# केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की अनदेखी क्यों

प्रकाश सिंह

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के साथ सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। भारत सरकार उनकी जनशक्ति (अब महिला शक्ति भी) बढ़ा रही है, उन्हें बेहतर उपकरण और संसाधन दे रही है और उनके वार्षिक बजट में वृद्धि कर रही है, लेकिन उनके कामकाज के कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं पर सरकार का पर्याप्त ध्यान नहीं गया है और यह उनके अनुशासन, मनोबल और युद्ध क्षमता को नुकसान पहुंचा रहा है।

इस आलेख में सभी बिंदुओं को शामिल करना कठिन होगा। यहां, मैं विशेष रूप से शीर्ष स्तर के लिए नेताओं के चयन के मुद्दे पर चर्चा करूंगा। इस प्रक्रिया में बहुत अधिक तदर्थवाद दिखायी देता है। सीआरपीएफ के पास आज 246, बीएसएफ के पास 193 और आइटीबीपी के पास 56 बटालियन हैं और एसएसबी के पास 73 बटालियन हैं। एनएसजी एक छोटा गठन है, लेकिन यह एक बहुत ही विशिष्ट इकाई है। ये बड़ी ताकतें हैं और इन्हें बिल्कुल प्रथम श्रेणी के नेतृत्व की आवश्यकता है, जो आगे बढ़ कर नेतृत्व करें, कर्मियों को प्रेरित करें तथा उनके कल्याण की देखभाल करें।

**सीएपीएफ के लिए ऐसे अधिकारी को नौकरी पर रखना बहुत अनुचित है, जिसने 3 दशकों से वर्दी नहीं पहनी है।**

सरकार को इन सीएपीएफ (सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स) के महानिदेशक पद पर अधिकारियों की नियुक्ति के लिए दिशा-निर्देश तैयार करने चाहिए। इस प्रकार यह निर्धारित किया जा सकता है कि जब तक किसी अधिकारी ने सीएपीएफ में कम से कम 2 वर्षों तक क्षेत्र में डीआइजी/आइजी के रूप में कार्य नहीं किया हो या कम से कम 2 वर्षों तक राज्य में सशस्त्र पुलिस गठन का प्रभार नहीं संभाला हो, तब तक उसे ऐसा नहीं करना चाहिए। किसी भी सीएपीएफ में महानिदेशक के पद पर पदोन्नति पर विचार किया जायेगा। बिना अनुभव वाले अधिकारियों के सेना में शामिल होने पर काफी नाराजगी है। वरिष्ठ आइबी अधिकारी, जो दशकों से सेवा कर रहे, संगठन में शीर्ष स्तर तक पहुंचने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें सीएपीएफ में से एक में महानिदेशक के रूप में समायोजित किया जाता है। सीएपीएफ के लिए ऐसे अधिकारी को नौकरी पर रखना बहुत अनुचित है, जिसने लगभग 3 दशकों से वर्दी नहीं पहनी है।

अधिकारी अपने सामने आने वाली समस्याओं को लेकर असमंजस में है और उसे उन लोगों की निष्ठा या सम्मान प्राप्त नहीं है, जिनका नेतृत्व करने की उससे अपेक्षा की जाती है। ऐसे अधिकारियों के पुनर्वास के लिए सरकार की चिंता समझ में आती है। बेहतर होगा कि उन्हें किसी ऐसे मंत्रालय में समायोजित कर दिया जाये, जहां उन्हें डैस्क जॉब करनी होती है। सीएपीएफ को उन अधिकारियों के लिए डंपिंग ग्राऊंड नहीं बनना चाहिए, जो उस संगठन में शीर्ष तक नहीं पहुंच सके, जहां उन्होंने काम किया एक और मामला जो वरिष्ठ अधिकारियों के बीच नाराजगी का कारण बन रहा है, वह है किसी पदाधिकारी की सेवानिवृत्ति के बाद शीर्ष पद पर उत्तराधिकारी की नियुक्ति में देरी।

ऐसे अनेक उदाहरण हैं, कुछ उदाहरण ही पर्याप्त होने चाहिए। 2020 में वीके जौहरी की सेवानिवृत्ति के बाद बीएसएफ के डीजी (महानिदेशक) का पद खाली रहा और राकेश अस्थाना की तैनाती से लेकर 5 महीने तक कोई नियमित पदधारी नहीं था। 2022 में एसएल थाओसेन के तबादले के बाद जब तक रश्मि शुक्ला की पोस्टिंग नहीं हुई, तब तक 5 महीने तक एसएसबी में कोई नियमित डीजी नहीं था। गृह मंत्रालय को ऐसा प्रतीत होता है कि इन शीर्ष पदों को उचित समय पर भरा जा सकता है कि अगर वे कुछ हफ्तों या महीनों तक भी खाली रहें तो कोई नुकसान नहीं होगा। अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार लेने के लिए कहा जा सकता है और सीएपीएफ मशीन सुचारू रूप से काम करेगी। क्या आपने कभी किसी देश के सेना, नौसेना या वायुसेना प्रमुख के बिना होने के बारे में सुना है? ये लड़ाकू संरचनाएं हैं और इसलिए किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहती हैं।



**सीएपीएफ साल के हर दिन आंतरिक सुरक्षा समस्याओं से निपट रहे हैं और अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा कर रहे हैं। उन्हें एक दिन के लिए भी नेतृत्व विहीन नहीं होना चाहिए। सभी अधिकारियों की सेवानिवृत्ति की तारीखें ज्ञात हैं। इसके लिए केवल उच्चतम स्तर पर योजना और समय पर निर्णय की आवश्यकता है।**

सीएपीएफ साल के हर दिन आंतरिक सुरक्षा समस्याओं से निपट रहे हैं और अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा कर रहे हैं। उन्हें एक दिन के लिए भी नेतृत्व विहीन नहीं होना चाहिए। सभी अधिकारियों की सेवानिवृत्ति की तारीखें ज्ञात हैं। इसके लिए केवल उच्चतम स्तर पर योजना और समय पर निर्णय की आवश्यकता है। सीएपीएफ के प्रदर्शन को प्रभावित करने वाला एक अन्य कारक साल भर में उनकी लगभग पूर्ण तैनाती है, जिसके परिणामस्वरूप प्रशिक्षण की उपेक्षा की जा रही है। प्रत्येक बटालियन में एक कंपनी प्रशिक्षण उद्देश्यों के लिए निर्धारित की जाती थी और सामान्य परिस्थितियों में इसका उपयोग नहीं किया जाता था। हालांकि, असामान्य इन दिनों आंशिक रूप से सामान्य हो गया है, क्योंकि राज्य पुलिस या तो अपनी कानून और व्यवस्था की समस्याओं से निपटने में असमर्थ है या फिर राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी से बचना पसंद करती है और केंद्र से सुदृढ़ीकरण पर जोर देती है। कुछ समय पहले, केंद्र ने इस आश्वासन के साथ कुछ सीएपीएफ में प्रत्येक बटालियन की ताकत एक कंपनी द्वारा बढ़ा दी थी। इन ताकतों के साथ खिलवाड़ नहीं किया जाना चाहिए, अन्यथा हमारी सुरक्षा के लिए किसी भी गंभीर खतरे की स्थिति में हमें भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। केंद्र को सीएपीएफ की असंख्य समस्याओं पर विचार करने और उनके प्रदर्शन को उच्च स्तर पर बनाये रखने के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक उपाय सुझाने के लिए एक आयोग नियुक्त करना अच्छा होगा।

## नया साल



मंजुला शरण

सभी महीने तीस के, मगर दिसंबर खास।
नयी नवेली जनवरी, सर्दी की है सास।।
बिना उमर दिसम्बर को, भेजा नदिया पार।
दुनियां वालों का यही, होता है व्यवहार।।
युवा नहीं दिसम्बर है, कांप रहे सब गात।
ओढ़ दुशाला जनवरी, सजा रही है रात।।
मागू मैं दुआ रब से, दुनियां हो खुशहाल।
मरे न कोई भूख से, और न हो बेहाल।।
शोला ना भड़के कहीं, फिर ना जले हमास।
रोटी हो दो वक्त की, अमन चैन विश्वास।।
भारत हो विजयी सदा चंद्रविजय सी शान।
कोई सीमा ना रहे, बनी रहे पहचान।।
दो हजार चौबीस का, मिले यही वरदान।
नाथ हमारी विनय का, रखना इतना ध्यान।।

## उलदा मंदिर में 22 को मनेगा भव्य दीपोत्सव जलेंगे 1001 दीपक

गालूडीह (आजाद सिपाही)। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर पूरे देश में जश्न का माहौल है। देशभर के राम मंदिरों में इस इसको लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। इस अवसर पर उलदा के वैष्णो देवी मंदिर परिसर में स्थित राम मंदिर में दीपोत्सव का आयोजन किया जायेगा। मंदिर कमेटी की ओर से 1001 दीप जलाये जायेंगे, इसके अलावा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया है। वहीं, मंदिर कमिटी द्वारा मंदिर परिसर में एचडी डिस्प्ले स्क्रीन के माध्यम से राम मंदिर उद्घाटन समारोह को लाइव प्रसारण को लेकर योजना बनायी जा रही है। 16 अप्रैल 2022 को हुई थी प्राण प्रतिष्ठाः उलदा राष्ट्रीय उच्चपथ-33 के किनारे माता वैष्णो देवी के भव्य मंदिर की 16 अप्रैल 2022 को प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। मंदिर का निर्माण राजकिशोर साहू और किरण साहू द्वारा किया गया है। मंदिर प्रांगण में 16 से 25 अप्रैल तक माता वैष्णो देवी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव और श्रीमद्देवी भागवत कथा का आयोजन किया गया था।

## जमशेदपुर की खबरें

# धूमधाम से मनाया गया संताली भाषा सम्मान दिवस समारोह

- भारत सरकार के साहित्य अकादमी से पुरस्कृत 18 साहित्यकारों ने लिया हिस्सा
- साहित्य के साथ संस्कृति का भी हुआ अद्भुत समागम
- साहित्यकारों ने भी लिया सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** घाटशिला महाविद्यालय में संताली विभाग द्वारा धूमधाम से संताली भाषा सम्मान दिवस समारोह मनाया गया। इसमें भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के साहित्य अकादमी द्वारा सम्मानित 18 साहित्यकारों ने हिस्सा लिया। जिन्हें संताली साहित्य सेवी सम्मान से विभूषित किया गया। समारोह में साहित्य के साथ संस्कृति का अद्भुत समागम हुआ। सभी साहित्यकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेकर छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। समारोह का विधिवत उद्घाटन पद्मश्री जमुना टुडू, कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ राजेंद्र भारती और प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने पंडित रघुनाथ मुर्मू और भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर किया। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ आरके चौधरी ने किया। समारोह में सभी अतिथियों का सम्मान प्राचार्य डा चौधरी ने अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर किया। इसके साथ उन्होंने अपने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों, साहित्यकारों आदि का स्वागत करते हुए संताली भाषा के विकास यात्रा को बताते हुए कहा कि संताली भाषा को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में जो शामिल किया गया, वह भारतीय गजट में 8 जनवरी 2004 को प्रकाशित हुआ था। प्राचार्य ने अपने संबोधन में विधायक रामदास सोरेन के विधायक निधि से बने भव्य मुख्य द्वार की सराहना करते हुए यह मांग किया कि वे महाविद्यालय के बाउंड्री वॉल का भी निर्माण अपने विधायक निधि से करवा दें। समारोह में पद्मश्री जमुना टुडू, कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ राजेंद्र भारती और पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा में अपने संबोधन में इस आयोजन की सराहना करते हुए संताली भाषा सम्मान दिवस पर सबों को शुभकामनाएं दी। वहीं विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत ने अपने संबोधन में प्राचार्य के मांग पर बताया कि कॉलेज की टूटी बाउंड्रीवाल का निर्माण विधायक निधि से शीघ्र करवाया जायेगा।

समारोह में संताली भाषा के क्षेत्र में सेवा कार्य के लिए संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित मूल पुरस्कार प्राप्तकर्ता भोगला सोरेन, भुजंग टुडू, युवा पुरस्कार प्राप्त श्याम सी टुडू ,रानी मुर्मू , सालगे हांसदा, बाल पुरस्कार प्राप्त पीतांबर हांसदा, जोबा मुर्मू, शोभा हांसदा, मानसिंह माझी, अनुवाद पुरस्कार प्राप्त सारो हांसदा, मंगल माझी, सोभानाथ बेसरा, जोबा मुर्मू, गणेश ठाकुर हांसदा, सूर्य सिंह बेसरा, रविंद्र नाथ मुर्मू, ताला टुडू और चंद्र मोहन किस्कू को अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में संताली विभाग की छात्र-छात्राएं अपनी संस्कृति पर केंद्रित समूह नृत्य प्रस्तुत किया। नृत्य में सभी सम्मानित साहित्यकारों ने शामिल होकर सांस्कृतिक समागम का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। इससे पूर्व संताली विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा लगाये गये अपनी संस्कृति पर केंद्रित प्रदर्शनी का सभी अतिथियों ने निरीक्षण किया और उसे सराहनीय बताया। समारोह में जिला पार्षद दिव्यानी मुर्मू, काजल डॉन, डॉक्टर पीके गुप्ता, डॉक्टर एसके सिंह, प्रोफेसर इंदल पासवान, डॉक्टर एसपी सिंह, प्रोफेसर महेश्वर प्रमाणिक, प्रोफेसर विकास मुंडा, डॉ संदीप चंद्रा, प्रोफेसर सोमा सिंह, प्रोफेसर अर्चना सुरीन आदि के अलावे शिक्षक, कर्मचारी और काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## ठंड से बचाव के लिए जारी रहेगी संस्था की कंबल सेवा : ललित दास



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लौहनगरी जमशेदपुर में शीतलहर व कड़कती ठंड को देखते हुए शहर की प्रतिष्ठित समाजिक संस्था लोक समर्पण के द्वारा कंबल का वितरण किया गया। सोमवार को संस्था के अध्यक्ष ललित दास के नेतृत्व में भुइयांडीह स्थित छायानगर सामुदायिक भवन के समक्ष स्थानीय जरूरतमंद 300 से अधिक लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। मौके पर अध्यक्ष ललित दास ने स्थानीय लोगों के बीच नव वर्ष की शुभकामनाएं व्यक्त की। उन्होंने कहा शहर की संस्था लोक समर्पण जमशेदपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में लगातार सेवा दे रही है। बढ़ते ठंड को देखते हुए बचाव हेतु सैकड़ों जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण का कार्य आगे भी सुचारू रूप से निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने विश्वास जताया लोग इन कंबलों का उपयोग लंबे समय तक करेंगे। वहीं कंबल मिलने पर लोगों के चेहरे पर खुशी साफ तौर पर झलक उठी। सभी ने एक सुर में संस्था के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर उमेश साव,नागेंद्र राय, निक्की पात्रो, ओम कश्यप, संस्था के सचिव नीरज कुमार, कोषाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, ज्ञान सिंह चौहान, रूपेश साहू, प्रदीप दुबे, सुभाष मुखी, रितेश दत्ता, मिथलेश साव, देवाशीष, धीरज कुमार, दीपक सिंह सहित अन्य शामिल रहे।

# टाटा मोटर्स यूनियन ने श्रमायुक्त को मांग पत्र सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बीते दिनों टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन व प्रबंधन के बीच वार्ता के बाद यूनियन के एक प्रतिनिधि मंडल ने रांची स्थित सचिवालय में श्रमायुक्त से मुलाकात की। सोमवार को मुलाकात के दौरान अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री आरके सिंह, सलाहकार प्रवीण सिंह, संयुक्त महामंत्री अजय भगत संयुक्त रूप से शामिल रहे। बैठक में अध्यक्ष और महामंत्री ने टाटा मोटर्स जमशेदपुर में कार्य के माहौल, कर्मचारियों की परंपरा, कंपनी में तकनीक और प्रशिक्षित लोगों की महत्व और औद्योगिक सोहदपूर्ण वातावरण को कायम रखने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने टाटा मोटर्स के अस्थायी कर्मी को ज्यादा से ज्यादा संख्या में यथासंभव जल्द स्थायी करण की मांग की। साथ ही किसी भी अस्थायी कर्मचारी का जमशेदपुर प्लांट से अन्य किसी प्लांट में स्थानांतरण के लिए रोक लगाने की मांग की। इसके आलावे उन्होंने कहा जमशेदपुर प्लांट में वार्ड एंपलाइज सिस्टम बना है। जिससे आने वाले समय में कर्मचारियों की जरूरत को कंपनी में पूरा की जाती है। उसे पूर्व की भांति जारी रखा जाये। जिससे कर्मचारी पुत्रों का लगातार नियोजन संभव हो पायें। अध्यक्ष और महामंत्री ने यूनियन की ओर से तीनो मांग को बरकरार रखना के लिए श्रमायुक्त से आग्रह किया। मौके पर उन्होंने लिखित रूप में श्रमायुक्त को एक मांग पत्र सौपा। जनकारी मिलने पर श्रमायुक्त ने आश्वासन देते हुए इन विषयों को गंभीरता पूर्वक अध्ययन करने के साथ अगली बैठक में यूनियन को भी शामिल करने की बात कही। ताकि निदान का प्रयास किया जा सके। मौके पर यूनियन के आफिस बेयरर, कमेटी मेंबर, आरके सिंह फैंस क्लब के सदस्य और अस्थाई कर्मचारी शामिल रहे।

# शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पुर्वी सिंहभूम जिले के झामुमो जिला समिति के द्वारा भारत देश के लिए अपनी जान की आहुति देने वाले शहीद शेख भिखारी और शहीद टीकैत उराव का 166वां शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सोमवार को झामुमो जिला समिति के द्वारा संपर्क कार्यालय में झामुमो के वरिष्ट नेताओं ने बारी-बारी से शहीद शेख भिखारी और शहीद टीकैत उराव के चित्र पर मालार्पण कर उन्हें नमन किया। साथ ही उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की सीख ली। इस अवसर पर प्रमोद लाल, बीरसिह सुरेन, जिला उपाध्यक्ष सागेन पुरती, अरूण प्रसाद, फैयाज अहमद खान, प्रीतम हेंब्रम, उमानाथ झा, धीरेन मारडी, कालू गोराई, अरुण सिंह राजा, विक्टर सोरेन, मोहम्मद समद अंसारी, अब्दुल बारी अंसारी, विधायक प्रतिनिधि रायमुल बंडरा सहित सैकड़ो झामुमो कार्यकर्ता शामिल रहे।

## कृषि मेला सह प्रदर्शनी आयोजन में अपने उत्पादों के साथ 85 किसान हुए शामिल

# कृषि मेला वरदान साबित होगा: जिप अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड के मध्य विद्यालय खरौंधी के प्रांगण में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा के द्वारा अनुमंडलीय स्तर पर कृषि मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों किसानों ने कार्यक्रम में भाग लिया। जबकि 85 किसान अपने साथ अलग-अलग कृषि उत्पादों के साथ कृषि प्रदर्शनी में शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष शांती देवी और उपविकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने किया। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में कृषि मेला का आयोजन अनुमंडल के किसानों के लिए वरदान साबित होगा। यहां के किसानों को कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा बताये गये तकनीकी के आधार पर खेती करने से किसानों का उत्पादन क्षमता बढ़ेगा। जिससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी। उपविकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने कहा कि कृषि मेला सह प्रदर्शनी किसानों के लिए बहुत बड़ा मंच है, जहां पर किसान अपनी समस्या को कृषि वैज्ञानिकों के बीच रखकर खेती से संबंधित समाधान कर सकते हैं। देश की तकदीर तभी बदलेगी, जब किसान के उत्पादन क्षमता बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि 2016 में खरौंधी और अन्य क्षेत्रों मे अतिवृष्टि से टूटे हुए बांधों को मनरेगा के द्वारा बंधवाया जायेगा। इसके अलावा खरौंदी प्रखंड के लिए मनरेगा से ज्यादा से ज्यादा सिंचाई कूप की मांग जिला से किया गया है। यहां के किसानों को मनरेगा से सिंचाई कूप मिलेगा। जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से यहां के किसान जागरूक होंगे। नई-नई तकनीक की जानकारी मिलेगी, जिससे किसान अपना पैदावार बढ़ा पायेंगे।

जेएसएलपीएस आजीविका मिशन की शोभा कुमारी, सोनी देवी ने कृषि मेला में जैविक खाद प्राणा मृत, नाडेफ जैविक खाद, ब्रह्मास्त्र कीटनाशक दवा और विटामिन में अंडा टॉनिक बनाया जो आकर्षण का केंद्र बना रहा। इन महिलाओं ने बताया कि खेती के लिए बनायें गये उत्पाद बहुत ही लाभकारी है।

इस मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद, आत्मा के उपनिदेशक नरेंद्र नाथ सिंह, जिला पशुपालन पदाधिकारी विद्यासागर सिंह, जिला उद्यान पदाधिकारी रविशंकर वर्णवाल, जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू, जिला पंचायती राज पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार, जिला परिषद उपाध्यक्ष सतनारायण यादव, जिला परिषद की ओर कृषि सभापति शंभू चंद्रवंशी आदि लोग उपस्थित थे।

# संविदा कर्मचारियों ने दो दिनों का लिया सामूहिक अवकाश

**नियमितीकरण और मानदेय भुगतान को लेकर किया सामूहिक आंदोलन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड राज्य समाज कल्याण संविदा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले महिला और बाल विकास समाज कल्याण के 52 प्रखंड के 52 परियोजनाओं में संविदा पर विगत 18 वर्षों से लेडी सुपरवाइजर और सांख्यिकी सहायक लिपिक सह टंकक आदेश पाल कार्यरत है। जिनके द्वारा नियमितीकरण और मानदेय भुगतान नहीं हो पाने के कारण दो दिनों का सामूहिक आकस्मिक अवकाश और मुख्यालय से बाहर जाने का संबंध में विभाग को लिखित पत्र सौंपा। आंदोलनरत कर्मियों ने कहा है कि सभी महिला पर्यवेक्षिका आदेश पाल को लगभग 10 महीने की संविदा भता की राशि भुगतान नहीं हुआ है। जिस कारण उनकी आर्थिक और दैनिक स्थिति बहुत ही दयनीय हो गयी है। बच्चों के स्कूल की फीस मकान का किराया, आने-जाने और क्षेत्र भ्रमण का परिवहन का किराया देना भी बहुत कठिन हो गया है। कर्मियों ने कहा है कि वित्त विभाग झारखंड सरकार के संकल्प संख्या 1/2009/1284 वीं में उल्लेखनीय राशि के अनुरूप संविदा राशि का भुगतान अब तक नहीं हुआ है। सभी महिला और बाल विकास समाज कल्याण के 52 प्रखंड के 52 परियोजनाओं के सभी महिला पर्यवेक्षिका और सांख्यिकी सहायक लिपिक सहायक आदेश पाल दो दिनों का आकस्मिक अवकाश पर रहने का निर्णय लिया है। मौके पर संध्या रानी, प्रतिमा, राना तबस्सुम, जय चंदा वर्मा, अनिल सहित सभी संविदाकर्मी उपस्थित थे।

## बैडमिंटन टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन



**मझिआव (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत मुख्य बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक के पीछे गढ़ प्रांगण में नया सवेरा नया उजाला सीजन 2 के तत्वाधान में भव्य बैडमिंटन टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला कल्याण पदाधिकारी नीरज कुमार मुरमू मझिआव अंचलाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता, आरके पब्लिक की स्कूल के डायरेक्टर श्री अलकनाथ पांडे, राधा कृष्ण मंदिर के महंत श्री श्री 108 श्री बाबा केशव नारायण दास के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित और फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस टूर्नामेंट का आयोजन कर्ता युवा समाजसेवी सह नगर पंचायत अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी मारुतनंदन सोनी के द्वारा आये हुए मुख्य अतिथियों मल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया।

# हम हर संभव मदद के लिए तैयार : विकास माली

**11 मुस्लिम कन्याओं का निकाह करायेगा कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था के द्वारा आगामी 7 फरवरी को 11 मुस्लिम कन्याओं का सामूहिक विवाह करने को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ एक बैठक किया। इस दौरान कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि संस्था अपने उद्देश्यों को लेकर लगातार जमीनी स्तर पर कार्य कर रहा है। बीते 6 दिसंबर को 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह करने का जो संस्था के द्वारा बीड़ा उठाया गया था। संस्था के संरक्षक उमर नूरानी ने कहा कि संस्था के द्वारा लगातार बाल विवाह दहेज प्रथा भ्रूण हत्या जैसी कुर्तियां को बंद करने के लिए संस्था लगातार जमीनी स्तर पर कार्य कर रही है। आने वाले दिनों में संस्था का लक्ष्य पूरा होगा। उन्होंने कहा कि 7 फरवरी को झलूवा छतरपुर स्थित गांव में असहाय निर्धन 11 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अतिथि के रूप में बगदाद शरीफ के अली इवे हमूद अलअरबी शामिल रहेंगे। जिन किन्हीं असहाय निर्धन कन्याओं की विवाह करने में असमर्थ है। वह कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के संस्था के कार्यालय में आकर संपर्क करें। संस्था उन्हें विवाह कर कर विदाई स्वरूप घरेलू सामग्री प्रदान करेगी। इस अवसर पर संस्था के सह सचिव हसीबुल्लाह अंसारी, एनुअल हक अंसारी, मोहम्मद संजर, जुबेर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# अयोध्या से आये पूजित अक्षत का वितरण शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** अयोध्या में राम मंदिर में प्रभु श्रीराम के दर्शन हर सनातनी की वर्षो पुरानी यह अभिलाषा 22 जनवरी को पूरी होने जा रही है। जिसको लेकर सिर्फ अयोध्या ही नहीं, बल्कि पूरे देश में उत्साह का माहौल है। हर कोई इस अविस्मरणीय पल का साक्षी बनने को उत्सुक दिखायी दे रहा है। श्रीराम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वाधान में सोमवार को बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की टोली ढोल नगाड़े के साथ पूरे शहर का भ्रमण कर घर-घर जाकर अयोध्या नगरी से आये पूजित अक्षत का वितरण करने और निमंत्रण देने का काम शुरू किया। आम लोगों को आमंत्रित करने के लिए अक्षत के साथ श्री राम का चित्र और निमंत्रण पत्रक वितरण कर न्योता दिया। इस अवसर पर विहिप के जिलाध्यक्ष राजेश प्रताप देव और श्री बंशीधर नगर प्रखंड अध्यक्ष गौरव पांडेय ने बताया कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण पहली जनवरी से 15 जनवरी तक हर घर घर में अक्षत कलश के साथ आमंत्रण पत्र पहुंचाने का संकल्प लिया गया इसके लिए अयोध्या से आये अक्षत कलश के पीले चावलों को द्वार-द्वार पर रखा जा रहा है। आभार व्यक्त करते हुए बताया कि 500 वर्षो से अधिक समय से देशवासी राम मंदिर के लिए संघर्ष करते आ रहे है। आज मोदी जी के कुशल नेतृत्व के कारण राम जन्मभूमि में रामलला का भव्य मंदिर का निर्माण सफलतापूर्वक हुआ है। मौके पर विश्व हिंदू परिषद मंत्री राहुल जायसवाल, बजरंग दल संयोजक उत्कर्ष जायसवाल, ललित सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## गंभीर बीमारी से युवक की मृत्यु



**केतार (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर निवासी जोखन बियार पिता लालमुनि बियार की आकस्मिक मृत्यु रविवार की देर रात्रि हो गया। जोखन बियार पिछले कई माह से गंभीर बीमारी से ग्रसित था। आर्थिक तंगी के वजह से उसका समुचित इलाज नहीं हो पा रहा था। मृतक के दो पुत्र है। मृतक के पत्नी मजदूरी कर अपने बच्चों को किसी प्रकार दो वक्त की रोटी उपलब्ध करा पाती थी। मृत्यु की सूचना पाते ही मुखिया मूंगा साह ने मृतक के घर पहुंच कर ढाढस बढ़ाया। साथ ही मृतक के परिजनों को पारिवारिक योजना के लाभ दिलाने की आश्वासन दिया। इस मौके पर समाज सभी रामप्रसाद कमलापुरी, अरविंद वर्मा, शिव भरोस सिंह, डॉ नारेंद्र चंद्रवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।


## नोटिस

न्यायालय में,
सबजज IV, पटना
सकसेशन सर्टिफिकेट केश नं - 67/2022
चित्रा लाल ............................ अवेदक
बनाम्
इस्टेट ऑफ डॉ0 सविता सहाय वगैरह....... विपक्षीगण
नोटिस बनाम् :-
रत्नेश कुमार सिन्हा, उम्र 58 वर्ष, पति सीमा सिन्हा, साकिन -प्लॉट नं 0-104, ब्लॉक- बी, लोटस अर्पाटमेंट, बरियातु रोड, राँची, पो0- ऑफिस बरियातू, जिला - राँची, (झारखंड), पिन - 834009
वितिद हो कि उपरोक्त वाद वादी ने आपके विरूद्ध मुकदमा दायर किया है । आपकी उपस्थिति के लिए वादी ने नजारत एवं डाक द्वारा सम्मन नोटिस करवाया था लेकिन जान बुझकर आप उपस्थित नही हो सकें, तब वादी ने समाचार पत्र में नोटिस प्रकाश करवाया है जिसमें सुनवाई की तारिख 25/01/2024 समय 10:30 बजे निश्चित किया गया है कि उक्त तारिख पर आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के मार्फत उपस्थिति होकर जो कुछ उजूर पेश करना हो करें अन्यथा आपके विरूद्ध आपकी अनुपस्थित होकर जो कूछ उजूर पेश करना हो करे अन्यथा अपकी अनुपस्थिति में एक पक्षीय सुनवाई कर दी जायेगी ।
मेरे दस्तखत वो इस न्यायालय के मोहर में दिनांक 22/12/2023 को जारी किया जाता है ।
सबजज IV, पटना


## विदाई सह नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** झगड़ाखाड स्थित कल्याण गुरुकुल में बैच नंबर 38 का विदाई सह नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल बृजकिशोर ने बताया कि इस बैच का महाराष्ट्र राज्य के अधीन सोलापुर में 18 छात्रों का प्लेसमेंट हो रहा है, इन लोगों को मासिक वेतन 18 हजार रुपये मिलेगा। मुख्य अतिथि के रूप मे उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, झामुमो जिला उपाध्याय सत्यनारायण यादव, बीडीओ नंद जी राम, प्रमुख शोभा देवी और हाई स्कूल झगराखंड के प्रचार्य मिथलेश दुबे बनसानी पंचायत के विशिष्ट गण आरएस पाठक, जनक राम, निरंजन पाठक तथा गुरुकुल के प्रचार्य श्री बृजकिशोर प्रशिक्षक विजय शर्मा, प्रशिक्षक रमेश उरांव, मृत्युंजय पाठक, नसरीन बानो, आलोक शर्मा ने सभी प्रशिक्षुओं को बहुत ही अच्छे से साइट के बारे में जानकारी दी। कहा आप सभी का जहां भी प्लेसमेंट हो रहे हैं वहां आप इमामदारी के साथ काम करें और अपने तथा अपने परिवार को आत्मनिर्भर बनायें।

## एक जरूरतमंद को रक्त उपलब्ध कराया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन गढ़वा इकाई के द्वारा एक जरूरत मंद को रक्त उपलब्ध कराया गया। टंडवा निवासी महासम्मेलन के सदस्य विशाल गुप्ता के पास एक डिलीवरी पेसेंट् महिला का फोन आता है। अविलंब विशाल गुप्ता ने अध्यक्ष रविंदर जायसवाल से संपर्क कर रक्त के बारे में चर्चा किए अभिलंब अध्यक्ष रविंदर जसवाल ने गौतम कुमार को ब्लडबैंक ले जाकर रक्तदान करवाया जाता है, जिससे एक नहीं दो जीवन बचाने का कार्य किया गया अध्यक्ष रविंदर जसवाल के द्वारा कहा जाता है कि जब भी किसी को रक्त की जरूरत होगी अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन उनको वक़्त की पूर्ति करायेगा रक्त के बिना किसी का जान नहीं जाने देंगे और गौतम कुमार को बहुत बहुत बधाई जिन्होंने एक आवाज पर रक्त देने के लिए ब्लड बैंक पहुंचे। मौके पर उपस्थित ज़िला महामंत्री उमेश कश्यप सचिव दौलत सोनी सदस्य अजय लाल राजू सोनी विशाल गुप्ता और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## अबुआ आवास के आवेदन के लिए प्रखंड मुख्यालय परिसर में लगी लाभुकों की भीड़



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में सोमवार को झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास के सूची से लाभुको के नाम काटने को लेकर सैकड़ो ग्रामीण सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रखंड मुख्यालय में अपना अपना आवेदन लेकर जुटे थे। जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित प्रखंड कर्मी उपस्थित नहीं थे। आवास ऑपरेटर प्रखंड मुख्यालय में उपस्थित नहीं रहने के कारण ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखने को मिला। प्रखंड के जनप्रतिनिधि के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को दूरभाष के माध्यम से सूचना दी गयी। सूचना मिलते ही प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम ग्रामीणों को शांत कराते हुए कहा कि जो भी योग्य लाभुको का सूची से नाम कटा है वह अपना -अपना आवेदन मे कारण दशार्ते हुए जमा करें। जिसे हम टीम गठित करेंगे और जांच कराकर योग्य लाभुक को सूची में नाम जोड़ा जायेगा।

## प्रतिष्ठापन समारोह का आयोजन संपन्न

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायंटस ग्रूप ऑफ गढ़वा का पद प्रतिष्ठापन समारोह का आयोजन स्थानीय ज्ञान निकेतन स्कूल में ग्रूप अध्यक्ष श्री कमलेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। पदस्थापना समारोह में मुख्य रूप से जायंट्स वेलफेयर फाउन्डेशन स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, जायंटस वेल्फेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, मदन प्रसाद केशरी, यूनिट 2 के निवर्तमान डायरेक्टर मनोज केशरी, फेडरेशन 8 के निवर्तमान उपाध्यक्ष नंद कुमार गुप्ता, फेडरेशन पदाधिकारी सीमा केशरी तथा डॉक्टर अशोक सोनी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। पदस्थापना पदाधिकारी यूनिट 2 के निवर्तमान निदेशक मनोज केशरी ने सत्र 2024 के नव निर्वाचित जायंटस ग्रुप ऑफ गढ़वा के अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष आंतरिक राकेश बाबू सर्राफ, उपाध्यक्ष वाह्य अशोक गुप्ता, प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खान, वित्त निदेशक अशोक केशरी, मेडिकल ऑफिसर डॉ वीरेन्द्र कुमार, मीडिया प्रभारी अशोक विश्वकर्मा तथा निदेशक मंडल के सुनील अग्रवाल, अवधेश कुशवाह, मंदीप प्रसाद, संतोष कुमार मेहता को शपथ दिलाई। निवर्तमान प्रशासनिक निदेशक चंद्रभूषण सिन्हा ने सत्र 2023 के कार्यक्रमों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मंच का संचालन नंद कुमार गुप्ता ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन दीपक तिवारी ने किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में जायंट्स वाद को आगे बढाने तथा मानव सेवा में और बेहतर कार्य करने की बात कही।

## बच्चों के बीच स्कूल ड्रेस का वितरण




**कांडी (आजाद सिपाही)।** अपग्रेड मिडिल स्कूल अधौरा के बच्चों के बीच स्कूल ड्रेस का वितरण किया गया। प्रखंड क्षेत्र के शिवपुर पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय अधौरा के कक्षा एक और दो में पढ़नेवाले छात्र छात्राओं के बीच मुखिया सोनी देवी के प्रतिनिधि अरुण राम व अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार गुप्ता के द्वारा 2023 - 24 के लिए स्कूल ड्रेस का वितरण किया गया। इस दौरान बच्चों को ड्रेस व जूता मोजा प्रदान किया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अरुण राम ने कहा कि सरकार बच्चों को हर प्रकार का सहयोग कर रही है। आप सब मन लगाकर पढ़ाई करें। स्कूल ड्रेस पाने वालों में रौशन, सजदा, रूपांजलि, शिवम, शिवानी, श्रेया, राधिका, मो फैजान आदि का नाम शामिल है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जीतेंद्र कुमार गुप्ता,प्रधानाध्यापक मोहम्मद गुलाम कादिर, शिक्षिका रंजू श्रीवास्तव, विजय कुमार गुप्ता उपस्थित थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, राँची (ग्रामीण)।
लाईन टैंक रोड, लकड़ा गोदाम, राँची, पिन कोड नं0 : 834001

ई–मेल: *eercdranchi-gramin@jharkhandmail.gov.in*
पत्रांक : दिनांक :

**कार्यालय आदेश**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण) अंतर्गत गौशाला से कांके–पतरातु पथ (कुल लम्बाई 1.60 कि0मी0) का राईडिंग क्वालिटी में सुधार **(Improvement of Riding Quality)** कार्य, ई–टेन्डर रेफरेंन्स नं0–प0नि0वि0/राँची (ग्रामीण)–18/2023–24 (4th Call) दि0 05.01.24, **PR No. 315249 Road (23-24)_ D** को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण)।

PR 315458 Road(23-24)D


## गोविंद हाइ स्कूल और साउथ प्वाइंट सेमी फाइनल में

# क्रिकेट का महाकुंभ है यह प्रतियोगिता: कुलदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में गोविंद हाई स्कूल ने साउथ प्वाइंट को छह विकेट से हरा। वहीं जूनियर वर्ग में साउथ प्वाइंट ने बीएसकेडी पब्लिक स्कूल को सात विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सीनियर वर्ग के मैच में साउथ प्वाइंट स्कूल को गोविंद हाई स्कूल की टीम ने छह विकेट से हराया और दूसरे मैच में साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल ने बीएसकेडी पब्लिक स्कूल को सात विकेट से हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। बीएसकेडी पब्लिक स्कूल टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 51 रन पर ही सिमट गयी जिसको साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल ने सारीक मंसूरि के 22 रनों के सहारे तीन विकेट खोकर जीत हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार गोविंद के आकाश को और साउथ प्वाइंट के शोएब को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रतियोगिता के संरक्षक अलखनाथ पांडे, अध्यक्ष मदन केशरी, डॉक्टर कुलदेव चौधरी, पूर्व खिलाड़ी सूरज सिंह और अन्य ने प्रदान किया।

**डॉ कुलदेव चौधरी ने मनाया खिलाड़ियों के बीच अपना जन्मदिन :** गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट टूनामेंट में क्वार्टर फाइनल मैच में डॉ कुलदेव चौधरी ने खिलाड़ियों से परिचय किया। बतौर मुख्य अतिथि डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि आज बच्चे खेल कूद पर ज्यादा फोकस कर रहे हैं और करना भी चाहिए। लेकिन इसके साथ शिक्षा बहुत जरूरी है क्योंकि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जो आगे बढ़ने में मदद करता है। डॉ चौधरी ने आयोजन समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि विगत कई वर्षों से खेल का आयोजन कर हजारों खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए एक प्लेटफार्म दिया, जहाँ से खिलाड़ी निकलकर क्षेत्र का नाम रौशन कर रहे हैं। यह प्रतियोगिता क्रिकेट का महाकुंभ है जहां पचास टीम भाग लेती है, इतनी संख्या में किसी अन्य शहर में एक साथ किसी भी टूनामेंट में शामिल नहीं पाती है। यह गढ़वा के लिए गर्व की बात है। खेल हमें नेतृत्व क्षमता और अनुशासन सिखाता है, वहीं हमें भाई चारा के साथ रहने भी सिखाता है। खेलकूद हमारे जीवन का हिस्सा है, इसमें जीत हार का कोई जगह नहीं है।


## जिला खेल पदाधिकारी का कार्यालय, हजारीबाग।
Email Id- districtsportsofficehzb@gmail.com
पत्रांक– 17 दिनांक– 08.01.2024

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1318 राँची, दिनांक 05.01.2024 के आलोक में राज्य के विभागान्तर्गत संचालित क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षुओं के रिक्त स्थानों को भरने हेतु उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल स्तर पर प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता 2023–24 का आयोजन किया जाना है। उक्त प्रतिभा चयन प्रतियोगिता का कार्यक्रम निम्नवत् निर्धारित है।

| क्र0 सं0 | प्रमण्डल का नाम | आयोजनकर्त्ता जिला | प्रतिभा चयन ट्रायल हेतु आयोजन स्थल | प्रतिभा चयन ट्रायल की आयोजन तिथि | खेल विधा का नाम, जिसमें वर्ष 2024–25 हेतु प्रतिभा चयन ट्रायल किया जाना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल | हजारीबाग | कर्जन स्टेडियम, हजारीबाग | 12 एवं 13 जनवरी, 2024 | एथलेटिक्स (बालक एवं बालिका), हॉकी (बालक एवं बालिका), तीरंदाजी (बालक एवं बालिका), फुटबॉल (बालक एवं बालिका) |

उक्त प्रतियोगिता में चयन से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु श्री नीरज कुमार राय, एथलेटिक्स प्रशिक्षक के मोबाईल नं0– 6201838384, सुश्री वीणा केरकेट्टा, फुटबॉल प्रशिक्षिका, के मोबाईल नं0– 7765808624 एवं श्री बी0एस0 राव, तीरंदाजी प्रशिक्षक के मोबाईल नं0– 8340650445 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR 315457 Art Culture Sports and Youth Affairs(23-24)D



## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, हजारीबाग
नया समाहरणालय भवन, Ground Floor (B-002), हजारीबाग – 825301
*Email Id - ssa_hazaribagh@rediffmail.com*

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में पूर्णकालिक शिक्षिका (कक्षा–6 से 8) एवं लेखापाल –सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर के आवेदन के आधार पर तैयार विवरणी पर आपत्ति हेतु विज्ञापन

कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में पूर्णकालिक शिक्षिका (कक्षा–6 से 8) गणित, भाषा, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, शारीरिक शिक्षिका एवं लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित किये गये विज्ञापन के आलोक में प्राप्त आवेदन की कम्प्यूटर में प्रविष्टि के उपरांत त्रुटियों को अभ्युक्ति में अंकित करते हुए जिला के वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर प्रदर्शित किया गया है।

यदि किन्ही को किसी प्रविष्टि/अभ्युक्ति पर आपत्ति है, तो वे जिला कार्यालय को डाक के माध्यम से अथवा हाथों–हाथ साक्ष्य सहित दिनांक–17.01.2024 तक आवश्यक रूप से सूचित करेंगे।

ह0/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
समग्र शिक्षा अभियान, हजारीबाग

PR 315400 School Education and Literacy(23-24)D

राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की वनभोज के साथ नयी कार्यकारिणी गठित

# मनोज युवा जिला अध्यक्ष और अशोक कार्यकारी अध्यक्ष बने

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन जिला गुमला का वार्षिक वनभोज सह जिला कार्यसमिति की बैठक, मांझा टोली स्थित शंख घाट में सम्पन्न हुई। इस वनभोज में प्रस्तावित जिला कार्यसमिति की बैठक काफी गहमा गहमी देखी गयी। हो हंगामें के बीच चली इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिलीप नीलेश ने की। मंच का संचालन घाघरा के मनोज साहू एवं धन्यवाद प्रस्ताव उपेंद्र साहू ने किया। इस बैठक में कई अहम निर्णय लिए गये। सर्वसम्मति से नयी कार्यकारिणी टीम में युवा जिला अध्यक्ष के लिए मनोज कुमार साहू (घाघरा) को चुना गया। जिला युवा कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कुमार साहू (टोटो) को नामित किया गया। साथ ही दोनों ने माह के अंदर सभी प्रखण्ड सहित जिला टीम बनाने का संकल्प लिया। सर्वसम्मति से महिला मोर्चा के गठन कर जिला अध्यक्षा के लिए श्रीमती गायत्री देवी, कार्यकारी अध्यक्षा डॉ अनुपमा देवी एवं उपाध्यक्षा हेतू सुनीता देवी (टोटो) को बनाया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि समाज के प्रत्येक परिवार से 100/- मासिक चंदा संगठन कोष के लिए देना है ताकि संगठन सुचारू तरीके से चल सके। साथ ही मासिक चंदा कोषाध्यक्ष को पास अवश्य जमा करना अनिवार्य है। सामूहिक विवाह पर सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि जिला के सभी प्रखण्ड में बैठक कर इसपर निर्णायक कार्यक्रम तय करना है।



बताया गया कि प्रत्येक तीन महीना में जिला कार्यसमिति की बैठक हरहाल में सम्पन्न करना है, एवं सभी प्रखंडों में प्रत्येक महीने क्रमवार प्रखण्ड स्तरीय बैठक करना आगामी होने वाले नगर निकाय चुनाव सामाजिक स्तर पर रणनीति बनाने हेतु अनुभवी पांच सदस्यीय कमिटी का गठन किया गया। टीम का जो भी सुझाव होगा समाज के हित में होगा।

# महिला ने एसपी को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला ।** पुसो थाना क्षेत्र अंतर्गत भुरसो गांव निवासी सुनीता कुमारी ने सोमवार को एसपी को आवेदन देकर पुसो थाना प्रभारी सत्यम गुप्ता पर पैसे की मांग तथा गलत केस करने व अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए आवेदन सौंपा है। पुलिस अधीक्षक को सौंपे आवेदन में महिला ने 2022 में दिवाली के समय गांव में ग्रामीणों के द्वारा जुआ खेला जा रहा था उसे बीच पुसो थाना द्वारा वहां आकर कुछ लोगों को पकड़ कर अपने साथ थाना ले गए तथा पैसा लेकर सभी को छोड़ दिया गया। इसके बाद से ही पुसो थाना के द्वारा किसी के कहने पर मेरे पति कृष्णा राय को लगातार परेशान किया जा रहा है। तथा बिना किसी वजह का पैसे की मांग की जा रही है। हमारे द्वारा पैसा नहीं देने की बात कहने पर गंदी-गंदी गाली गलौज दिया जाता है। वही



आवेदन में कहा है कि लगातार पुलिस से तंग आकर हम लोगों ने 10 हजार रुपया भी थाना को दिया। इसके बाद भी पुलिस द्वारा आधार कार्ड व और पैसों की मांग किया जाने लगा। पुलिस बल में शामिल पुलिस पदाधिकारी के द्वारा मुझसे बुरा व्यवहार किया गया। जिससे मुझे समाज में काफी ग्लानि महसूस हो रही है। वहीं पुलिस कर्मियों द्वारा मुझे गंदी-गंदी गाली गलौज का भी प्रयोग किया। पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन शौप कर कार्रवाई की मांग की है।

## 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम आयोजित




**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बसिया पंचायत भवन परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाइव प्रसारण को विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ के द्वारा प्रसारण किया गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से इसकी शुरूआत की थी ।भगवान बिरसा मुंडा के जन्म दिन 15 नवम्बर को जनजाति गौरव दिवस के रूप में घोषित करते हुए उन्होंने उसके सम्मान में इसी दिन इस कार्यक्रम का प्रारम्भ किया गया ।इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी योजना के लाभार्थियों की खोज करना है और उन्हें लाभ देना है साथ ही उन्होंने कहा कि जब तक राष्ट्र का अंतिम व्यक्ति सरकारी योजनाओं से लाभान्वित नहीं होंगे तब तक भारत को विकसित राष्ट्र नहीं बनाया जा सकता है ।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश को चार जातियों में बंटा है जिसमे गरीब ,महिला, किसान एवम युवा है अगर चारों जाति विकसित होंगे तभी हमारा देश विकसित होगा ।इसलिए चारो जाति का विकास आवश्यक है। मौके पर एलआरडीसी शेखर कुमार, बीडीओ सुप्रिया भगत,भाजपा नेता बिनोद भगत, गुलशन टेटे,भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह पिंटू, शैलेश साहू,दिवाकर केशरी सहित ग्रामीण उपस्थित शामिल थे।

## लायंस क्लब ने किया कंबल वितरण



**गुमला (आजाद सिपाही)।** लायंस भवन में सोमवार को गरीबों के बीच निशुल्क कंबल वितरण किया गया। अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया द्वारा बताया गया कि वर्तमान में बहुत ठंड पड़ रही है। गरीब बस्ती में जाकर लायंस भवन में बुलाकर 60 बुजुगों को कंबल दिया गया और आंख जांच कराने हेतु गुरुवार को बुलाया गया है। किन्हीं का आँख में किसी प्रकार की खराबी या चश्मे की जरूरत या मोतियाबिंद हो तो निशुल्क ऑपरेशन करवाये सचिव अशोक जायसवाल ने सभी को जानकारी दी कि लायंस क्लब में 33 वर्ष से मोतियाबिंद शिविर हेल्थ चेकअप केम्प किया जाता है अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया सचिन अशोक जायसवाल कोषाध्यक्ष गुलाबचंद प्रसाद ला योगेंद्र प्रसाद ला बनवारी अग्रवाल ला अनिल अग्रवाल ला मनमोहन केसरी ला अशोक आनंद ला किरण केसरी ला राजलक्ष्मी आनंद ला मनोरमा देवी इत्यादि उपस्थित थे।

# कबड्डी खिलाड़ियों की टीम कोलकाता रवाना



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई की सलोनी कुमारी, बीना उरांव एवं सतमी कुमारी इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने के कोलकाता रवाना हुई। टीम यूनिवर्सिटी के कोच शिव सागर एवं मैनेजर असलम अंसारी सभी खिलाड़ियों को लेकर कोलकाता गए हैं। अंतर यूनिवर्सिटी राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता कोलकाता यूनिवर्सिटी में 10 जनवरी से 13 जनवरी तक प्रतियोगिता होगी। कोलकाता रवाना होने से पूर्व खिलाड़ियों को सिसई के खेल प्रेमियों एवं बी. एन. जालान कॉलेज शिक्षकेत्तर एवं गैर शिक्षकेत्तर कर्मचारी गण ने सिसई बस पड़ाव के पास शुभकामनाएं देकर रवाना किया। मौके पर प्राचार्य लक्ष्मण साहु, आदित्य विक्रम देव, साहु प्रकाश लाल, श्रवण कुमार तिवारी, सुरेश साहु, गजराज साहु, ललित उरांव स्टेडियम, सिसई के सचिव दीपक अधिकारी, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## धान अधिप्राप्ति केंद्र का हुआ उद्घाटन

**सिसई (आजाद सिपाही)।** सांसद प्रतिनिधि निरंजन सिंह ने सोमवार को सिसई लैम्पस में धान अधिप्राप्ति केन्द्र का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन में डाड़हा गांव निवासी रामेश्वर साहु से एक सौ क्विंटल और पिलखी निवासी प्रकाश महतो से चालीस क्विंटल धान खरीदा गया। निरंजन सिंह ने कहा कि सरकार समर्थन मूल्य पर किसानों की उपज खरीदने के लिए धान अधिप्राप्ति केंद खोला है। किसान इसका लाभ उठाए। सचिव बंधन महली ने बताया कि धान खरीदी का समर्थन मुल्य 2183 रुपए व बोनस 117 रुपए के साथ प्रति क्विंटल 2300 रुपए किसानों को मिलेगा। लैम्पस में 31 मार्च तक रजिस्ट्रेशन हुए किसान धान की बिक्री कर सकेंगे। मौके पर लैम्पस अध्यक्ष महादेव उरांव, आंपरेटर मनीष कुमार महली, किसान प्रकाश महतो, रामेश्वर साहु, रामानंदन महली, तारकेश्वर साहु, अर्जुन गोप सहित कई लोग मौजूद थे।

# राजकीयकृत उर्दू मध्य विद्यालय भवन हुआ जर्जर, हादसे को दे रहा निमंत्रण

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** प्रखंड के राजकीयकृत उर्दू मध्य विद्यालय सिसई के आधे से अधिक भवन जर्जर हो चुका है। छतों से प्लास्टर टुटकर गिर रहा है, सरिया दिखायी दे रहा है, वहीं जगह जगह दीवारों में दरारें पड़ गयी है, बरसात में सीलन और पानी टपकने से भवन कमजोर हो गया है। शहरी क्षेत्र के एकलौते उर्दू स्कूल होने के कारण 400 नौनिहाल अपने जान को जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को मजबुर हैं। वहीं स्कूल परिसर में पहले से कंडम हो चुका चार कमरों का भवन हादसे को निमंत्रण दे रहा है, वह कभी भी धराशाई हो सकता है। विभाग उसे गिराने की अनुमति नहीं दे रहा है।

शिक्षको के लाख मना करने बावजूद भी बच्चें खेल खेल में



कंडम भवन की ओर चलें जातें हैं, स्कूल भवन की दुर्दशा को लेकर छात्र सहित शिक्षकों व अभिभावकों में हादसे का भय बना रहता है। स्कूल के दुर्दशा के बावत विभागीय अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जानकारी होने के बावजूद भी किसी ने नौनिहालों की सुरक्षा व स्कूल की मरम्मती के लिए आज तक कोई पहल नहीं किया है। इससे लोगों में भारी आक्रोश व नाराजगी है। विभागीय अधिकारी और जनप्रतिनिधियों पर उर्दू स्कूल होने के कारण ध्यान नहीं देने का आरोप लगाया है ।स्कूल भवन की दयनीय स्थिति को देखते हुए अब लोग अपने बच्चों को स्कूल भेजने से कतरा रहे हैं। इस बावत डीईओ सुनील शेखर ने कहा स्कूल भवन की जर्जरता की जानकारी पहले से नहीं थी, जल्द ही स्कूल का निरीक्षण कर छात्र हित मे अग्रतर कारवाई की जाएगी।

मौके पर अध्यक्ष मो इस्तियाक अंसारी, एचएम समद अंसारी, मो शमीम अंसारी,उमर फारूक अंसारी, अजमेरी खातून, इसरत परवीन, रौशन आरा, शकील अंसारी, शाबीर अंसारी, मो अजीत अंसारी सहित शिक्षक व अभिभावक मौजूद थे।

## गांवों में किया गया अक्षत और फोटो वितरण



**सिसई (आजाद सिपाही)।** अयोध्या श्री राम मंदिर से आए अक्षत-चावल व फोटो का विहिप बजरंग दल के कुल 33 टोली बनाकर कार्यकत्ताओं द्वारा गांव-गांव जाकर सरना सनातनियों के घर घर वितरण किया जा रहा है। सोमवार को विश्व हिंदू परिषद प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार, बजरंग दल प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर व जिला सह मंत्री मनीष बाबू की उपस्थिति में मेन रोड़ भदौली, कुदरा, पुसो, सिसई, रेडवा, मुर्गू, सहित विभिन्न गांवों में अक्षत-फोटो वितरण व 22 जनवरी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण और दीपोत्सव मनाने का अपील किया गया। 22 जनवरी को पुरे प्रखंड के सरना सनातनियों के घरों व सभी मंदिरों में दीपोत्सव सहित हरि कीर्तन भंडारे का आयोजन व चिन्हित मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा का लाईव टेलीकास्ट का आयोजन किया जाएगा। मौके पर विहिप प्रखंड उपाध्यक्ष रामानंद सिंह, अमर साहु,सह मंत्री दिलीप नाग, सौरभ ताम्रकार, विक्रम कुमार दास, पूर्णिमा देवी, नागेश्वर कुमार दास,अभी गुप्ता, रवि साहु, विवेक महतो,अनीश महतो,अमन कुमार, ठाकुर, बिनोद सोनी, तारक केशरी, छोटेलाल ताम्रकार, रतन सोनी, सुखदेव महतो, संजय राम, तुलसी साहु, मेघनाथ साहु, प्रमोद गोप, तेज नारायण सिंह, जोगेश्वर गोप सहित कई कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

# बाल विवाह मुक्त बनेगा भटौली गांव, ग्रामीणों ने लिया संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान एवं प्रखंड प्रशासन की संयुक्त प्रयास से चैनपुर प्रखंड अंतर्गत रामपुर पंचायत के ग्राम भटौली में ग्राम प्रधान रामेश्वर बैगा की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी सेविका आरती देवी, महादेव रौतीया, रामचंद्र रौतीया, लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के प्रतिनिधि तूर मोहम्मद अंसारी, सुमन कुमार टोप्पो एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही, बैठक का मुख्य उद्देश्य है कि गांव को बाल विवाह मुक्त ग्राम बनाने के लिए संकल्प लिया गया। साथ ही बाल मजदूर बाल व्यापार, एवं बाल एवं शोषण के रोकथाम करने के करने का निर्णय लिया गया। उपस्थित सभी सदस्यों के साथ




विचार विमर्श कर सर्व सहमति से निम्नलिखित नियमावली तैयार किया गया। जिसमें गांव का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा, सभी बच्चों को स्कूल में नामांकन कराया जाएगा। बच्चों से मजदूरी नहीं कराया जाएगा। किसी भी बच्चे की शादी लड़की 18 वर्ष और लड़का 21 वर्ष के पूर्व नहीं किया जाएगा। किसी भी बालिका या बालक के साथ यौन शोषण होने से रोका जाएगा। वहीं नियमों का उल्लंघन किये जाने पर संबंधित व्यक्ति या परिवार को भारतीय संविधान के नियम अनुसार करवाई किया जाएगा। ज्ञात हो की लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान द्वारा जिले भर में चल रहे (एक्सेस टू जस्टिस) न्याय तक पहुंच कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें सात प्रखंडों के 150 गांवो में जागरूकता का कार्य कर रही है। यहां बाल विवाह मुक्त गांव ग्रामीणों द्वारा ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में घोषित किया जा रहा है।

## बड़े भाई ने छोटे भाई को फसुल से काटा, घायल

**गुमला (आजाद सिपाही) ।** पालकोट थाना क्षेत्र के कैम्बा डुमर टोली निवासी प्रमोद लाल को उसके बड़े भाई अरुण लाल ने रविवार की रात फसुल से कटकर घायल कर दिया। जिससे उसका सिर और गाल काफी कट गया और वह घायल हो गया। इसके बाद परिजनों द्वारा घायल को उप स्वास्थ्य केंद्र पालकोट ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे गुमला रेफर कर दिया गया। वहीं सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी देते हुए घायल प्रमोद ने बताया हमारी मां अपने मायके गई हुई थी वहीं शाम को भाई घर आया और खाना मांगने लगा। खाना नहीं बना था जिसके बाद विवाद हो गया और उसने घर में रखे फसूल से मेरे सिर व चेहरे पर वार कर दिया।

# मिशन बदलाव की सैयदा खातून को मिला सम्मान

सामाजिक न्याय के लिए महिलाओं को संगठित करने में सैयदा का अहम योगदान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स राँची में विजन आरोग्यम के द्वारा महिलाओं के लिए न्याय के लिए प्रतिबद्ध उनके असाधारण जीवन और महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण में उनके अविश्वसनीय योगदान के लिये सैयदा खातून को समानित किया गया। सैयदा खातुन ने बताया कि समुदायों के पुनर्निर्माण की जरूरत है, जिसमें महिलाओं की प्रमुख भूमिका होनी चाहिए और हिंसा की भयावह स्थिति से महिलाओं को बचाना चाहिए।सैयदा खातुन ने बताया कि मिशन बदलाव की हमारी टीम सभी लोंगों के



अधिकारों के साथ साथ महिलाओं के अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है और महिला श्रमिकों को संगठित करना सशक्तिकरण न केवल सिर्फ संसाधनों और उद्यमिता तक पहुंच के माध्यम से महिलाओं की आय और आजीविका में सुधार के लिये भी है कार्ययोजना है ।

## शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग से दुष्कर्म

**गुमला (आजाद सिपाही) ।** सदर थाना क्षेत्र के एक नाबालिग किशोरी के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर पीड़िता ने गुमला थाना में लिखित आवेदन देकर आरोपी के ऊपर कानूनी कार्रवाई किये जाने व न्याय दिलाने की मांग की है ।थाना को दिये आवेदन में पीड़िता ने कहा है कि डेढ़ वर्ष पूर्व से सदर थाना छेत्र के टोटो गांव निवासी शाहबाज खान उसके साथ छेड़छाड़ करता था। जब वह अपनी भाभी के घर पर थी। तब शाहबाज खान वहां आ धमका था। इसके बाद वह अकेला पाकर जबरदस्ती मेरे साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म का विरोध करने पर वह उससे शादी कर लेने व घटना की जानकारी किसी को नही देने की बात कही। जिस पर वह सोचने समझने में असमर्थ रहने के कारण घटना की जानकारी किसी को नही दी। इसके बाद आरोपी को जब भी मौका मिलता उसे अकेला पाकर शादी का आश्वासन देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। अब वह शादी से इंकार कर रहा है। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। इधर पूरे मामले को लेकर सदर थाना की पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर घटना की तहकीकात में जुट गई है। वही आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर प्रयासरत है।

# विद्यालय में लगाया गया चिकित्सा शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में रेफरल अस्पताल, बसिया द्वारा चिकित्सा शिविर लगाया गया जिसमे चिकित्सक डॉ. जाहिद हुसैन तथा नर्स रानी कुमारी ने छात्रों के स्वास्थ्य की जाँच की। कक्षा 6, 7, 8 तथा 9 के कुल 172 छात्रों की जांच की गयी एवं आवश्यकतानुसार छात्रों को दवाइयां भी दी गई। चिकित्सकीय जांच के अतिरिक्त इन सभी छात्रों की लंबाई तथा वजन मापकर पंजी में अंकित किया गया। लंबाई तथा वजन मापने में विद्यालय



के कर्मचारी रोबिन लकड़ा ने सहयोग दिया। चिकित्सक ने बताया कि कक्षा 10, 11 तथा 12 के छात्रों के स्वास्थ्य की जाँच दूसरे दिन शिविर लगाकर किया जाएगा।

# भाजपा और आरएसएस आदिवासियों की हितैषी नहीं: बंधु

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** आदिवासी समाज के ज्वलंत मुद्दों को लेकर आदिवासी जनाधिकार मंच के बैनर तले 4 फरवरी को रांची के मोरहाबादी मैदान में आदिवासी एकता रैली का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पूर्व विधायक सह कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की नेदी। वे सोमवार को सिसई रोड स्थित ईटन गार्डन में पत्रकारों से मुखातिब थे। मौके पर श्री तिर्की ने कहा कि आदिवासी एकता रैली को लेकर गुमला जिला का संयोजक गोविंदा टोप्पो को बनाया गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में आदिवासियों को सरना और




ईसाई में बांटकर भाजपा व आरएसएस वोटों का धुव्रीकरण करती है। भाजपा व आरएसएस आदिवासियों की हितैषी नहीं है। उनके जनमुद्दों पर कभी भी भाजपा मुखर नहीं हुई है।

डी लिस्टिंग का मुद्दा भाजपा उठाकर आदिवासियों में मतभेद करती है। अगर भाजपा आदिवासियों की हितैषी है तो सरना कोड उन्हें प्रदान कर। राज्य सरकार ने तो सरना कोड पारित कर केंद्र के पास भेज दिया है। श्री तिर्की ने कहा कि स्व. कार्तिक उरांव की तस्वीर लगाकर भाजपा केवल उनका गुणगान करती है। जबकि उनके द्वारा चलाये गये स्कूलों को बंद करा दिया। कांग्रेस के कार्यकाल में स्व. कार्तिक उरांव के द्वारा चलाये गये स्कूलों को वित्तीय अनुदान दिया जाता था। लेकिन भाजपा के शासनकाल में अनुदान राशि में कटौती कर दी गई। श्री तिर्की ने कहा कि राज्य के आदिवासी अपनी जमीन को लेरि परेशान हैं। ऑन लाइन दस्तावेज मौजूद नहीं है। ऑन लाईन के नाम पर आदिवासियों को परेशान किया जा रहा है। जो मुद्दा नहीं बन पाया है। उन्होंने कहा कि इन्हीं सब बातों को लेकर रैली आयोजित की गई है। जिसमें गुमला से भारी संख्या में लोग शामिल होंगे। इस अवसर पर कांग्रेस यूथ अध्यक्ष आजाद अंसारी सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बीडीओ ने बिचौलिया को रुपया नहीं देने की अपील की

**सिसई (आजाद सिपाही)।** अबुआ आवास योजना में नया आवेदन जमा करने के लिए भारी संख्या में लोग परेशान हैं। सोमवार को कई लोग आवेदन लेकर प्रखंड कार्यालय पहुंचे थे। बीडीओ रमेश कुमार यादव सहित कई कर्मचारियों के समझाने के बाद भी लोग आवेदन जमा करने को आतुर दिखे। बीडीओ ने कहा



कि नया आवेदन जमा लेने का कोई निर्देश नही है। सरकार द्वारा आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर अबुआ आवास का जो आवेदन जमा लेकर प्राप्ति रसीद दिया गया है उस आवेदन का इंट्री में किसी तरह का त्रुटि होने पर सुधार या आपत्ति दावा आज तक (मंगलवार) आवेदक कर सकते हैं। उन्होंने अबुआ आवास के नाम पर किसी बिचौलिया को रुपया नहीं देने की अपील किया है।

# बिना अनुमति पानी और बालू के साथ अब नदी भी बिक रही : अरुणा शंकर

## कहा : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी शिविर लगवा कर बसे हुए लोगों की रसीद कटवायें

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर कहा कि मैंने पूर्व में भी आपके मेदनीनगर आगमन पर पुलिस स्टेडियम में मौखिक एवं लिखित रुप से शिकायत की थी। जिसमें बताया था कि शहर का एक खास भाग हमीदगंज, कुंड एरिया, बैरिया, पहाड़ी, टीवी टावर एक



अरुणा शंकर की फाइल फोटो।

भू-माफिया परिवार द्वारा कुछ दलालों की मदद से प्रतिदिन कमाने-खाने वाले लोगों को कम कीमत का झांसा देकर सरकारी भूमि अपना बताते हुए जल्द रजिस्ट्री करने का वादा कर वर्षों से बेच रहे हैं, जो झारखंड का सबसे बड़ा भूमि घोटाला है। मुख्यमंत्री जी वर्षों से बसे इन नागरिकों का रजिस्ट्री के अभाव में आज तक स्थानीयता तक नहीं बन पायी है। कई सरकारी योजनाओं से वह वंचित है। उनके बच्चे स्थानीयता के अभाव में कोई सरकारी नौकरी नहीं कर पा रहे हैं, जो उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है। हद तो यह है कि वर्षों पुराने मृत बच्चों को दफनाने के लिए श्मशान घाट भी गायब हो गये। अब तो माफिया परिवार द्वारा बिना सरकारी अनुमति के पानी, बालू और अब नदी तक बेचा जाने लगा है। इस लिए मुख्यमंत्री जी से पुनः आग्रह करूंगी कि जो लोग उस एरिया में सरकारी भूमि पर बसे हैं तत्काल सरकार शिविर लगाकर उन लोगों की भूमि सेटल करें, ताकि वह गरीब सरकारी लाभ ले सके। साथ ही सरकारी भूमि का भू माफिया द्वारा लिया गया पैसा तत्काल वापस कराया जाए। प्रथम महापौर ने जिला प्रशासन को वस्तु स्थिति से अवगत होने के लिए छानबीन शुरू करने के लिए बधाई भी दी है। कहा कि हमें विश्वास है जिला प्रशासन जल्द सच्चाई को सामने लाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि भू माफियाओं से लाभावित होकर चंद नेता इस पर राजनीत न करें। वहां बसे लोगों के दर्द को समझें और सरकार से शिविर लगाकर जो जहां बसे हैं उतने की सरकारी रसीद कटवाने में सहयोग करें, ताकि वहां के लोग भी सरकारी लाभ ले सके।

## हेमंत सरकार ने तोड़ी विकास कार्यों की कड़ी : विधायक





आजाद सिपाही संवाददाता

**सतबरवा/पलामू।** मुरमा स्थित मलय डैम परिसर में सोमवार को भाजपा की सतबरवा प्रखंड इकाई की ओर से वनभोज सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डाल्टनगंज भंडरिया विधायक आलोक चौरसिया उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत अनिल चौरसिया की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि मुरमा में यह कार्यक्रम पहले अनिल चौरसिया किया करते थे उसी को मैं आगे बढ़ा रहा हूं। अपने पिता के अधूरे कार्य को पूरा करने की कोशिश कर रहा हूं। उनका सपना था कि हर पिछड़ा दलित और गरीब आगे बढ़े, उनके सपने को साकार आज केन्द्र की सरकार नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हो रहा है। हर घर में बिजली, हर खेत में पानी, बीमा योजना, पेंशन योजना, आयुष्मान कार्ड, समिति योजनाओं का लाभ हमारी सरकार गरीबों को दे रही है। नरेंद्र मोदी का सपना था की 2024 तक हर व्यक्ति को पक्का मकान हो। लेकिन जब से हेमंत सरकार झारखंड राज्य में बनी है विकास कार्यों के कड़ी को तोड़ने का काम किया है। बालू और कोयले की कालाबाजारी के साथ ही अफसर के ट्रांसफर-पोस्टिंग से जेब भरी जा रही है। अफसर भी बिना घूस लिए कोई काम नहीं करते हैं। वहीं, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात भूईयां ने कहा कि अनिल चौरसिया सही मायने में गरीबों के नेता थे। उनका अधूरा सपना उनके पुत्र आलोक चौरसिया पूरा कर रहे हैं। वनभोज को कार्यकर्ताओं से मिलने का एक बहाना है। मौके पर भाजपा नेता अविनाश वर्मा, भीष्म चौरसिया, पूर्व जिला अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, आशीष सिन्हा, जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी, राजेंद्र सिंह, चेरो भाजपा के वरिष्ठ नेता रवि प्रसाद महेश्वर सिंह, सदर प्रमुख बसंती देवी और अर्जुन सिंह आदि उपस्थित थे।

## प्रखंड प्रमुख ने नवपदस्थापित एसडीओ से की मुलाकात, विकास योजनाओं पर चर्चा

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी पंचायत समिति सदस्यों के साथ नवपदस्थापित प्रशिक्षु आईएएस सह एसडीओ आशीष गंगवार से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। इस दौरान हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र में चल रहे विकास योजनाओं के साथ ही जनहित की कई समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। जिस पर एसडीओ ने प्राथमिकता के आधार पर विकास योजनाओं में तेजी लाने और जनहित की समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया।

## अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा केंद्रीय योजनाओं का लाभ : विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के लोहरसी और नुरु पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत लोगों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजना के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना हमारा संकल्प विकसित भारत का लाइव



कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक डॉ शशिभूषण मेहता व अन्य।

कार्यक्रम को सभी ने देखा। विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। योजनाओं का लाभ देने के लिए केंद्र सरकार उनके द्वारा तक पहुंच रही। वहीं केंद्र की योजना का लाभ उठाने को लेकर जागरूक किया जा रहा है। जरूरतमंद लोगों तक केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने को लेकर इस तरह का कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, लोहरसी मुखिया पति अरविंद सिंह, लोहरसी के पूर्व मुखिया विजय ठाकुर, साधु मांझी, भाजपा नेत्री लवली गुप्ता, सांसद जिला प्रतिनिधि ललित मेहता, लोहरसी मंडल उपाध्यक्ष रंजय ठाकुर, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुरेंद्र यादव, पंचायत समिति सदस्य पति वकील मियां, समाजसेवी डॉ सुरेंद्र मेहता, पूर्व विधायक प्रतिनिधि रोशन सिंह, नुरू मुखिया प्रमिला देवी, नुरू पंचायत समिति सदस्य मिथिलेश कुमार, मंडल अध्यक्ष शत्रुधन सिंह, मंडल महामंत्री श्याम नंदन ओझा, सुधीर तिवारी, प्रसिद्ध सिंह, ईश्वरी सिंह, राजेंद्र यादव, कार्तिक सिंह, नोडल पदाधिकारी, आंगनबाड़ी सेविका स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## फसलों को बर्बाद कर रही नीलगायें, किसान परेशान

कौशल किशोर

**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों नीलगाय का कहर जारी है। नीलगायों का झुंड खेतों में घुसकर फसलों को बर्बाद कर रहा है। सैकड़ों की झुंड में पहाड़ी व जंगलों से निकल कर गांवों में घुस जा रही है। अरहर, मसूरी, तीसी, खेसारी, तिल और कुर्थी आदि फसलों को खा जा रही है। इसके अलावा जिन खेतों से नीलगाय का झुंड गुजरता है। उस खेत की फसल पूर्णतः बर्बाद हो जा रही है। नीलगाय का ज्यादा कहर पचघारा, कोसियार, छिपादोहर, लेदुका, बंदला, बघमनवा, बरसैता, पांडेपुर, कविलाशी, नावाडीह, सुलूमदाग, पत्थलघाट, सिगसिगी, झगरुआ, भलुही, लकडही, गुरि, भंडार, कधवन, कमता, गौरा, घरटिया, चोरटिया, घासीदाग और उरसुला आदि गांवों में है।









### चार की जा चुकी है जान

विश्रामपुर क्षेत्र में नील गायों का कहर कोई नयी नहीं है। फसलों को बर्बाद करने के साथ साथ नील गाय की झुंड ने अब तक चार लोगों की जान भी ले चुकी है। कई को गंभीर रूप से घायल कर दिया है। 22 जनवारी 2021 को कुंडी गांव निवासी बदरुद्दीन खान अपने पिता अलस्तद्दीन खान के साथ रेहला से घर जा रहे थे। तो इन दोनों पिता-पुत्र को भी नील गाय की झुंड ने कुचल कर मार डाला था। छह दिसंबर 2021 को रेहला पड़वा मुख्य पथ पर पूणार्डीह गांव के पास बाइक से जा रहे मेराल थाना क्षेत्र के अरुण प्रजापति व पंचम प्रजापति नील गाय के झुंड के चपेट में आकर जान गंवा चुके हैं। इसके अलावे नील गाय की झुंड ने दर्जनों लोगों का घायल किया है।

### किसानों को राहत पैकेज दे सरकार : रामप्रवेश मेहता

पूर्व भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष रामप्रवेश मेहता ने बताया कि इनदिनों नीलगाय की झुंड कई किसानों के फसलों को काफी नुकसान पहुंचा रहे है। कई किसान तो खेती करना भी छोड़ दिये है। उन्होंने कहा कि किसानों को पहले नील गाय के प्रकोप से मुक्ति दिलायी जाये। इसके बाद सरकार किसानों को विशेष राहत पैकेज दे। ताकि किसान अगली बार से खेती कर सके।

वहीं, उरसुला गांव निवासी कृषक कृष्णा प्रसाद गुप्ता ने कहा कि महंगे खाद-बीज खरीद कर किसान खेती करते है। फसल जब तैयार होता है तो उसे नील गाय का झुंड नष्ट कर देता है। नील गाय की झुंड ने सिर्फ फसल ही नही किसानों की जिंदगी भी बर्बाद कर दिया है।

### कर्ज में डूब गये हैं किसान : राजेंद्र केशरी

बघमनवा ग्राम पंचायत निवासी किसान राजेंद्र केशरी ने कहा कि फसल बोते समय दुकान से खाद-बीज उधार लिया था। धान व भदई का फसल नील गाय के झुंड ने बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा कि किसान कर्ज में डूब चुका है। किसानों को कर्ज से उबारने के लिये राज्य सरकार पहल करे।

## स्पोर्ट्स





भारत के युवा शूटर वरुण तोमर और ईशा सिंह ने एशियन ओलिंपिक क्वालिफायके मेंस और विमेंस 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट के गोल्ड जीतकर भारत के लिए दो ओलिंपिक कोटा हासिल कर लिया है। यह शूटिंग का 15वां ओलिंपिक कोटा है।

## एशियन क्वालिफायर के पहले दिन भारत को दो ओलिंपिक टिकट, शूटिंग में 15वां कोटा

# वरुण और ईशा ने 10 मीटर एयर पिस्टल में जीते गोल्ड

एजेंसी

**जकार्ता।** भारत के युवा शूटर वरुण तोमर और ईशा सिंह ने एशियन ओलिंपिक क्वालिफायर के मेंस और विमेंस 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट के गोल्ड जीतकर भारत के लिए 2 ओलिंपिक कोटा हासिल किए। यह शूटिंग का 15वां ओलिंपिक कोटा है। इसी के साथ भारत ने टोक्यो खेलों में सबसे अधिक निशानेबाज उतारने के अपने पिछले बेस्ट प्रदर्शन की बराबरी कर ली है। जकार्ता में चल रही चैंपियनशिप के पहले दिन सोमवार का पहला कोटा





वरुण तोमर ने मेंस एयर पिस्टल इवेंट में गोल्ड मेडल जीतकर हासिल किया, जबकि दूसरा कोटा ईशा सिंह ने विमेंस एयर पिस्टल इवेंट में हासिल किया। ईशा ने भी गोल्ड मेडल जीता। ईशा ने भारत को विमेंस एयर पिस्टल इवेंट का पहला ओलिंपिक कोटा दिलाया।

### चैंपियनशिप में 16 ओलिंपिक कोटा लगा है दांव पर

जकार्ता में चल रही इस प्रतियोगिता में पेरिस ओलिंपिक 2024 के दो कोटा दांव पर हैं। प्रतियोगिता में 26 देशों के 385 निशानेबाज हिस्सा ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता में ओलिंपिक कोटा के अलावा, 256 मेडल दांव पर हैं। इनमें 84 गोल्ड, 84 सिल्वर और 88 ब्रॉन्ज शामिल हैं। वहीं, भारत जुलाई में होने जा रहे पेरिस ओलिंपिक के लिए 31 कोटे हासिल कर चुका है। इनमें सबसे ज्यादा 15 प्लेस शूटर्स ने दिलाए हैं। भारत को एथलेटिक्स से 9, बॉक्सिंग से 4, हॉकी, तीरंदाजी और कुश्ती से एक-एक ओलिंपिक कोटा मिले हैं।

### टोक्यो के रिकॉर्ड की बराबरी की

भारतीय शूटिंग ने सबसे ज्यादा ओलिंपिक कोटा हासिल करने के मामले में टोक्यो ओलिंपिक की बराबरी कर ली है। साल 2021 में आयोजित टोक्यो ओलिंपिक गेम्स के लिए भारत ने 15 ओलिंपिक कोटा हासिल किए थे।

### 8 ओलिंपिक टिकट राइफल शूटर्स ने दिलाये

अब तक भारत को शूटिंग से 15 ओलिंपिक का कोटा मिल चुका हैं। इनमें राइफल में 8, पिस्टल में 5 और शॉटगन में 2 ओलिंपिक प्लेस शामिल हैं। वरुण और ईशा से पहले सरबजोत सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल, मनु भाकर ने 25 मीटर पिस्टल और अनीश भानवाल ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में ओलिंपिक कोटा हासिल कर चुके हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### गलत मुकदमे में फंसाये जाने का आरोप लगा कांग्रेस अध्यक्ष ने आइजी को दिया आवेदन

**उंटारी रोड/पलामू (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह उर्फ रिंकू ने प्रखंड कोऑर्डिनेटर विमलेश मेहता पर जूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप लगाया है। इस बाबत उन्होंने पलामू पुलिस महानिरीक्षक (आइजी) को आवेदन दिया है। जिसमें कहा कि 20 दिसंबर को प्रखंड कोऑर्डिनेटर विमलेश की ओर से ग्रामीणों से आबुआ आवास के नाम पर पांच-पांच हजार रुपये की तासिली किया जा रहा था, जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने उन्हें (संजीव सिंह उर्फ) से किया। जब उन्होंने प्रखंड कोऑर्डिनेटर से इस बाबत पूछताछ की तो वह तू-तू, मैं-मैं करने लगा और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए ग्रामीणों के बीच से निकल कर चला गया। कुछ देर बाद जानकारी मिली कि विमलेश मेहता ने मेरे खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दिया। जब वह अपनी बात को लेकर आवेदन देने उंटारी रोड थाना गए तो थाना प्रभारी ने उनका आवेदन लेने से इन्कार कर दिया और उनके वृद्ध माता-पिता को डांट फटकार लगा दिया। वहीं, 30 दिसंबर को इस मामले की जांच करने पहुंची पुलिस निरीक्षक प्रियंका आनंद ने ग्रामीणों के समक्ष मामले की तहकीकात की तो पता चला कि कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह व विमलेश मेहता के बीच तू तू मैं मैं हुई थी। संजीव ने आवेदन में कहा कि उंटारी रोड थाना प्रभारी अशोक मेहता का उनके प्रति हमेशा गलत रवैया रहा है। उन्होंने पुलिस महानिरीक्षक को उचित जांच कर कार्रवाई करने का आग्रह किया है।



### डीएमओ की कार्रवाई, लेस्लीगंज में अवैध क्रशर सील, बोल्डर, चिप्स और डस्ट जब्त

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** डीसी शशि रंजन द्वारा अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर दिए गए निर्देश के आलोक में जिला खनन पदाधिकारी (डीएमओ) का एक्शन जारी है। सोमवार को लेस्लीगंज के चक इलाके में अवैध रूप से संचालित क्रशर को सील कर दिया गया। साथ ही क्रशर के अंदर रखे 2400 सीएफटी बोल्डर, 2340 सीएफटी चिप्स एवं 260 सीएफटी डस्ट जब्त कर करते हुए क्रशर संचालक मनोज कुमार पर लेस्लीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी गई है। जानकारी के मुताबिक जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि अतिसुदूरवर्ती चक गांव में अवैध तरीके से क्रशर का संचालन किया जा रहा है। वे तुरंत लेस्लीगंज के चक गांव पहुंच कर मेसर्स सुपर स्टोन वर्क्स, प्रोपराइटर मनोज कुमार के संचालित क्रशर में छापेमारी की। डीएमओ व पुलिस बल को आता देख क्रशर के सभी श्रमिक भाग गए, जबकि वहां मौजूद क्रशर के एक कर्मी अरूण कुमार मिला। उससे क्रशर संचालन को लेकर कागजात मांगे गए तो वह सीटीओ नवीकरण के लिए भेजे गए कागजात दिखाने लगा। इसके बाद जांच में पाया गया कि क्रशर सीटीओ 31 दिसंबर 2023 तक ही है। अन्य कागजात भी नियमानुसार नहीं है। जिस पर कार्रवाई करते हुए डीएमओ आनंद कुमार ने बोल्डर, चिप्स और डस्ट जब्त कर लिया।



### रेड रोज पब्लिक स्कूल में हुआ योगाभ्यास

**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** विश्रामपुर के रेड रोज पब्लिक स्कूल में हरिद्वार देव संस्कृति विश्वविद्यालय से आये प्रशिक्षको द्वारा स्कूली बच्चों को योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के निदेशक राजन पांडेय, हरिद्वार देव संस्कृति विश्वविद्यालय के योग प्रशिक्षक हर्षित जोशी, निमिषा शर्मा, अंशिका देवरल व गायत्री परिवार के योगेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। योग प्रशिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को योग से जुड़ी कई महत्वपूर्ण सुझाव दिया। कहा कि नित्य योग क्रिया का अभ्यास स्वस्थ शरीर का राज है। अपने-अपने घरों में नित्य योग क्रिया की शुरूआत करें। इससे सभी तरह के बिमारियों का नाश होगा। मौके पर आनंद कुमार, रूद्र नारायण, मोनू कुमार, मेघा कुमारी, सरिता कुमारी, संध्या कुमारी, अदिति कुमारी, पल्लवी कुमारी, अनिकेत कुमार आदि मौजूद थे।



### जपला आरपीएस पब्लिक स्कूल में अंतर सदन वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला आरपीएस पब्लिक स्कूल में सामाजिक विज्ञान पर आधारित वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें चार सदन की टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने इंडिया नीड्स टू चेंज इट्स क्रॉपिंग पैटर्न, ग्लोबल वार्मिंग हैज नो सॉल्यूशन, पर अपने विचारों से सदन को एवं निर्णायक मंडली को अपने ज्ञान का अवलोकन कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यापिका आरती कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। निर्णायक मंडली के रूप में अध्यापिका अनुप्रिया, विकास नायक उपस्थित रहे। सूचना प्रौद्योगिकी कौशल के रूप में अध्यापक दीपक महतो, रुपेश रंजन मिश्रा, अविनाश कुमार ने सहयोग दिया। वहीं, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य मनुज शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया। कहा कि इस तरह के क्रियाकलापों से बच्चों का आत्मविश्वास एवं बौद्धिक विकास होता है। यह व्यक्तित्व के विकास के लिए अति आवश्यक है।





### राज्य व देश स्तर पर नाम रोशन करेंगे युवा: सूर्या सिंह

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने कहा कि विधायक कमलेश कुमार सिंह की अनुसंशा पर पिपरा प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पिपरा में बालक व बालिकाओं के लिए कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र व हुसैनाबाद के बक्शी उच्च विद्यालय में बालिका कबड्डी प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया गया है। खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड की ओर से इस आशय का पत्र शुक्रवार को जारी किया गया है। कहा कि शिक्षा के साथ खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो प्रखंडों में प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। आने वाले समय मे क्षेत्र में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### विभिन्न खंडों में चलाया गया टिकट जांच अभियान

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** रेल मंडल की ओर से विभिन्न खंडों में बड़े स्तर पर टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 2790 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे। इस दौरान उनसे 10 लाख 93 हजार 865 रुपए जुर्माना वसूला गया। जांच अभियान में 183 टिकट जांच कर्मियों को लगाया गया था। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह का टिकट जांच अभियान धनबाद मंडल की ओर से आगे भी लगातार चलाया जाता रहेगा। इसका उद्देश्य टिकट काउंटर की बिक्री बढ़ाना, बिना टिकट के यात्रा करने वाले यात्रियों पर लगाम लगाना एवं यात्रियों को टिकट लेने के लिए प्रेरित करना है।

### पत्थर से कुचल कर व्यक्ति की हत्या



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सदर थाना अंतर्गत दामोदरपुर के सोमनाथ नगर में धान के खेतों में सोमवार की सुबह एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान रोहित रवानी के रूप में हुई है। वह सरायढेला के नूतनडीह का रहने वाला था। उसका सिर पत्थर से कुचल दिया गया था। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक ग्रामीणों की मानें तो इस दिन सुबह में एक महिला शौच के लिए खेत में गई थी। वहीं उसे खून से लथपथ शव दिखा। इस खबर इलाके में जंगल में लगी आग की तरह फैल गई। तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेज दिया। वहीं, थाना प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता ने कहा कि इसकी जांच शुरू कर दी गई है। जल्दी ही दोषियों को पकड़ लिया जाएगा।

### कल्याणी परियोजना में चोरी में आयी कमी

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र में पड़ने वाले एसडीओसीएम के नाम से परिचित कल्याणी परियोजना की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआइएसएफ की एक कंपनी के अंतर्गत आती है। जिसमें लगभग 200 जवान और अधिकारी तैनात हैं। बतातें चलें कि बीते कुछ महीनों से कल्याणी की आवो हवा बदल गयी है। सीआइएसएफ के सीनियर कमांडेंट के निर्देश और सीआइएसएफ इंस्पेक्टर ज्योति कुमार के नेतृत्व में कल्याणी परियोजना में कोयला और लोहा चोरी में भारी कमी आयी है। सीआइएसएफ की गुप्तचर सखा भी तत्परता से अपना दम खम दिखा रही है। सीआइएसएफ के इस रवैए से कोयला तस्करों में हड़कम मचा हुआ है। इस पर कल्याणी के सभी ट्रक ऑनर एसोसिएशन ने सीआइएसएफ को धन्यवाद दिया है। कहा कि सीआइएसएफ के सहयोग और सतर्क कदम से कोयले की सुरक्षा की चिंता दूर हो गई है। गौरतलब है की इस वर्ष ढोरी क्षेत्र को 46 लाख टन का लक्ष्य मिला है। जिसको पूरा करवाने में सीआइएसएफ भी अपना पूरा योगदान दे रही है।

### स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रदूत थे टिकैत उमराव सिंह : उमाकांत रजक



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** शहीद टिकैत उमराव सिंह स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रदूत थे। उक्त बातें पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कही। वे सोमवार को चंदनकियारी में शहीदों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शेख भिखारी का जन्म 1819 में मांझी थाना के खुदीया लोटवा गांव में हुआ था, जबकि टिकैत उमराव सिंह का जन्म खटंगा में हुआ था। झारखंड की कोख ने अमर शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह को जन्म दिया, जिन्होंने देश को स्वतंत्रता के लिए अंग्रेजों की अनेक बर्बर यातनाएं सहीं और हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए। 8 जनवरी 1858 को शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह को चुतुपालू की घाटी में बरगद पेड़ से लटका कर फांसी दे दी गई थी। शेख भिखारी 20 वर्ष की उम्र में छोटानागपुर के महाराज के यहां दिवान की नौकरी करते थे। वहीं उमराव सिंह बारह गांव के जमींदार थे। जब अंग्रेजों की फौज चुट्टूपालू के पहाड़ी रास्ते से रांची के पलटुवार पर चढ़ने की कोशिश करने लगी तो उनको रोकने के लिए शेख भिखारी, टिकैत उमराव सिंह अपनी फौज लेकर चुट्टूपालू पहाड़ी पर पहुंच गये। उन्होंने बताया कि शेख भिखारी ने चुट्टूपालू की घाटी पार करनेवाला पुल तोड़ दिया और सड़क पर पेड़ों को काटकर गिराकर रास्ता जाम कर दिया। शेख भिखारी की फौज ने गोलियों की बौछार कर अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए। यह लड़ाई कई दिनों तक चली थी। शेख भिखारी के पास गोलियां खत्म होने लगीं तो उन्होंने अपनी फौज को पत्थर लुढ़काने का आदेश दिया। अंग्रेजों ने शेख भिखारी एवं टिकैत उमराव सिंह को 6 जनवरी, 1858 को घेरकर गिरफ्तार कर लिया। सात जनवरी 1858 को उसी जगह फौजी अदालत लगाकर मैकडोना ने शेख भिखारी और उनके साथी टिकैत उमराव को फांसी का फैसला सुनाया। 8 जनवरी, 1858 को शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह को चुट्टू पहाड़ी के बरगद के पेड़ से लटकाकर फांसी दे दी गई। वह पेड़ आज भी वहां पर स्थित है। इसके पूर्व शहीद टिकैत उमराव सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। साथ ही शेख भिखारी को भी पुष्प अर्पित किया गया। मौके पर बाटुल राय, सुभाष राय, श्यामलाल राय, करम चंद राय, राजीव रंजन झा, मिथिलेश महतो, पथु महतो, करण दत्ता, वीरेन रजवार आदि उपस्थित थे।

### धीरज नोनिया मौत मामले में पीड़िता को मिले न्याय : मंटू

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** आजसू के जिलाध्यक्ष मंटू महतो ने सोमवार को अपने आवासीय कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बांसजोडा में धीरज नोनियां मौत मामले की जांच में बरती जा रही उदासीनता के खिलाफ राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, श्रम एवं नियोजन मंत्री, मुख्यमंत्री, डीजीपी सहित अन्य अधिकारीयों को पत्र लिखा गया। बावजूद इसके प्रशासन की जांच धीमी गति से चल रही है। आजसू मृतक की पत्नी को न्याय दिलाने के लिए आंदोलन चला रही है। यदि पुलिस जांच रिपोर्ट शीघ्र न्यायालय में जमा नहीं करती है, तो आजसू की ओर से 19 फरवरी को तेतुलतल्ला मैदान से रणधीर वर्मा चौक तक न्याय मार्च निकाली जाएगी। साथ ही दो मई 2022 को बांसजोडा आउटसोर्सिंग पैच में वाहन की चपेट में आ कर मौत हो गई थी। बीसीसीएल प्रबंधन और साकार मास ज्वाइंट वेंचर कंपनी इसे सड़क हादसा में बदलना चाहती है। जो साक्ष्य उसके पास उपलब्ध है, उससे साफ है कि धीरज की मौत सड़क हादसा से नहीं, बल्कि उत्खनन परियोजना में हुई है। हालांकि धीरज की पत्नी पूजा देवी ने लोयाबाद थाना में सड़क दुर्घटना बताते हुए अज्ञात वाहन पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मौके पर मृतक की पत्नी पूजा देवी, जलाल अंसारी, विनोद पासवान आदि थे। वहीं, लोयाबाद थाना प्रभारी राजन राम ने कहा कि इस कांड में जल्द ही जांच पूरी कर प्रतिवेदन न्यायालय में समर्पित कर दी जाएगी।

## विभागों की उपलब्धियों को केंद्रित कर झांकियां निकालने की तैयारी

# झांकी में दिखनी चाहिए सरकार की योजनाओं की झलक : डीसी

**बच्चों की ओर से निकाली जायेगी झांकी, 26 की शाम होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम**

### गोल्फ ग्राउंड में होगा गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी।

**धनबाद।** गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर डीसी सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में बैठक हुई। डीसी ने कहा कि मुख्य समारोह पूर्व की भांति गोल्फ ग्राउंड में ही आयोजित होगा। जिसमें परेड और भव्य झांकी की व्यवस्था होगी। उन्होंने सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों को गणतंत्र दिवस से संबंधित तैयारियों को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिये। सभी विभागों को झांकी में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को परदर्शित करने को कहा। परेड की सारी व्यवस्था वरीय पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में किया जायेगा। परेड का पूर्वाभ्यास 20 से 24 जनवरी तक किया जाएगा। परेड में कोलफील्ड स्कूल की बैंड पार्टी भाग लेगी। परेड समारोह में डीएपी के 2 प्लाटून, जैप का एक प्लाटून, एनसीसी का एक प्लाटून, आरपीएसएफ का एक प्लाटून, भारतीय स्काउट एवं गाइड का एक प्लाटून, सीआईएसफ के दो, सीआरपीएफ का एक और होमगार्ड का एक प्लाटून शामिल होगा। गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों की उपलब्धियों को केंद्रीत करते हुए झांकियां निकालने की तैयारी का निर्णय लिया गया। जिसमें कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, उत्पाद विभाग, टाटा स्टील जामाडोबा, बीसीसीएल, जिला शिक्षा अधीक्षक सर्व शिक्षा अभियान, वन विभाग, अग्निशामक विभाग, कृषि विभाग, पुलिस विभाग, डीआरडीए, आईसीडीएस, जनसंपर्क विभाग, आपूर्ति विभाग, गव्य विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, धनबाद नगर निगम, जेएसएलपीएस द्वारा झांकी निकाली जायेगी। बैठक में मुख्य समारोह स्थल गोल्फ ग्राउंड की साफ सफाई, गमला एवं सौंदर्यीकरण, मुख्य समारोह स्थल की घेराबंदी, पंडाल एवं बैठने की व्यवस्था, पब्लिक संबोधन सिस्टम की व्यवस्था, झंडा/झंडोतोलन की तैयारी आदि को लेकर विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेवारी दी गयी। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मुख्य समारोह स्थल पर परेड पुरस्कार/मेधावी छात्रों/खेल/सांस्कृतिक/कला/अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मेडल/प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस बाबत सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी/संबंधित विभाग के पदाधिकारी आदि को सूची तैयार कर कमेटी को समर्पित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर संध्या को जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। मौके पर डीसी शशि प्रकाश सिंह, निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद, जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, डीसीएलआर सतीश चंद्रा, कार्यपालक दंडाधिकारी सुशांत मुखर्जी, प्रदीप कुमार सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपा के हर फैसले से जनता परेशानः संतोष



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस चली गांव की ओर कार्यक्रम के तहत सोमवार को जिला कांग्रेस के बाघमारा प्रखंड के केसरगढ़ पंचायत अंतर्गथ धोबाटाड में पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अगुवाई में पदयात्रा की गई। इस दौरान कांग्रेसी नेताओं-कार्यकर्ताओं ने सभी विधानसभा के प्रखंडों एवं नगरों के बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त व मजबूत बनाने का संकल्प लिया। पंचायत एवं वार्ड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में इस दिन कार्यकर्ता समागम आयोजित कर पंचायत कमेटी का सत्यापन किया गया।

संतोष सिंह ने कहा कि देश को बचाने के लिए लोकसभा चुनाव कांग्रेस के लिए अहम है। हम सभी कांग्रेसी को एकजुटता के साथ चुनाव की तैयारी में जुट जाने की जरूरत है। जिलाध्यक्ष ने भाजपा पर जुबानी हमला बोला। कहा कि भाजपा के हर फैसले से आम जनता परेशान है। नोटबंदी से जनता परेशान, लॉकडाउन से मजदूर परेशान, जीएसटी से व्यापारी परेशान, कृषि कानून से किसान परेशान, अग्निवीर से युआ परेशान और हिट एंड रन कानून से चालक परेशान हैं। मोदी सरकार सिर्फ देश की संपत्तियों को चंद् पूंजीपतियों के हाथों गिरवी रखने में जुटी है। राहुल गांधी के नेतृत्व में 14 जनवरी से 20 मार्च तक लगभग 6200 किलोमीटर लंबी भारत न्याय यात्रा शुरू होने जा रही है जो 14 राज्यों के 85 जिलों से होकर गुजरेगी। यह यात्रा आर्थिक एवं सामाजिक न्याय के साथ ही राजनीतिक न्याय के लिए है। इसका उद्देश्य लोकतंत्र को बचाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधी राजेश राम और संचालन मुकेश रविदास ने किया। मौके पर कांग्रेस उपाध्यक्ष लक्ष्मण तिवारी, धनबाद जिला कांग्रेस महासचिव सह प्रवक्ता जावेद रजा, मुखिया प्रतिनिधि लखेंदर महतो, धनेशवर ठाकुर, पंकज वर्मा, भोला रविदास, मंटु रविदास, प्रभाकर राम, विजय रविदास, अजय रविदास आदि उपस्थित थे।

### पुलिस मेंस का चुनाव संपन्न, विजेताओं ने जताया आभार



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पुलिस मेंस के चुनाव में कई लोगों ने जीत दर्ज की। जिसमें केंद्रीय सदस्य के पद पर 502 मतों से मोहम्मद साजिद ने जीत दर्ज की। जबकि संयुक्त सचिव के पद के लिए विपुल कुमार ने 19 वोटों से जीत दर्ज की। अंकेक्षक पद के के लिए खड़े जोहान उरांव ने 60 वोट से जीत दर्ज की। जीत दर्ज करने वालों ने सभी को धन्यवाद देते हुए जीत पर खुशी जाहिर की है।

## श्रद्धांजलि : मनायी गयी योगेश प्रसाद की 88वीं जयंती

# खुद कोयला चोरी करवानेवाले मचा रहे शोरः जलेश्वर महतो

**योगेश बाबू गरीबों-किसानों और मजदूरों के लिए काम किए, वह आज भी प्रासंगिक : मन्नान मल्लिक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोयाबाद।** योगेश स्मृति मंच के तत्वधान में सोमवार को कनकनी में पूर्व सांसद व पिछड़ा आयोग के सदस्य योगेश प्रसाद की 88वी जयंती मनायी गयी। अतिथियों ने योगेश बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने कहा कि जयंती समारोह में कम लोग जरुर हैं, लेकिन जो हैं वह योगेश बाबू की राह पर चलने वाले लोग हैं। आज परिस्थितियां बदल गयी है। भले आज उस नेता के पास चार कार्यकर्ता भी नहीं है, लेकिन चंद लड़कों को अपने वाहनों में बैठा कर चलते हैं और हवाबाजी करते हैं। किसी का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि आज चोर ही शोर मचा रहा है। खुद कोयले की चोरी करने वाले ही आज शोर मचा रहे है। कहा कि योगेश बाबू पैदल चलते थे, लेकिन मजदूर, किसान व बेरोजगार के सवाल उठाते थे। कहा कि आज देश में हिंदु-मुस्लमान की राजनीति चल रही है। कहा कि देश में बेरोजगारी चरम पर है। नौजवान रोजगार के लिए भटक रहे हैं। निजीकरण का विरोध करना पड़ेगा, तभी नौजवानों को रोजगार मिलेगा। वहीं, पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक ने कहा कि योगेश बाबू सांसद और पिछड़ा वर्ग के सदस्य बन कर जो गरीबों-किसानों और मजदूरों के लिए काम किए वह आज प्रासंगिक है। जिला अध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि योगेश बाबू के पुत्र को कम से कम 15 दिन पहले जयंती की जानकारी दी जानी चाहिए थी। यदि पहले से जानकारी होती तो जिला स्तर पर कार्यक्रम को आयोजित की जाती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेश बाबू के पुत्र राजीव रंजन योगेश और संचालन राम गोपाल भुवांनिया ने किया। सभा को जिप सदस्य राजेश राम, सुंदर यादव, शकिल अहमद, इम्तियाज अहमद, रामप्रीत यादव, रवि चौबे, महादेव हांसदा, डब्ल्यू पासवान, सत्यपाल ब्रोका, संजय जायसवाल, बासदेव प्रसाद गुप्ता, क्यूम खान, प्रकाश नोनियां, सोमेन घोष, हाकिम खान, जावेद रजा, सिपाही चौहान, बिनोद यादव, कमल चौहान, सदेश चौहान और जेपी चौहान आदि ने भी संबोधित किया।

### संपादक को मिली धमकी, धरने पर पत्रकार



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** अखबार के संपादक को मिली धमकी के विरोध में नाराज जिले के पत्रकारों ने सोमवार को गांधी सेवा सदन में धरना प्रदर्शन किया। घटना ना दोहराई जाये, इसे लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया।


**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division**
**Jhumritelaiya**

प्रपत्र संख्या -1

**VERY SHORT TENDER NOTICE**
**E-Tender reference no- 17/JMT/2023-24**
**Date- 06-01-2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Work | Supply of Spare parts of deep well Hand Pump India Mark-II Conforming to I.S: 9301-1990 with latest amendment (may be read along with 1st amendment IS: 15500(Part 1-7) 2004 with latest amendment for spares of India Mark- II respectively) under D.W.& S. Division, Jhumritelaiya for the year 2023-24 |
| 2 | Estimated Cost (In Rs) | Rs.- 7,35,000/- |
| 3 | B.O.Q Cost (In Rs.) | Rs.- 1250/- (Through Online) |
| 4 | Earnest Money (In Rs.) | Rs 15000/- (Through Online) |
| 5 | Time of Completion | 01 Month |
| 6 | Date of publication of Tender on Web si te | 10.01.2024 / 05.00 PM |
| 7 | Last date /Time receipt of Bid | 19.01.2024 up to 05.00 PM |
| 8 | In the reference Letter No. 230 dt 03.10.2023 of the Secretary to the Government Ministry of Information Technology, e-governance, Jharkhand Last Date & Time for Online Deposit Cost of BOQ & EMD | Date:- 19.01.2024 upto 5.00 PM |
| 9 | Date of opening of Technical Bid | 22.01.2024 at 3.00 PM |
| 10 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Jhumritelaiya |
| 11 | Contact no of e-Procurement office | 08987463859, Email Id – eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com |
| 12 | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

(Er. Abhay Toppo)
Executive Engineer
Drinking Water & Sanitation Division
Jhumritelaiya

PR.NO.315444 Drinking Water and Sanitation(23-24):D



**कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्**
**झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा**
**Email – jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com**

पत्रांक ................ दिनांक ..........................

**शुद्धि–पत्र**

झुमरी तिलैया नगर परिषद द्वारा प्रकाशित (PR-314711) अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सुचना संख्या– JMC/11/2023-24 , CONSTRUCTION OF RCC DRAIN AND PCC ROAD FROM C.H. SCHOOL MAIN ROAD TO HOUSE OF MUNNA SULTANIA TO CULVERT OF DHANI SINGH TALAB IN WARD NO. – 09 UNDER JHUMRI TELAIYA NAGAR PARISHAD. कार्य के लिए आमंत्रित किया गया था, जिसमें अपरिहार्य कारणवश निम्न संशोधित किया जाता है, जो निम्नवत् है :–

| क्र0सं0 | पूर्व में प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 06.01.2024 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)। | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 10.01.2024 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)। |
| 2 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 14.01.2024 अपराहन 5.00 बजे। | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 17.01.2024 अपराहन 5.00 बजे। |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि : 16.01.2024 अपराहन 5.00 बजे। | निविदा खोलने की तिथि : 19.01.2024 अपराहन 5.00 बजे। |

शेष शर्ते पूर्वत रहेंगा।

प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR.NO.315461 Urban Development(23-24):D



**Govt. of Jharkhand**
**Directorate of Sports & Youth Affairs**
**(Department of Tourism, Art-Culture, Sports & Youth Affairs)**
**Gate No. - 28, Birsa Munda Football Stadium, Morhabadi, Ranchi Email: kheljharkhand@gmail.com**

**SHORT NOTICE INVITING TENDER**

**NIT No- 21/2023-24** **Dated:-08.01.2024**

Sealed Tenders is invited from the bonafide reputed firms/suppliers bearing valid GST registration and have requisite experience for having rate contract for supply of various ***"IT equipments (Desktop & Laptop)"*** supplies to the Directorate of Sports & Youth affairs, Jharkhand, Ranchi for the period of one year. Bidder must deposit Demand Draft of ₹10,000/- (ten thousand rupees) as tender fee (Non-Refundable) and ₹1,00,000/- (one lakhs rupees) as security deposit in favour of Director, Art-Culture, Sports & Youth Affairs, Jharkhand, Ranchi payable at Ranchi along with the Technical Bid.

The detailed tender document can be downloaded from the website of this Directorate – http://sports.jharkhand.gov.in from 08.01.2024 to 16.01.2024

Sd/-
Director,
Directorate of Sports & Youth Affairs,
Jharkhand.

PR.NO.315397 Art Culture Sports and Youth Affairs(23-24):D



**कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सिमडेगा।**

**आम सूचना**

**"आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार"** कार्यक्रम अन्तर्गत अबुआ आवास योजना के लाभुकों से प्राप्त आवेदनों का पंजीकरण एवं सत्यापन के उपरांत ग्राम सभा से पारित सूची का प्रकाशन सभी ग्राम पंचायत के पंचायत भवनों में किया गया है। जिन लाभुकों को ग्राम सभा से पारित सूची के विरूद्ध आपत्ति दर्ज करना है, वैसे लाभुक दिनांक 18.01.2024 तक कार्यालय अवधि पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक संबंधित प्रखण्ड कार्यालय में हाथो–हाथ अथवा निम्नांकित मोबाईल नम्बर एवं ईमेल के माध्यम से आपत्ति दर्ज कर सकते हैः–

| क0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | मोबाईल नम्बर | ईमेल |
|---|---|---|---|
| 1 | बानो | 8877143003 / 8804938874 | banoblock@rediffmail.com |
| 2 | बाँसजोर | 7903027016 / 8409892633 | bdo_bansjor@rediffmail.com |
| 3 | बोलबा | 8709831143 / 6207307014 | po_bolba@rediffmail.com |
| 4 | जलडेगा | 7992218507 / 9835551917 | block_jaldega@rediffmail.com |
| 5 | केरसई | 8709831143 / 7541933640 | bdokersai@gmail.com |
| 6 | कोलेबिरा | 9955621075 / 7979858857 | kolebirabdo@gmail.com |
| 7 | कुरडेग | 8292383386 / 7992346500 | kurdegbdo@gmail.com |
| 8 | पाकरटांड़ | 9472733375 / 8340656356 | bdopakartand@gmail.com |
| 9 | सिमडेगा | 9546585828 / 8340512072 | po_simdega@rediffmail.com |
| 10 | ठेठईटांगर | 7992218507 / 9123108113 | pottanger@gmail.com |

दिनांक 18.01.2024 के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त,
सिमडेगा।

PR 315417 (Rural Development) 23-24 (D)

## मुख्य सचिव के साथ बैठक में ओड़िशा परिवहन कर्मचारी संघ ने हड़ताल वापस ली



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार के हिट-एंड-रन मामले के विरोध में ऑल ओड़िशा परिवहन कर्मचारी संघ ने आज हड़ताल की। इस संबंध में आज लोकसभा भवन में मुख्य सचिव प्रदीप कुमार जेना की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। इस बैठ मैं परिवहन विभाग एवं प्रमुख सचिव उषा पाढ़ी, भुवनेश्वर-कटक पुलिस आयुक्त सौमेंद्र प्रियदर्शी, भुवनेश्वर डीसीपी प्रतीक सिंह और ऑल ओड़िशा ट्रांसपोर्ट वर्क्स फेडरेशन के अध्यक्ष जनार्दन पति प्रमुख रूप से उपस्थित थे। बैठक के बाद जनार्दन पति ने कहा कि ट्रेड यूनियन आंदोलन से हटने का फैसला किया है।

## पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन संबलपुर ने महिलाओं के बीच सैनिटरी नैपकिन वितरित किये



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर की अध्यक्ष अंजनी सिंह के नेतृत्व में रेल नगर, संबलपुर में महिलाओं और लड़कियों को सैनिटरी नैपकिन वितरित करने की एक नेक पहल की। उनके साथ पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर की उपाध्यक्ष रुचिका सिंह और अन्य सदस्य भी थे। उन्होंने महिलाओं और लड़कियों के साथ बातचीत की और उन्हें व्यक्तिगत स्वच्छता पर परामर्श दिया। यह मासिक धर्म स्वच्छता और अच्छे स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर द्वारा एक नेक सामाजिक पहल है।













# तीन विदेशी विवि के साथ किया आइआइटी भुवनेश्वर ने एमओयू

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** शिक्षण और अनुसंधान में सहयोग के अवसरों की खोज के उद्देश्य से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) भुवनेश्वर ने 5 जनवरी 2024 को तीन विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। संस्थान ने बुल्गारिया के प्लोवडीव विश्वविद्यालय पेसी हिलेंदरस्की, बांग्लादेश इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, और बांग्लादेश के जहांगीरनगर विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। प्रो श्रीपाद करमलकर, निदेशक, आइआइटी भुवनेश्वर और प्लोवडीव विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रुमेन मलाडेनोव रेक्टर ने प्लोवडीव विश्वविद्यालय पेसी हिलेंदरस्की के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। प्रोफेसर प्रशांत कुमार साहू, संकायाध्यक्ष (पूर्व छात्र मामले और अंतरराष्ट्रीय संबंध) आइआइटी भुवनेश्वर ने बांग्लादेश इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि प्रो जरेज मियाह तथा जहांगीरनगर विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि प्रो एम शमीम कैसर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। आइआइटी भुवनेश्वर और विदेशी विश्वविद्यालयों के बीच इन तीन समझौता ज्ञापनों का मुख्य उद्देश्य विभिन्न संयुक्त परियोजनाओं और संकाय आदान-प्रदान के माध्यम से शिक्षाविदों और अनुसंधान में एक सहयोगी संबंध विकसित करना है। यह समझौता ज्ञापन आइआइटी भुवनेश्वर के संकायाध्यक्षों और संकाय सदस्यों तथा यूके, बुल्गारिया, बांग्लादेश, लातविया, बेल्जियम, तुर्की सहित भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों के लगभग 40 प्रतिनिधियों की उपस्थिति पर हस्ताक्षरित किया गया।

## बालिका सशक्तिकरण मिशन शीतकालीन कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** तालचेर थर्मल बालिका सशक्तिकरण मिशन शीतकालीन कार्यशाला 2023-24 के माध्यम से लड़कियों को सशक्त बनाता है। तालचेर थर्मल ने 4 से 6 जनवरी, 2024 तक तीन दिवसीय बालिका सशक्तिकरण मिशन-शीतकालीन कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस पहल में 4 पंचायतों, संथपड़ा, गुरुजांगूली, जगन्नाथपुर और बंतूल के 8 गांवों की 40 लड़कियों की उत्साही भागीदारी देखी गयी। शीतकालीन कार्यशाला का उद्देश्य विभिन्न प्रकार की कक्षाओं के माध्यम से समग्र विकास और सशक्तिकरण के लिए एक मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान शामिल किए गये विषयों में शिक्षा और व्यक्तिगत विकास के पहलू शामिल थे, जो तालचेर थर्मल की सर्वांगीण व्यक्तियों के पोषण की प्रतिबद्धता को मजबूत करते हैं। निदेशक गौतम देब की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित समारोह में लड़कियों को सशक्त बनाने और उनके विकास को बढ़ावा देने में शिक्षा और विविध पहलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। गौतम देब ने टिप्पणी की, बालिका सशक्तिकरण मिशन-शीतकालीन कार्यशाला उन समुदायों में युवा लड़कियों के समर्थन और उत्थान के प्रति हमारे समर्पण को रेखांकित करती है जिनकी हम सेवा करते हैं।

## नालको ने 44वां स्थापना दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** खान मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के नवरत्न लोक उद्यम नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) ने 7 जनवरी को अपना 44वा स्थापना दिवस मनाया। कंपनी ने गौरवपूर्ण 43 वर्षों से अधिक पूरे करने की उपलब्धि को भुवनेश्वर में अपने निगम मुख्यालय और अपनी परिचालन इकाइयों और क्षेत्रीय कार्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित करके चार दशकों से अधिक की अद्वितीय सफलता का जश्न मनाया। नालको नगर, भुवनेश्वर में आयोजित एक समारोह में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, श्रीधर पात्र ने कंपनी के प्रकार्यात्मक निदेशकों और मुख्य सतर्कता अधिकारी के साथ, कर्मचारियों व अन्य हितधारकों को बधाई दी और अपने संबोधन में कर्मचारियों के समर्पण और कड़ी मेहनत और प्राप्त सहयोग को स्वीकार किया। पात्र ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले 43 वर्षों के कठिन प्रयासों और व्यवसाय के लगभग सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्रदर्शित करने की दिशा में निरंतर प्रयास से नालको के समान एक दुर्जेय व्यावसायिक उद्यम बनाने में सफलता प्राप्त हुई है और कंपनी हमेशा अपने पिछले प्रदर्शन से बेहतर करने का प्रयास करती रही है। पिछले तीन वर्षों में महत्वपूर्ण उपलब्धिया देखी गयी और कंपनी को नयी प्रतिष्ठा प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा और बॉक्साइट के पश्चगामी एकीकरण और प्रतिभूतिकरण ने संगठन के व्यवसाय की अवधि अगले 30 वर्षों के लिए बढ़ा दी है। उल्लेखनीय है कि प्रक्रियाधीन परिशोधक विस्तार और आगामी प्रद्रावक विस्तार योजनाओं को आवंटित कोयला ब्लॉकों के संचालन एवं पोट्टांगी बॉक्साइट खानों की वैधानिक मंजूरी के साथ गति प्रदान की गयी है। स्थापना दिवस समारोह के अंग के रूप में, कंपनी के भूतपूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशकों तथा निदेशकगणों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया, जिनके नेतृत्व और उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने संगठन को सफलता की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## आय असमानता कम हुई, लोगों की आय में बढ़ोतरी का रुझान : एसबीआइ रिसर्च रिपोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** एसबीआइ रिसर्च के एक नए अध्ययन से पता चला है कि हाल के वर्षों में आय असमानता कम हुई है, लोगों की आमदनी बढ़ने और भारतीय मध्यम वर्ग की स्थिति मजबूत होने से ही यह संभव हो पाया है। सीबीडीटी डेटा के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि आयकर का आधार साल दर साल बढ़ रहा है और आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या आकलन वर्ष 2021-22 के 70 मिलियन यानी सात करोड़ से बढ़कर 2022-23 में 74 मिलियन हो गयी है। आकलन वर्ष 2023-24 के लिए 31 दिसम्बर 2023 तक कुल 82 मिलियन आयकर रिटर्न दाखिल की गयी हैं। एसबीआई की रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि 5 लाख रुपये से 10 लाख रुपये के बीच की आय वाले करदाताओं द्वारा दाखिल की गयी आइटीआर में मूल्यांकन वर्ष (एवाई) 2013-14 और 2021-22 में 295 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो कुल आय की उच्च श्रेणी की ओर बढ़ने की ओर सकारात्मक रुझान दर्शाता है। इसी अवधि के दौरान 10 लाख रुपये से 25 लाख रुपये तक की आय वाले लोगों द्वारा दाखिल की गयी आइटीआर की संख्या भी लगभग तीन गुना (291 प्रतिशत) बढ़ गयी है। गिनी गुणांक, आय असमानता के लिए सबसे व्यापक रूप से उपयोग की जाने वाली माप इकाइयों में से एक है। गिनी गुणांक की गणना 0 और 1 के बीच होती है, जहां पूर्ण आय समानता की स्थिति शून्य के गिनी गुणांक से और पूर्ण आय असमानता की स्थिति 1 से दर्शायी जाती है। इस माप का उपयोग करते हुए, एसबीआई रिसर्च ने गणना की है कि आकलन वर्ष 2014-15 के दौरान गिनी गुणांक 0.472 था, जो कम होकर आकलन वर्ष 2022-23 के लिए 0.402 हो गया है।

इस बीच, 10 करोड़ रुपये से अधिक आय वाले शीर्ष 2.5% करदाताओं की हिस्सेदारी 2013-14 के 2.81% से घटकर 2020-21 में 2.28% रह गई है। इसी अवधि के दौरान, 100 करोड़ रुपये से अधिक आय वाले शीर्ष 1% करदाताओं की हिस्सेदारी 1.64% से कम होकर 0.77% रह गयी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आय की असमानता में इसलिए कमी आ रही है, क्योंकि पायदान के निचले हिस्से वाले लोग अब ऊपर उठ रहे हैं। वित्त वर्ष 2014 में आइटीआर फाइल करने वाले 36.3 प्रतिशत वे लोग थे, जो सबसे कम आय वाले समूह में शामिल थे। ये लोग सबसे कम आय वाले समूह से निकल कर आगे बढ़ गए और इस तरह वित्त वर्ष 2014-वित्त वर्ष 2021 के दौरान कम आय समूह से आइटीआर फाइल करने लोग 21.1 प्रतिशत रह गये हैं।

एसबीआइ रिसर्च रिपोर्ट में महिला श्रम बल की बढ़ती भागीदारी, एमएसएमइ के आय स्तर में स्पष्ट बढ़ोतरी और कोविड महामारी के बाद बदलते खपत रुझान को भी दशार्या गया है। इस सिलसिले में लोग दोपहिया वाहनों के स्थान पर चार पहिया वाहनों को अपनाने लगे हैं तथा ट्रैक्टरों की बिक्री में भी इजाफा हुआ है। इस रुझान से भारत की मजबूत आर्थिक बहाली नजर आती है तथा उस के स्वरूप के विकास का मिथक भी टूटा है, जिसके अनुसार कुछ चुने हुए क्षेत्रों में ही बढ़िया कामकाज होता है, जबकि अन्य क्षेत्रों में गिरावट आती है।

## डॉ सत्यानंद पंडा को याद किया गया
# डॉ पंडा के सम्मान में 27 छात्रों को छह वर्षों में छात्रवृत्ति प्रदान की गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्वर।** पारादीप डॉ सत्यानंद पंडा मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा आर्थिक रूप से वंचित शैक्षणिक रूप से प्रतिभाशाली छात्रों को डॉ पंडा की छठी पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में छात्रवृत्ति से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम जनता नोडल स्कूल में हुआ, जिसकी स्थापना डॉ पंडा ने अपने पैतृक गांव झिमनी में जो जगतसिंहपुर जिले के कूजंग ब्लॉक में स्थित है। डॉ पंडा तटीय ओड़िशा के मछुआरा समुदाय पर केंद्रित अनुसंधान के साथ मानव विज्ञान में डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त करने वाले राज्य के पहले व्यक्ति थे। दोनों संस्थानों के कर्मचारियों के अलावा, ट्रस्ट के सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे और उन्होंने डॉ पंडा को श्रद्धांजलि दी। ट्रस्ट द्वारा अब तक क्षेत्र के 27 आर्थिक रूप से पिछड़े मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति दी जा चुकी है। डॉ पंडा ने अपने गांव में और उसके आसपास कई शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना और मार्गदर्शन करने के लिए उत्कल विश्वविद्यालय में एक संकाय सदस्य के रूप में अपना करियर छोड़कर, समाज की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने पारादीप के औद्योगिक क्षेत्र में विस्थापित जमीन के मालिक के साथ भी काम किया और विभिन्न संगठनों के साथ जुड़े रहे। **डॉ पंडा एक प्रखर विद्वान थे** : उन्होंने 10 से अधिक पत्रिकाओं का संपादन किया, दो किताबें लिखीं। बंदरगाह शहर के आसपास के तटीय क्षेत्र के सामाजिक-मानवशास्त्रीय जीवन को चित्रित करने वाली उनकी अंतिम कृति 'हिस्ट्री ऑफ पारादीप' को ट्रस्ट द्वारा 2019 में मरणोपरांत प्रकाशित किया गया था।










| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**